वर्ष 10 अंक 324
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
1 सितंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20




**03** प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी ने सीमा मुद्दे के उचित, पारस्परिक स्वीकार्य..
**06** स्मार्ट डिप्लोमेसी : चतुर्भुज से त्रिकोण तक ! -ऋषभदेव शर्मा
**11** बडोनी का दोहरा शतक, उत्तर क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा


LOHIA WORLDSPACE

LOHIA ONE





NEW MORADABAD

घर हो,
VILLA
JAISA.

3 BEDROOM VILLAS
with Family Lounge and Servant Quarter

EXCLUSIVE VILLA COMMUNITY.


Township Entrance


Ultra-Modern Club House


Temple


Play Area

To know more visit: www.lohiaworldspace.com or
Call +91 70 80 90 60 60

Site Address: Lohia One
Opposite Sector 6, New Moradabad, UP 244102
@lohiaworldspace

Scan QR code for site address

# कच्छ में स्वच्छ ऊर्जा का नया केंद्र, मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने किया अरबों का निवेश

**नयी दिल्ली, (भाषा)** गुजरात के कच्छ रण में पाकिस्तान की सीमा के पास की एक विशाल बंजर भूमि भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं का केंद्र बन गई है, जिसने उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी से कई अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है।



पाकिस्तान सीमा के पास के इस सूखे और बंजर इलाके के लिए सबसे पहले अदाणी समूह ने अपनी बड़ी योजनाओं का ऐलान किया था। उनका खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो पेरिस शहर से करीब पांच गुना बड़ा है।

इसे दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा परियोजना बताया जा रहा है, जिसका लक्ष्य सौर और पवन ऊर्जा के जरिए 30 गीगावाट बिजली पैदा करना है। अदाणी समूह ने खावड़ा में 2022 में काम शुरू किया था और फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय ग्रिड में पहली बिजली की आपूर्ति भी शुरू कर दी। दूसरी ओर, मुकेश अंबानी ने पिछले साल अगस्त में रिलायंस इंडस्ट्रीज की सालाना बैठक में कच्छ में अपनी स्वच्छ ऊर्जा परियोजना की घोषणा की थी। इस साल की बैठक में उनके सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने और भी जानकारी दी।

अनंत अंबानी ने 29 अगस्त को कहा, ''गुजरात के कच्छ में हम दुनिया की सबसे बड़ी एकल-स्थल सौर ऊर्जा परियोजनाओं में से एक विकसित कर रहे हैं, जो 5.5 लाख एकड़ बंजर भूमि में फैली है। यह सिंगापुर के आकार से तीन गुना बड़ी है। परियोजना के चरम समय में हम हर दिन 55 मेगावाट के सोलर मॉड्यूल और 150 मेगावाट-घंटे के बैटरी कंटेनर स्थापित करेंगे। यह दुनिया की सबसे तेज सौर ऊर्जा स्थापनाओं में से एक होगी। यह एकल स्थल आने वाले दशक में भारत की लगभग 10 प्रतिशत बिजली की जरूरतों को पूरा कर सकता है।'' उन्होंने जिस तरह से अपनी परियोजना का ब्यौरा दिया, उससे यह साफ लगा कि वह इसकी तुलना अदाणी समूह की परियोजना से नहीं करना चाहते थे। लेकिन अगर आंकड़ों को देखें, तो 5.5 लाख एकड़ जमीन 2,225 वर्ग किलोमीटर के बराबर होती है, जबकि सिंगापुर का क्षेत्रफल 735.7 वर्ग किलोमीटर है। रिलायंस ने अभी तक यह नहीं बताया है कि इस परियोजना से कुल कितनी बिजली पैदा होगी या यह कब तक पूरी होगी। वहीं, अदाणी ने पहले ही बताया था कि उनकी खावड़ा परियोजना 538 वर्ग किलोमीटर में फैली है।

कच्छ में अरबों डॉलर का निवेश आकर्षित होने का मुख्य कारण यह है कि यह भारत के उन क्षेत्रों में से एक है जहां सबसे अधिक सौर विकिरण (सोलर रेडिएशन) मिलता है। यहां प्रतिदिन औसतन 5.5 से 6.0 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ग मीटर सौर ऊर्जा प्राप्त होती है (लगभग 2,060 से 2,100 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ष)। यहां साल भर में 300 से अधिक दिन धूप वाले होते हैं, जिससे यह क्षेत्र निरंतर और बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए बेहद उपयुक्त बन जाता है।

कच्छ में बड़े पैमाने पर फैली बंजर और अनुपजाऊ जमीन है, जो यूटिलिटी-स्केल (बड़े स्तर की) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती है।

चूंकि यह जमीन कम आबादी वाले इलाकों में है और कृषि कार्य के लिए उपयोग में नहीं आती, इसलिए यहां लोगों के विस्थापन की समस्या बहुत कम होती है और भूमि अधिग्रहण की लागत भी काफी हद तक घट जाती है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अनुसार वहां 5.6 गीगावाट की क्षमता पहले से ही चालू हो चुकी है और 2029 तक यह 30 गीगावाट तक पहुंच जाएगी।

# महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति जी महाराज ने किए पण्डोखर सरकार के दर्शन

## त्रिकालदर्शी दरबार की दिव्यता की प्रशंसा की



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**पण्डोखर (दतिया)।** श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर एवं बगलामुखी पीठाधीश्वर स्वामी श्री वेदमूर्ति पूरी जी महाराज रविवार को अपने शिष्य मंडल के साथ पण्डोखर धाम पहुंचे। यहाँ उन्होंने पण्डोखर धाम पीठाधीश्वर त्रिकालदर्शी संत श्री गुरुशरण जी महाराज से सौजन्य भेंट की और आत्मीय वार्ता की। महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति जी महाराज ने पण्डोखर सरकार के त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार में उपस्थित होकर दरबार की दिव्यता का आनंद लिया। इसके पश्चात उन्होंने श्रीहनुमानजी पण्डोखर सरकार के दर्शन किए और आश्रम परिसर का भ्रमण कर सभी प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए ।इस अवसर पर पण्डोखर धाम पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज तथा धाम के संस्थापक ट्रस्टी मुकेश कुमार गुप्ता (सागर) ने महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति जी महाराज का आत्मीय स्वागत किया।

स्वामी जी ने पण्डोखर सरकार धाम के दरबार की आध्यात्मिक गरिमा और आश्रम परिसर में चल रहे मंदिरों के भव्य निर्माण की हृदय से प्रशंसा की। पण्डोखर धाम में महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति जी महाराज का आगमन श्रद्धालुओं और साधकों के लिए विशेष उत्साह का अवसर रहा।

उनके साथ आए शिष्यमंडल ने भी पण्डोखर सरकार के दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। इस भेंट ने गुरु-परंपरा और संत समाज के बीच आपसी आध्यात्मिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ किया।

# अमेरिका आगमन पर पूज्य आचार्यश्री अवधेशानंद गिरि जी का स्वागत, प्रवासी भारतीयों में उल्लास





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**न्यूयॉर्क।** श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ जू ना पी ठा धी श्व र आ चा र्य म हा म ण्ड ले श्व र अनन्तश्रीविभूषित पूज्यपाद श्री स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज "पूज्य आचार्यश्री जी" के अमेरिका आगमन पर न्यूयॉर्क विमानतल पर भव्य और भावपूर्ण स्वागत हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) के अध्यक्ष एवं जयपुर फुट USA के चेयरमैन आदरणीय श्री प्रेम भंडारी जी, BRUHUD (न्यूयॉर्क की सबसे बड़ी वरिष्ठ नागरिक संस्था) के अध्यक्ष श्री अजय पटेल जी, सदस्य श्री समीर वोरा जी, श्री विनीत नागरानी जी, श्री सुधाकर मेनन जी सहित अनेक विद्वान, प्रमुखजन, बुद्धिजीवी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पहारों और आत्मीय भावनाओं से पूज्य आचार्यश्री का अभिनंदन किया।

पूज्य आचार्यश्री के अमेरिका प्रवास के दौरान न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी, अटलांटा, सानफ्रांसिस्को और लॉस एंजल्स सहित कई नगरों में विविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में सनातन संस्कृति की कालजयी ज्ञान-परंपरा, उसकी अमर दिव्यता और विश्व-कल्याणकारी दृष्टि पर गहन विमर्श तथा प्रेरणादायी प्रवचन होंगे ।इस यात्रा की विशेषता उपनिषदों पर आधारित गहन चिंतन संगोष्ठी और जगद्गुरु श्रीमद् आदि शंकराचार्य द्वारा विरचित "दक्षिणामूर्ति स्तोत्र" पर प्रकाशमय प्रवचनों की श्रृंखला होगी, जिससे साधकगण लाभान्वित होंगे। प्रवासी भारतीय समुदाय में साधकों के साथ संवाद इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि किस प्रकार साधना और जीवन-प्रबंधन में आध्यात्मिक उत्कर्ष तथा दिव्यता का समावेश किया जा सकता है ।पूज्य आचार्यश्री का संदेश है कि सनातन संस्कृति केवल व्यक्ति-कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्त प्राणी-जगत के मंगल के लिए समर्पित है। "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और "लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु" इसके मूल आधारमंत्र हैं और विश्व-कल्याण ही इसका सर्वोच्च लक्ष्य है।

इन्हीं लोकमंगलकारी विचारों और सार्वभौमिक संदेशों को साझा करने के लिए पूज्य आचार्यश्री का यह प्रवास विशेष महत्व रखता है ।इन सभी कार्यक्रमों में भारत के केरल प्रांत की मूल निवासी और वर्तमान में अमेरिका में रह रहीं प्रस्थानत्रयी की परम विदुषी आदरणीया शैला माता जी के भी प्रवचन होंगे। प्रवासी भारतीय समाज इस आध्यात्मिक यात्रा से गहरी ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करने को उत्सुक है।

## ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा भारत: गोयल

**मुंबई, (भाषा)** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा है और इसके लिए यूएई से वित्तीय मदद मांगी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय संभाल रहे गोयल ने इस परियोजना को 500 अरब डॉलर का अवसर बताया। उन्होंने कहा, ''मैं ऑस्ट्रेलिया में अपने समकक्ष के साथ 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा हूं। 10 लाख घर। कोई हिसाब लगाना चाहता है? ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाना कम से कम 500 अरब डॉलर का मौका है।''

गोयल ने इस परियोजना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया में यह घर कहां बनेंगे, ऑस्ट्रेलिया सरकार इस पर कितना पैसा खर्च करेगी, या इस पूरे काम में भारत की क्या भूमिका होगी।

गोयल ने बताया कि भारत सरकार का प्रस्ताव है कि भारतीय कामगारों को ऑस्ट्रेलिया भेजा जाए, जहां उन्हें घर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे वहां के नियमों के अनुसार घर बना सकेंगे। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में घरों की मांग ज्यादा है जबकि आपूर्ति कम है।

# जूनियर पाठशाला प्ले स्कूल और PARWA ने गणेश चतुर्थी पर किया वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जूनियर पाठशाला प्ले स्कूल, सेक्टर पाई और पार्श्वनाथ प्लैटिनम अपार्टमेंट्स रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (PARWA), सेक्टर 31, स्वर्ण नगरी के संयुक्त तत्वावधान में सोसाइटी सेंट्रल पार्क में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जीवन की भलाई के लिए वृक्षारोपण के महत्व को समझाना और समाज में हरियाली के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

आयोजन के दौरान स्कूल के नन्हें बच्चों, शिक्षकों और PARWA के निवासियों ने मिलकर पेड़ों पर गणपति की आकर्षक कलाकृतियाँ बनाईं और गणेश चतुर्थी का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया ।बच्चों को इस अवसर पर बताया गया कि हरे-भरे पौधे न केवल वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाते हैं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।





वृक्षारोपण के माध्यम से जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करने और भावी पीढ़ियों को बेहतर पर्यावरण देने का संकल्प भी लिया गया ।कार्यक्रम में सहभागी निवासियों और अभिभावकों ने बच्चों की पहल की सराहना की और हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## निजी पूंजीगत व्यय 21.5 फीसदी बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना




**मुंबई, (भाषा)** मजबूत घरेलू आर्थिक स्थिति और ब्याज दरों में एक प्रतिशत की कटौती से वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजी निवेश 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अगस्त बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह बात कही गई। 'निजी कॉरपोरेट निवेशः 2024-25 में वृद्धि एवं 2025-26 के लिए संभावनाएं' शीर्षक वाले इस लेख में कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत मजबूत बहीखाते, बेहतर नकदी भंडार, बढ़ी हुई लाभप्रदता और वित्तपोषण के विविध स्रोतों तक बेहतर पहुंच के साथ की है। लेख में यह भी बताया गया कि सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने वाली नीतियां, लगातार घटती महंगाई, कम ब्याज दरें, बाजार में पर्याप्त नकदी की उपलब्धता और उद्योगों द्वारा क्षमता उपयोग में वृद्धि जैसे कारक देश में निजी निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं।

ग्राहक अपने ऑर्डर की जल्द और समय पर डिलीवरी चाहते हैं।

# डीटीडीसी को उम्मीद, कुल कारोबार का 50 प्रतिशत हिस्सा होगा ई-कॉमर्स से

**मुंबई, (भाषा)** कूरियर सेवा प्रदाता डीटीडीसी एक्सप्रेस का लक्ष्य है कि उसका ई-कॉमर्स कारोबार कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचे। कंपनी इन दिनों 'रैपिड कॉमर्स' यानी तेज डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है, क्योंकि आज के ग्राहक अपने ऑर्डर की जल्द और समय पर डिलीवरी चाहते हैं।




कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक चक्रवर्ती ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कंपनी ने इसी महीने अपनी रैपिड कॉमर्स सेवा 'रफ्तार' की शुरुआत की है, जिसमें चार से छह घंटे के अंदर डिलीवरी की जाती है। ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने के लिए, डीटीडीसी एक्सप्रेस अगली तीन तिमाहियों में 125 छोटे गोदाम खोलने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, ''रैपिड कॉमर्स आज के दौर में एक बहुत ही उपयुक्त तरीका है। हम जानते हैं कि क्विक कॉमर्स का मतलब है मिनटों में डिलीवरी, जो तत्काल खरीदारी, जरूरी चीजों और किराना सामान के लिए बहुत बढ़िया है।''

चक्रवर्ती ने कहा, ''मुझे लगता है कि कई ऐसे उत्पाद हैं, जिनके लिए ब्रांडों को एक तेज, टिकाऊ और किफायती समाधान चाहिए। डीटीडीसी यही सुविधा देना चाहती है, ताकि ब्रांडों को ज्यादा पैसे खर्च न करने पड़ें। इस तरह वे सिर्फ बड़े शहरों तक ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों तक भी पहुंच सकेंगे। यही हमारा लक्ष्य है।''उन्होंने बताया कि यह इस साल की शुरुआत में डीटीडीसी द्वारा शुरू किए गए 'विजन 2030' का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''हमारा पारंपरिक कारोबार बहुत मजबूत और स्थिर है और उससे अच्छी कमाई भी होती है। लेकिन, हम जानते हैं कि नई मांगें और ग्राहक की जरूरतें अब नए क्षेत्रों में बढ़ रही हैं और इन्हीं में कंपनी अपना भविष्य देखती है।''

कंपनी ने अपने 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के साथ मिलकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत का ई-कॉमर्स बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस समय इसका कुल व्यापार मूल्य लगभग 80 अरब डॉलर से ऊपर पहुंच गया है और यह हर साल लगभग 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

इस तेजी के पीछे डिजिटल तकनीक का बढ़ता उपयोग और ग्राहकों की बढ़ती खरीदारी ताकत है। 60 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक उसी दिन डिलीवरी के लिए ज्यादा पैसे देने को तैयार हैं। भारत में यह बाज़ार 2030 तक 15 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## चीन विशेष उर्वरक निर्यात पर प्रतिबंध फिर लगाएगा: एसएफआईए

**नयी दिल्ली,(भाषा)** भारत का विशेष उर्वरक उद्योग आपूर्ति संबंधी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात प्रतिबंध फिर से लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने शनिवार को कहा कि ऐसे में कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। चीन से विशेष उर्वरक निर्यात की अस्थायी बहाली के चलते राहत मिली है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी, क्योंकि बीजिंग अगले महीने से निरीक्षण बढ़ाकर और खेप में देरी करके निर्यात नियंत्रण कड़ा करने की योजना बना रहा है। घुलनशील उर्वरक उद्योग संघ (एसएफआईए) के अध्यक्ष राजीब चक्रवर्ती ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''यह एक अस्थायी समाधान है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात खिड़की बंद कर रहा है। वे इसे केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व बाजार के लिए बंद कर देंगे।''

भारत और चीन के बीच मुद्दे फिलहाल सुलझ गए हैं, लेकिन प्रतिबंधों का सिलसिला फिर से शुरू होने की आशंका है। चक्रवर्ती ने कहा, ''एक बार जब वे आपूर्ति रोक देते हैं या उस पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर देते हैं, तो वे इसे पूरी तरह से नहीं रोकते। वे निरीक्षण लगाकर और खेपों में देरी करके इसे सीमित कर देते हैं। इसलिए यह प्रक्रिया अक्टूबर से फिर शुरू होगी।''

भारतीय विशेष उर्वरक कंपनियां मौजूदा एक महीने के दौरान पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। वैश्विक सोर्सिंग कंपनियां प्रतिबंध लागू होने से पहले अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय तक काम कर रही हैं। उद्योग को उम्मीद है कि मध्य सत्र तक स्वदेशी आपूर्ति उपलब्ध हो जाएगी, जिससे आपूर्ति की कुछ बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है।





## सरकार अमेरिकी शुल्क से निर्यातकों को बचाने के लिए लगातार काम कर रही: सीईए


**कोलकाता/नयी दिल्ली, (भाषा)** केंद्र सरकार, अमेरिका के अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क से निर्यात क्षेत्रों को बचाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर लगातार काम कर रही है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को यह बात कही। अमेरिका ने 27 अगस्त से अपने यहां आने वाले भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है।

नागेश्वरन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संकट चाहे छोटा हो या बड़ा, अक्सर उत्प्रेरक का काम करता है। इससे सरकार, निजी क्षेत्र और परिवार सहित समाज-व्यवस्था के सभी वर्ग जरूरी कार्रवाई करने के लिए सक्रिय होते हैं। उन्होंने कहा कि शुल्क लागू होने के बाद ''पिछले तीन-चार दिनों से विभिन्न निर्यात और प्रतिनिधि निकायों, निजी क्षेत्र की निर्यात संवर्धन एजेंसियों और मंत्रालयों के साथ बातचीत चल रही है।'' नागेश्वरन ने आईसीसी के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न मंत्रालय और वित्त मंत्रालय एक रणनीति तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कवायद का मुख्य लक्ष्य प्रभावित निर्यात क्षेत्रों और इकाइयों को वित्तीय सहायता के साथ ही अन्य सुविधाएं देना है। इस सहायता से उन्हें मौजूदा संकट का सामना करने और इससे मजबूती के साथ उबरने में मदद मिलेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि वह सरकार की योजना के बारे में अधिक जानकारी देने की स्थिति में नहीं हैं।

# जय प्रभा कुटीर की एक से अष्टादश की यात्रा कैसे हुई?



अगस्त मास का अंतिम दिन कल से बाबा का जन्म का माह सितंबर शुरू होगा। आज दैनिक स्वाध्याय का 15 वां अध्याय भूदान आरोहण का विराम कर रहा हूं। और कल से बाबा के जीवन से जुड़ी पुस्तक अहिंसा की तलाश की शुरुआत होगी। बाबा के जीवन को थोड़ा और गहराई से पढ़ने का मन बना हुआ है।। *। *। रामहरि। श्वास यानी अंदर लेना और उच्छ्वास है, बाहर छोड़ना। तो अंदर श्वास लेते हुए राम और बाहर श्वास छोड़ते समय हरि । हरि यानी हरण करने वाला, साफ करने वाला। तो विज्ञान की दृष्टि से होगा - श्वास लेते समय राम कहो यानी स्वच्छ हवा अंदर लो और श्वास छोड़ते समय हरि कहो यानी खराब हवा छोड़ो। तो 'राम-हरि, राम-हरि' किया जाये। इसका आध्यात्मिक अर्थ क्या होगा? राम कहते समय भगवान की भक्ति बढ़ाना और हरि कहते समय चित्त की वासनाओं को खतम करना। 'राम' = भक्ति बढ़ाना, 'हरि' = वासनाएं खतम करना।*। *। विनोबा। *। मौन संकल्प का ।दूसरा चरण 11 मई से 11 अक्टूबर 25 जयप्रकाश जयंती तक जय प्रभा कुटीर छीतेपुर जो विनोबा सेवा आश्रम से 11 किलोमीटर अंदर दूर है। इस स्थान का सौभाग्य है कि आध्यात्मिक प्रतिभाएं , जन नेता, प्रशासनिक अधिकारी आ चुके हैं। शिलान्यास 15 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री श्री अवधेश कुमार वर्मा के कर कमलों से 2011 में हुआ था। लोकार्पण उत्तर प्रदेश शासन के



कैबिनेट मंत्री श्री राजेंद्र चौधरी ने वर्ष 2013 में किया था। गांधी जयंती 2022 को उत्तरप्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आशीर्वाद मिला था। गत वर्ष ग्यारहवें स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार खन्ना वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री उत्तरप्रदेश का आगमन हुआ था। वर्ष 2011 में स्थान सेवाधाम मंदिर के उद्घाटन हेतु हुआ था। वर्ष 2011 में जमनालाल बजाज पुरस्कार प्राप्त कर जब हम और विमला बहन वापस आए तो इस स्थान की व्यवस्था कर ऊबड़खाबड़ जमीन को समतल कर बिहार झारखंड की यात्रा से लौटकर जब आना हुआ था। राष्ट्रीय हरिजन सेवक संघ के अ जीध्यक्ष डा शंकर कुमार सान्याल और उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास का दिल्ली से आना हुआ था। उस दिन से वहां श्री सभापति पाठक के साथ रहना प्रारंभ हुआ। धीरे धीरे कुटीर में निम्न आवश्यकता पूर्ति हो पाई है।

1_अन्नपूर्णा भवन प्रसाद कक्ष 02_चार आवास !सत्य , प्रेम ,करुणा, रामहरि, नाम से 05_अतिथि कक्ष 06_स्वागत कक्ष 07_ पांच बड़े हॉल दिव्यांग सेवा कक्ष 08_बाल ।शिक्षण कक्ष 09_महिला शिल्प कला कक्ष 10_वृद्ध देखभाल कक्ष 11_

स्वाबलंबन कक्ष 12_आरोग्य सेवा कक्ष। 13_कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्ष 14_बाल संस्कार कक्ष 15_ विन्या क्रीड़ांगन केंद्र 16_ ऋषि कृषि वाटिका 17 अष्टादशी बाल उपवन । 18_ सामूहिक प्रसाधन कक्ष और अंत में है कुटीर वृहत द्वार। *। इस वर्ष भी आने वाला है जय प्रभा कुटीर का स्थापना दिवस 11 अक्टूबर को। कुटीर परिवार और गांव के लोगों को स्मरण ही रहता है कि इस दिन एक तो बहुत बड़ा मेगा आई कैंप मोतियाबिंद ऑपरेशन का सीतापुर आंख अस्पताल की टीम करती ही है। हर वर्ष कुछ नया इतिहास भी बनता है। गत वर्ष विनोबा जयंती पर श्री जयेश भाई पटेल का आना हुआ था। उन्होंने बाद में कहा कि छीतेपुर मेरे मन में बस गया है ।अगली बार यहां आकर गांव में रहना है। सभी लोग उसकी प्रतिक्षा में हैं कि देश भर के साथी वहां पर आएं और सुंदर शिविर करें। बाबा की अनुकम्पा से जरूर कभी ऐसा ।अवसर आएगा। अभी दो माह मौन संकल्प यहीं चलने वाला है। अभी मेरे साथ श्री बृजेंद्र अवस्थी (दिव्यांग) और दृष्टिहीन अंशु भाई प्रवास कर रहे हैं। बहुत सुंदर है। वर्तमान में बच्चों के लिए क्रीड़ांगन, बुजुर्गों के लिए देखभाल केंद्र, महिलाओं के लिए सिलाई केंद्र, युवकों के लिए कंप्यूटर केंद्र और संस्कार केंद्र के लिए सीट बैंच की व्यवस्था हुई है।

वर्ष 10 अंक 324
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
1 सितंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in
DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

05 ग्राम पंचायत गढ़ा में नाले के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा... 06
11 बडोनी का दोहरा शतक, उत्तर क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा







# प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी ने सीमा मुद्दे पर पारस्परिक स्वीकार्य समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**भारत और चीन के बीच 'दोस्ती' सही विकल्प है: शी चिनफिंग ने मोदी से कहा**

**तियानजिन**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भारत-चीन सीमा मुद्दे के "निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य" समाधान की दिशा में काम करने पर रविवार को सहमति जताई। उन्होंने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को विस्तार देने का संकल्प भी लिया।

उत्तरी चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर मोदी और शी के बीच यह बातचीत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की टैरिफ संबंधी नीति से वैश्विक अर्थव्यवस्था में पैदा हुई उथल-पुथल की पृष्ठभूमि में हुई। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक बातचीत में मुख्य रूप से व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन संबंधों के लगातार विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और सौहार्द के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली "आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता" के आधार पर बीजिंग के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने तथा व्यापार घाटे में कमी लाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों पर साझा आधार का विस्तार करने की सहमति व्यक्त की।



मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य में कहा, "हमारा सहयोग दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हितों से जुड़ा है। इससे समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।"

विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि मोदी और शी ने विश्व व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार किया और द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देने तथा व्यापार घाटे में कमी लाने के लिए राजनीतिक और रणनीतिक रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

बयान में कहा गया है, "प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन दोनों ही सामरिक स्वायत्तता चाहते हैं तथा उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए।"

इसमें कहा गया है, "दोनों नेताओं ने आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों पर साझा आधार को विस्तार देने को आवश्यक बताया।"

मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में शी के साथ अपनी बातचीत को "फलदायी" करार दिया। उन्होंने लिखा, "हमने कजान (रूस) में अपनी पिछली बैठक के बाद भारत-चीन संबंधों को मिली सकारात्मक गति की समीक्षा की। हमने माना कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना अहम है। हमने आपसी सम्मान, हितों और संवेदनशीलता पर आधारित सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।" भारत और चीन ने जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ी तल्खी को दूर करने के लिए हाल के महीने में कई कदम उठाए हैं।

मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में शनिवार शाम जापान से तियानजिन पहुंचे थे। यह सात साल से अधिक समय में मोदी की चीन की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में कजान में उनकी और शी की मुलाकात के बाद भारत-चीन सीमा पर शांति एवं स्थिरता का माहौल कायम है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "दोनों नेताओं ने अक्टूबर में कजान में हुई अपनी पिछली बैठक के बाद द्विपक्षीय संबंधों को मिली सकारात्मक गति और उसमें हो रही निरंतर प्रगति का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश विकास साझेदार हैं, न कि प्रतिद्वंद्वी और उनके मतभेद विवादों में नहीं बदलने चाहिए।"

मंत्रालय ने कहा, "भारत, चीन और उनके 2.8 अरब लोगों के बीच आपसी सम्मान, हित एवं संवेदनशीलता पर आधारित स्थिर संबंध तथा सहयोग, दोनों देशों की वृद्धि और विकास के साथ-साथ 21वीं सदी के रुझानों के अनुरूप बहुध्रुवीय दुनिया और बहुध्रुवीय एशिया के लिए आवश्यक हैं।"

# नड्डा मुंबई में गणेश पंडाल पहुंचे मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति के लिए कामना की



**भगवान गणेश ज्ञान के देवता हैं और जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करते हैं**

**मुंबई**, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि उन्होंने यहां एक गणेश पंडाल का दौरा किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा।

नड्डा ने पत्रकारों से कहा, ''हम सभी जानते हैं कि भगवान गणेश ज्ञान के देवता हैं और जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करते हैं। गणेश उत्सव के दौरान शहर की यात्रा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।''

महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख अमित साटम उनके साथ थे।

नड्डा ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने 1893 में गणेश उत्सव के दौरान सार्वजनिक समारोह आयोजित करने की शुरुआत की थी, जिसने बाद में स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, ''अब इसके 133 वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम एक आत्मनिर्भर, मजबूत, सुरक्षित, समृद्ध और विकसित भारत बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। मैंने भगवान गणेश से बाधाओं को दूर करने और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमें शक्ति प्रदान करने का आशीर्वाद मांगा।'' बाद में नड्डा ने 'एक्स' पर लिखा, ''गणेश उत्सव के पावन अवसर पर, आज मुझे मुंबई के चंद्रलोक गणपति मंडल में विघ्नहर्ता के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।'' उन्होंने कहा, ''इस अवसर पर मैंने भी आम जनता और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री जी के 125वें 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।''

नड्डा ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से उनके सरकारी आवास राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राजभवन में स्थापित भगवान गणेश के दर्शन किए। बयान के अनुसार, दोनों ने राजभवन में क्रांतिकारियों के भूमिगत बंकर संग्रहालय 'क्रांतिगाथा' की यात्रा की। बाद में, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य मंत्री आशीष शेलार के साथ लालबागचा राजा पंडाल पहुंचे।




## न्यूज ब्रीफ

### धौलीगंगा परियोजना की सुरंगों के मुहाने पर भूस्खलन, अंदर फंसे एनएचपीसी के सभी 19 कर्मचारी निकाले

**पिथौरागढ़**, (भाषा) उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला के पास ऐलागाड़ क्षेत्र में रविवार को मूसलाधार बारिश के कारण २८० मेगावाट की धौलीगंगा विद्युत परियोजना की सुरंगों के मुहाने पर हुए भारी भूस्खलन से बिजलीघर के अंदर फंसे राष्ट्रीय जलविद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी) के सभी 19 अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन से परियोजना की दोनों सुरंगों-सामान्य और आपातकालीन को जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया था जिससे बिजलीघर के अंदर काम कर रहे 19 अधिकारी और कर्मचारी फंस गए थे। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल जिला प्रशासन, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) तथा सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की संयुक्त टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

# भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान, आईएमडी ने बाढ़-भूस्खलन की चेतावनी दी

**नयी दिल्ली**, (भाषा) भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। इस बार मानसून के मौसम में देश के कई हिस्सों में पहले ही भारी बारिश की वजह से आपदाएं आ चुकी हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि सितंबर 2025 के लिए मासिक औसत वर्षा 167.9 मिलीमीटर के दीर्घकालिक औसत से 109 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। पूर्वानुमान के अनुसार, अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक वर्षा होगी। हालांकि, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों, साथ ही सुदूर दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी भारत के हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि भारी वर्षा से सितंबर में उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ सकती है तथा दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली और उत्तरी राजस्थान में सामान्य जनजीवन बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा, 'उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं। इसलिए, भारी बारिश का मतलब है कि कई नदियां उफान पर होंगी और इसका असर निचले इलाकों के शहरों और कस्बों पर पड़ेगा। इसलिए, हमें इसे ध्यान में रखना चाहिए।' महापात्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महानदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भी भारी बारिश का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 1980 के बाद से सितंबर में बारिश में मामूली वृद्धि का रुझान रहा है, 1986, 1991, 2001, 2004, 2010, 2015 और 2019 में इस महीने में कम बारिश को छोड़कर। महापात्र ने कहा कि राजस्थान से मानसून वापसी की सामान्य तिथि एक सितंबर से बदलकर 17 सितंबर हो गई है, जिससे स्वयं संकेत मिलता है कि सितंबर में वर्षा की गतिविधि बढ़ गई है।



# हिमाचल प्रदेश के चार से छह जिलों में मंगलवार तक के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया

**शिमला**, (भाषा) हिमाचल प्रदेश के चार से छह जिलों में भारी से लेकर अत्यंत भारी बारिश के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इसी के साथ भूस्खलन, अचानक बाढ़, भूधंसाव, जलभराव और जलाशयों के उफान पर होने की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग ने रविवार को ऊना, बिलासपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर में अलग-अलग स्थानों पर आंधी के साथ मूसलाधार बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में तथा मंगलवार को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

आंकड़ों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में अगस्त 2025 में 72 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

इसके मुताबिक राज्य में इस मौसम की औसत 256.8 मिमी बारिश के मुकाबले 440.8 मिमी बारिश हुई। पांच जिलों, कुल्लू (162 प्रतिशत), शिमला (126 प्रतिशत), ऊना (121 प्रतिशत), सोलन (118 प्रतिशत) और चंबा (104 प्रतिशत) में सामान्य से 100 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।



हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है और तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 822 सड़कों पर यातायात रोकना पड़ा है।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों - ओल्ड हिंदुस्तान तिब्बत रोड, मंडी-धरमपुर रोड और औट-सैंज रोड सहित कुल 822 सड़कें बंद हैं। उन्होंने बताया कि नैतर और भाग नदियों में अचानक आई बाढ़ के कारण मनाली-नग्गर-कुल्लू मार्ग बाधित हो गया है और वहां मरम्मत कार्य जारी है।

# लापता दो लड़कों का शव नहर में मिला

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीरपुर इलाके से शनिवार को लापता हुए दो लड़कों के शव रविवार को जेजे कॉलोनी के पास एक नहर से बरामद किए गए।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान वैभव (11) और यश (12) के रूप में हुई है, जो वजीरपुर के जेजे कॉलोनी के निवासी थे और छठी कक्षा में पढ़ते थे। पुलिस के मुताबिक दोनों लड़के करीबी दोस्त थे और शनिवार शाम करीब छह बजे से लापता थे।

# लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करने वाली संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला**, (भाषा) दूरदराज के गांवों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करने वाली भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' को 2025 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेताओं में शामिल किया गया है। रविवार को इसकी घोषणा की गई।

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार फाउंडेशन (आरएमएएफ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली', जिसे व्यापक रूप से 'एजुकेट गर्ल्स' के नाम से जाना जाता है, ने रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय संगठन बनकर इतिहास रच दिया है।

एशिया का नोबेल माना जाने वाला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, एशिया के लोगों की निःस्वार्थ सेवा में दिखाई गई महान भावना को मान्यता देता है। अन्य दो विजेताओं में मालदीव की शाहिना अली को उनके पर्यावरण संबंधी कार्यों के लिए और फिलीपीन के फ्लेवियानो एंटोनियो एल विलानुएवा को उनके योगदान के लिए चुना गया है।



बयान में कहा गया कि 2025 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेताओं को फिलीपीन के पूर्व राष्ट्रपति रेमन मैग्सायसाय की फोटो वाला एक पदक, प्रशस्ति पत्र के साथ प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार दिया जाएगा।


मनीला के मेट्रोपोलिटन थिएटर में 67वां रेमन मैग्सेसे पुरस्कार समारोह सात नवंबर को आयोजित किया जाएगा। आरएमएएफ के बयान में कहा गया कि ''लड़कियों और युवा महिलाओं की शिक्षा के माध्यम से सांस्कृतिक रूढ़िवादिता को दूर करने, उन्हें निरक्षरता के बंधन से मुक्त करने और उनके दक्षता विकास, साहस, ज़ज्बा बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए'' 'एजुकेट गर्ल्स' को यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

'एजुकेट गर्ल्स' की स्थापना 2007 में 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स' की स्नातक सफीना हुसैन ने की थी, जो उस समय सैन फ्रांसिस्को में कार्यरत थीं। उन्होंने महिला निरक्षरता की चुनौती का सामना करने के लिए भारत लौटने का निर्णय लिया। बयान में कहा गया, ''राजस्थान से शुरूआत करते हुए, 'एजुकेट गर्ल्स' ने लड़कियों की शिक्षा के मामले में सबसे जरूरतमंद समुदायों की पहचान की, स्कूल न जाने वाली लड़कियों को कक्षा में पहुंचाया और उन्हें तब तक वहां रखने के लिए काम किया जब तक कि वे उच्च शिक्षा और लाभकारी रोजगार के लिए योग्यता हासिल करने में सक्षम नहीं हो गईं।''

वर्ष 2015 में, इसने शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया का पहला 'डेवलपमेंट इम्पैक्ट बॉन्ड' (डीआईबी) शुरू किया, जिसका उद्देश्य वित्तीय सहायता को परिणामों से जोड़ना था। आरएमएएफ ने कहा, ''इसकी शुरुआत 50 ग्रामीण स्कूलों से हुई। यह संस्था भारत के सबसे वंचित क्षेत्रों के 30,000 से ज़्यादा गांवों तक पहुंची, जिनमें 20 लाख से ज़्यादा लड़कियां शामिल हुईं और जिनकी पढ़ाई जारी रखने की दर 90 प्रतिशत से ज़्यादा रही।''

# जरांगे की प्रतिक्रिया के बाद चंद्रकांत पाटिल ने अपना रुख किया नरम, 'अच्छा दोस्त' बताया

**मुंबई**, (भाषा) भाजपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने रविवार शाम मराठा आरक्षण पर अपना रुख नरम करते हुए खुद को मनोज जरांगे का ''अच्छा दोस्त'' बताया। पाटिल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ घंटे पहले ही जरांगे ने उन पर समुदाय के बारे में गलत बयान देने का आरोप लगाया था। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि जरांगे की कुछ मांगों को पूरा किया जा सकता है। इससे पहले, सोलापुर जिले में पाटिल ने कहा था कि मराठा समुदाय को कभी छुआछूत का सामना नहीं करना पड़ा और वे जातिगत रूप से पिछड़े नहीं हैं, लेकिन जोतों का आकार घटने और घटती कृषि आय ने समुदाय के सदस्यों को वित्तीय संकट में डाल दिया है। पाटिल ने सुबह संवाददाताओं से कहा था, 'समस्या उस वक्त शुरू हुई जब कृषि आय में गिरावट आई और मराठा परिवार अपने बच्चों के लिए महंगी मेडिकल पढ़ाई जैसी बेहतर शिक्षा का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं।



# बरेली की जेल में सजा काट रहा मेरठ का कैदी फांसी के फंदे पर लटका, जेल प्रशासन में हड़कंप



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। केंद्रीय कारागार बरेली (सेंट्रल जेल-2) में शनिवार को एक बंदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अंकित पुत्र अशोक, निवासी ग्राम गंगोल, थाना परतापुर, मेरठ के रूप में हुई है। अंकित छेड़खानी के मामले में मेरठ की जेल में बंद था और लंबे समय से सजा काट रहा था।

**जेल प्रशासन में हड़कंप, जांच में खुलासा लापरवाही:** सूचना मिलने के बाद जेल प्रशासन, पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि अंकित ने रात 29-30 अगस्त, 2025 की दरमियानी रात लगभग 01:55 बजे, अपने सेल नंबर 04 में फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। इस दौरान तैनात हेड जेल वार्डर श्री राजेन्द्र सिंह और जेल वार्डर श्री प्रवीन चौधरी ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी देर बाद ही अंकित ने पुनः कपड़े से फंदा लगाकर अपनी जान ले ली।

जांच में यह भी सामने आया कि सर्वर रूम में तैनात जेल वार्डर श्री राजेश कुमार ने अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरती। बंदी द्वारा प्रयोग किए गए कपड़े को हटाया नहीं गया और उसकी मानसिक स्थिति की जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई।

जेल अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी कर्मियों ने अपनी ड्यूटी का ठीक से पालन किया होता तो यह आत्महत्या रोकी जा सकती थी।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कारण:** पुलिस का कहना है कि मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच जारी है।

**जेल के अंदर हलचल**
घटना के बाद जेल परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। अन्य बंदियों में भी चर्चा छा गई, जिससे जेल प्रशासन सतर्क हो गया।

**परिजनों का आरोप: झूठा मामला और मानसिक कष्ट**
मृतक के परिजन बरेली पहुंचे और चाचा जगस्वरूप, जो बसपा के मंडल अध्यक्ष हैं, ने आरोप लगाया कि अंकित पर छेड़खानी का झूठा केस दर्ज किया गया था, जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से आहत था और इस कदम को मजबूर हुआ।

**अनुशासनहीनता के कारण निलंबन और कार्यवाही**
इस गंभीर घटना के मद्देनजर जेल प्रशासन ने हेड जेल वार्डर श्री राजेन्द्र सिंह और जेल वार्डर श्री प्रवीन चौधरी को निलंबित कर दिया है। वहीं, जेल वार्डर श्री राजेश कुमार के खिलाफ कठोर अनुशासनिक और विभागीय कार्यवाही की सिफारिश की गई है।

# पति की शराबखोरी और अवैध संबंधों से तंग आकर पत्नी ने थाने में दी तहरीर

- सास भी करती है प्रताड़ित पाई पाई को किया मोहताज गाली गलौज कर घर से निकला

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम फरीदापुर इनायतखां निवासी मानसी पटेल ने अपने पति सत्यवीर पटेल और सास मुन्नी देवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। महिला का आरोप है कि उसका पति शराब पीकर आए दिन गाली-गलौज और मारपीट करता है। यहां तक कि उसे घर से कई बार निकाल चुका है। पति का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध भी है, जिसके चलते वह लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न कर रहा है।

शादी को 14 साल हो चुके, तीन बच्चों की मां है पीड़िता



मानसी पटेल ने बताया कि उसकी शादी को 14 साल हो चुके हैं और उसके तीन बच्चे हैं। लेकिन पति न तो बच्चों का पालन-पोषण करता है और न ही उसे खर्चा देता है। जब भी वह खर्चे के लिए पैसे मांगती है तो वह गाली-गलौज कर मारपीट करता है और कहता है कि ₹अगर खर्चा चाहिए तो अपने मायके से लेकर आ।

**कई बार समझौते के बाद भी नहीं सुधरा पति:** महिला का कहना है कि उसका पति सत्यवीर पटेल एक साल से मीरा गुरुग की एक महिला के साथ अवैध संबंध में है। इस वजह से वह पत्नी को प्रताड़ित करता है। 7 अगस्त को थाना बिथरी चैनपुर में दोनों के बीच समझौता भी हुआ था, लेकिन इसके बाद भी मारपीट और उत्पीड़न जारी रहा।

महिला ने आरोप लगाया कि 28 अगस्त को पति ने कोर्ट के जरिए मायके (नकटिया, थाना कैंट) पर तलाक का नोटिस भिजवाया। अगले ही दिन 29 अगस्त की दोपहर करीब 3 बजे पति ने उसे फिर से मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने प्रार्थना पत्र पर जांच की। जांच अधिकारी एसआई अंकुर ने प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए। इसके बाद अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। SHO ने भी मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।

## लड़की देख ली हमारी, अब शादी ना करो, हिम्मत कहां तुम्हारी

# वैचारिक मतभेद के कारण आपसी रजामंदी से शादी टली

- रंगदारी मांगने एवं झूठे मुकदमे की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना-बारादरी क्षेत्र के शिव गार्डन कॉलोनी निवासी सुधीर कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र ऋषभ कुमार का विवाह सम्बन्ध रतनेश कुमारी पुत्री रामपाल सिंह निवासी मोहल्ला आजाद नगर, थाना-बहेड़ी, जिला-बरेली के साथ तय हुआ था। 11 जून को रिंग सेरेमनी भी हो चुकी थी, लेकिन वैचारिक मतभेद के चलते दोनों




पक्षों ने आपसी सहमति से 24 जुलाई को नोटरीकृत समझौता कर विवाह सम्बन्ध समाप्त कर दिया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अब रतनेश के पिता रामपाल सिंह उनसे दो लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। आरोप है कि रुपये न देने पर वे दहेज एक्ट में झूठा मुकदमा दर्ज करवाकर पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकी दे रहे हैं।

सुधीर कुमार ने बताया कि 24 अगस्त को दोपहर रामपाल सिंह अपने पुत्र जितेन्द्र, रिश्तेदार अशोक कुमार और एक अन्य व्यक्ति के साथ उनके घर पहुँचे और बेटे पर पुनः विवाह के लिए दबाव बनाने लगे। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए धमकाया गया कि यदि 2 लाख रुपये नहीं दिए तो पूरे परिवार को फँसाया जाएगा।

पीड़ित का कहना है कि रामपाल सिंह लगातार धमकी देकर रुपये की मांग कर रहे हैं, जिससे उनका परिवार भयभीत है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# डिजिटल क्राप सर्वे की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

- डिजिटल क्राप: मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से बोई गई फसल की जानकारी एकत्र करने के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण प्रणाली

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी

बरेली, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस देर शाम डिजिटल क्राप सर्वे की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि




डिजिटल क्राप सर्वे में अभी कुछ तहसीलों में आई.डी. एक्टिव नहीं हो पायी हैं जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र आई.डी. एक्टिव करने साथ ही के निरन्तर मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे सरकार की प्रमुख प्राथमिकता में से एक है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में निर्देश दिये कि जो लोग डिजिटल क्राप सर्वे कार्य में लगे हैं उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए, जिससे वह अपने कार्य को शीघ्र व समयान्तर्गत समाप्त कर लें। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा डिजिटल क्राप सर्वे की आई.डी. जनरेट करने की अन्तिम तारीख 06 सितम्बर है। समस्त ए.डी.ओ. पंचायत को निर्देश दिये गए कि सप्ताह में एक बार निरीक्षण करते रहें, जिससे सुधार आ सके। बैठक मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित समस्त उपजिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी, बकाया धनराशि हड़पने, धमकी एवं धार्मिक टिप्पणी पर रिपोर्ट दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मोहल्ला मुंशी नगर निवासी मोहम्मद हुसैन उर्फ छोटे मियाँ ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह मण्डी समिति पीलीभीत में आढ़त व सब्जी की सप्लाई का काम करता है।

आरोप है कि गौरव ज्याला उर्फ गौरी, निवासी थाना जाजरदेवल, जिला पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड), वर्ष 2021-22 में सब्जी की गाड़ियाँ मंगाकर ?5,57,400/- की बकाया राशि हड़प




गया। थाने में शिकायत करने पर आरोपी ने गवाहों की मौजूदगी में पैसा लौटाने का वायदा किया और लिखित समझौते के बाद पीड़ित ने शिकायत रोक दी। इसके बाद कुछ समय तक लेन-देन हुआ, लेकिन बाद में आरोपी ने वर्ष 2023 में 1,76,128/- की राशि भी रोक ली।

पीड़ित का कहना है कि जब वह पैसे मांगने पिथौरागढ़ गया तो आरोपी ने धमकाया कि ह्लयह पिथौरागढ़ है, यहाँ तुझे कोई पैसा नहीं मिलेगा, यहाँ से चला जा। मजबूरी में वह वापस बरेली लौट आया।

आगे बताया गया कि 21 फरवरी 2025 को एक व्यापारी परिचित की मौजूदगी में गौरव ज्याला से फोन पर बात हुई, जिसके दौरान आरोपी ने पीड़ित को गंदी-गंदी गालियाँ दीं, उसके मजहब पर अपमानजनक टिप्पणी की, ह्यमुल्लाह्ल कहकर ठेस पहुँचाई और जान से मारने की धमकी दी।

शिकायतकर्ता का कहना है कि वह एक सम्मानजनक व्यक्ति है, लेकिन आरोपी लगातार धोखाधड़ी, गाली-गलौज और धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। इस सम्बन्ध में पहले भी 24 फरवरी को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर जांच पीड़ित के पक्ष में आयी, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# प्रखर गोयल को मिली मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री, परिवार में खुशी का माहौल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

अमरोहा। शहर के मोहल्ला कोट निवासी कारोबारी अतुल कुमार अग्रवाल के पुत्र प्रखर गोयल को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। बीते दिन हरियाणा के सोनीपत में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एक सम्मान समारोह में प्रोफेसर बंदना शर्मा ने उन्हें डिग्री देकर सम्मानित




किया। प्रखर गोयल ने इससे पहले बीबीए का कोर्स टी एम आई टी मुरादाबाद से किया था। इसके बाद वह पढ़ाई के लिए सोनीपत चले गए। प्रखर गोयल की मां संगीता अग्रवाल होम ग्रहणी है और पिता अतुल अग्रवाल एक बिजनेश मैन है।

प्रखर गोयल का एक बड़ा भाई भी है ? जो कंप्यूटर में मास्टर डिग्री करने के पक्षत अपने पिताजी के साथ व्यापार देख रहा है।

# शिव नाम जपने से पापों से मिलती है मुक्तिः पं. नवीन प्रसाद नौटियाल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। नगर के प्राचीन रियासत मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित नवीन प्रसाद नौटियाल ने शिव पुराण में रूद्र संहिता का वर्णन करते हुए कहा कि संपूर्ण ब्रह्मांड की उत्पत्ति भगवान शिव द्वारा हुई है। जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। जो भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो वह भाग्यवान है। जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग ? के प्रभाव से बच जाता है। कहा कि शिव पुराण भगवान शिव द्वारा रचित है और महर्षि वेद व्यास ने इसे संजोया है। इसमें सात संहिताओं का वर्णन, 24 हजार दिव्य मंत्रों का समन्वय है। भगवान शिव ने नंदी को शिव पुराण श्रवण कराया है। कथा वाचक ने कहा कि



जब ब्रह्मा व विष्णु में कलह हुआ कि हम में कौन श्रेष्ठ है। तब दोनों के बीच में लिंग के रूप में एक स्तंभ प्रकट हुआ। जो भगवान शंकर थे। इस शिव लिंग में से ऊँ की ध्वनि निकली। सारा विश्व ऊँ में ही समाहित है। यह मंत्र शिव ने ब्रह्मा व विष्णु को प्रदान किया। जिसमें ब्रह्मा को सृष्टि का निर्माण व विष्णु को पालन के कार्य का दायित्व सौंपा। उसके बाद ही सृष्टि आरंभ हुई। कथा वाचक ने कहा कि भगवान शिव की माया से मोहित होकर जब नारद मुनि को बंदर का रूप प्राप्त हुआ। तब शिव गणों ने नारद की हंसी उड़ायी थी। जिससे आक्रोशित होकर नारद ने शिव गणों को राक्षस होने का श्राप दिया। तब भगवान विष्णु के कहने पर नारद मुनि ने शिव तीर्थो का भ्रमण किया। ब्रह्मा जी ने शिव जी की पूजा व प्रतिष्ठा के विषय में नारद जी को बताया। उसके बाद नारद जी ऊँ नमः शिवाय का जाप करने लगे। कथा वाचक ने कहा कि शिव नाम से जीव के सारे पाप धूल जाते है। भगवान शंकर अपने भक्तों को शिव धाम की प्राप्ति कराते है। इस मौके पर करूरेश गोयल, रमेश चंद्र गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, अनिता बंसल, दीपक बंसल, मन्नत बंसल, नीरज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनीता जिंदल, मुक्ता अग्रवाल, जागेश्वर गोयल आदि मौजूद रहे।

# किसानों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना होगा, हम संस्कारी हैं कमजोर नहीः वीरेश

- भारतीय किसान संघ का प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मसवासी । भारतीय किसान संघ ने विकास खण्ड स्वार के गांव रहमतगंज के शिव मन्दिर पर ब्लॉक अध्यक्ष सोहनपाल सिंह के नेत्रत्व मे प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ ' पहला सत्र प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिया जिसमे इन्होंने संगठन भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला और दूसरा सत्र विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद ने लिया इन्होंने संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डाला गया ' तीसरा सत्र जिला उपाध्यक्ष मथुरा




प्रसाद ने लिया जिसमे इन्होंने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला । चौथे सत्र मे जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने ग्राम समिति पर प्रकाश डाला एवं सभी संगठन के कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया और सभी किसानो से संबोधित करते हुए कहा अपने अधिकार के लिए सड़को पर किसानो को उतरना पड़ेगा यह कहते हुए किसानो से आग्रह किया होने वाले 4 सितंबर के धरना प्रदर्शन मे सभी किसान मिलक चलेंगे निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि किसानों के हित के लिए भारतीय किसान संघ आज दिन रात मेहनत में लगा हुआ है किसने की अनेक समस्याओं का भारतीय किसान संघ समाधान कराता है ।

इस अबसर पर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष हरिओम मौर्य , जिला सहमंत्री अरविंद कुमार, मिंटू तिवारी , सचिन शर्मा , संजीव वर्मा , पूर्व प्रधान लक्ष्मण सिंह ,सुरेश दिवाकर, विकास मौर्य, रमेश शर्मा, हरविंदर सिंह, विकाश कुमार, सत्य प्रकाश, देवेंद्र सिंह आर्य, गुरदीप सिंह, विकास कुमार सुरेश कुमार सैकडो किसान मौजूद रहे।

# समुद्र मंथन से निकला बिष, भगवान शिव ने अपने कंठ में किया समाहित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मंडी धनौरा। नगर के आनंद धाम आश्रम में स्वामी हीरा नंद महाराज की पुण्य तिथि पर आनन्द धाम परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक सौरभ कौशिक महाराज ने समुद्र मंथन की कथा को सुनाते हुए कहा की समुद्र मंथन में सबसे पहले विष



निकला जिसको भगवान शिव ने अपने कंठ में समाहित कर लिया जिस कारण भगवान शिव का नाम नीलकंठ पड़ा। कथावाचक ने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन भी सुनाया तथा शिव विवाह महोत्सव को कथा के दौरान बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिस पर सभी भक्त खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर अनूप अग्रवाल, राखी, सिम्मी, सुधा शर्मा, राकेश अग्रवाल, सुमन, सर्वेश, कमलेश, पुष्पेंद्र, संजीव, दीपक शर्मा, सन्तोष, आशु, सोनू, अशोक, के पी यादव, अमरदेव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, रजनी अग्रवाल, विजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पंजाब में आपदा के बीच सेवा की मिसाल बना सिख समाज चन्दौसी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी ।आजाद रोड गुरुद्वारा श्री गुरु सभा चंदौसी संपूर्ण सिख समाज ने एक ट्रक खाद्य सामग्री पंजाब के लिए रवाना की गईं ।

चंदौसी आजाद रोड स्थित गुरुद्वारा से शाम 4:00 बजे , गुरुद्वारा श्री गुरु सभा



चंदौसी ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाई है । उनका कहना है कि राजनीति से ऊपर उठकर इंसानियत की सेवा ही सच्ची प्राथमिकता है भारी बारिश के कारण पंजाब में आए बाढ़ ने राज्य को कई तरह की हानि पहुंचाई है वहीं पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सैकड़ो परिवार परेशान है ।

# बेटों ने बुजर्ग माता-पिता को मारपीट कर घर से निकला

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। दो बेटों ने अपने माता-पिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। बुजुर्ग दंपत्ति सड़क पर भटकने को मजबूर हैं, न्याय की आस में पुलिस को तहरीर दी है जिस पर पुलिस जाँच कर रही है।

क्षेत्र के गांव अगरास निवासी आशिक हुशेन ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका बेटा सज्जाद और शारिक शनिवार को दोनों ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हुये उन्हें घर से निकाल दिया। इसलामन और उनके पति की अब काफी उमर हो चुके हैं और उनके पास रहने को गांव में एक ही मकान जबकि उनका कहना है की महेश पूरा में 400 गज जमीन में चार बेटे है. सभी लोग बराबर बाँट कर वही रहे। लेकिन उस जमीन पर दो लोग कब्जा करना चाहते है ।बेटा और बहू उन्हें मकान में नहीं रहने दे रहे हैं, जिससे वे इस उम्र में बेहद परेशान हैं और उनके पास कोई सहारा नहीं है। तहरीर के आधार पुलिस जांच को घर गई तो दोनों बेटे घर से फरार बरेली के थाना फतेहगंज पश्चिमी के अगरास का मामला पुलिस की कार्रवाई से दंपति को इंसाफ की आस है जल्द फरार बेटे पुलिस की गिरफ्त में होंगे और उसे न्याय मिलेगा।

# गणेश चौथ मेला... भूपाल रंगमंच परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। रविवार को मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान श्री गणेश मेला परिषद, चन्दौसी द्वारा स्व. केशवदेव वार्ष्णेय (पूर्व मुख्य सचिव) एवं स्व. पंचगोपाल वार्ष्णेय (पूर्व स्वागताध्यक्ष) की पुण्य स्मृति में थीम-ऑपरेशन सिंदूर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।





इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6,7,8 के 100 छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी कला का कलात्मक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अक्रूरजी कन्या पाठशाला से मानवी, द्वितीय पुरस्कार रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज से वन्दना, तृतीय पुरुस्कार आर आर के स्कूल से अभिज्ञान कठेरिया, चतुर्थ पुरुस्कार रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज से दीक्षा, पंचम पुरस्कार न्यू सत्यम एकदमी से अनुष्का वार्ष्णेय एवं शेष सभी 95 प्रतिभागियों को गिफ्ट पैक और सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

निर्णायक मंडल में प्रवक्ता बीएमजी गर्ल्स इंटर कॉलेज चन्दौसी से कुमारी साक्षी अग्रवाल एवं प्रवक्ता आरके इंटरनेशनल स्कूल बिसौली से शरद कुमार रहे।

कार्यक्रम का उद्धघाटन अपने पिता की स्मृति में उनके सुपुत्र डॉ ओमेन्द्र वार्ष्णेय एवं कनक वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। तथा प्रतियोगिता का संचालन हरीश कठेरिया, जयशंकर दुबे ने किया।

इस दौरान श्री भूपाल गणेश मन्दिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी सहित जयगोपाल वार्ष्णेय, केजी गुप्ता, सुभाष भोलेनाथ, गौरव वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत गढ़ा में नाले के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा





## घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी का आरोप, सैकड़ों ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुन्नौर। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ा में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले के निर्माण में मानक के विपरीत और घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे यह निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही जगह-जगह से टूटने लगा है और यह निर्माण लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि नाले में डाली जा रही रोड़ी, बदरपुर और सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री न केवल कम मात्रा में डाली जा रही है बल्कि उसकी गुणवत्ता भी बेहद खराब है। यही नहीं, ग्राम पंचायत में हो रहे नाला निर्माण कार्य में निर्माण कार्य होने से पहले ही जगह से टूटने लगा है वहीं नल की दीवारें फटने लगी हैं और टूटने लगी हैं ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण स्थल पर न तो कोई ठेकेदार मौजूद है और न ही इंजीनियर। मजदूर बिना किसी मानक और दिशा-निर्देश के मनमर्जी से काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने नाले की गुणवत्ता को लेकर आवाज उठाई और मौके पर जूनियर इंजीनियर तथा ठेकेदार को बुलाने की मांग की, तो कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं आया। जिम्मेदार लोगों ने फोन पर ही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का काम किया।

**पहले भी हुआ घटिया निर्माण, एक साल में ध्वस्त हुआ नाला:** ग्रामीणों ने खुलासा किया कि करीब एक वर्ष पूर्व भी गांव में नाला निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया सामग्री और लापरवाही के चलते वह नाला जल्द ही पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इसी तरह पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया गया सीसी रोड निर्माण भी मानकों के विपरीत हुआ, जिसके चलते रोड पर जगह-जगह पानी भर गया और कुछ ही समय में सड़क खराब होने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस बार भी नाले का निर्माण बिना जांच और मानक के हुआ तो यह कुछ महीनों में ही टूटकर बेकार होने का खतरा नहीं है बल्कि नाला निर्माण होने से पहले ही अभी भी टूटने लगा है, जिससे सरकारी धन की बबार्दी हो रही है। और गांव की जनता को फिर से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

**सरकारी धन की बर्बादी का खतरा:** ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी परियोजनाओं में लगातार घटिया सामग्री के इस्तेमाल और लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये पानी में बह रहे हैं। ऐसे में यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो गढ़ा गांव में हो रहा नाला निर्माण भी जनता के किसी काम का नहीं रहेगा।

### सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे उच्च स्तरीय जांच की मांग

इस मामले को लेकर रविवार को गांव में सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हुए और निर्माण कार्य का विरोध जताया। अमर सिंह राजपूत, लेखराज, जुगेंद्र, ऋषिपाल, रामखिलाड़ी, डौली, अरविंद, नेत्रपाल, प्रकाश, महिपाल, अर्जुन शर्मा, ऋषिपाल राजपूत, नेकपाल, रामेश्वर, बांकेलाल समेत सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक नाले का निरीक्षण किसी उच्च अधिकारी द्वारा नहीं किया जाता, तब तक वे इसका विरोध जारी रखेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों तथा जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। रविवार को खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान से जिला खेल कार्यालय, संभल द्वारा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन एस.एम. कॉलेज, चंदौसी में कराया गया, जिसमें कुल 148 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल 10 विभिन्न वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पांच बालक एवं पांच बालिकाओं हेतु निर्धारित थीं। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहा-100 मीटर रेस-बालक वर्ग*प्रथम स्थान - अभिषेक,द्वितीय स्थान - रोहतास,तृतीय स्थान सूरज ठाकुर 400 मीटर रेस-बालक वर्ग ,प्रथम स्थान - हेमंत द्वितीय स्थान - अर्जुन,तृतीय स्थान - रोहित राणा ,3 किलोमीटर रेस- बालक वर्ग ,प्रथम स्थान - सत्य प्रकाश,द्वितीय स्थान - अभय,तृतीय स्थान सोमेश

शॉटपुट- बालक वर्ग ,प्रथम स्थान - अभियंत ,द्वितीय स्थान - शिवम,तृतीय स्थान मलिक ,लम्बीकूद- बालक वर्ग ,प्रथम स्थान - फैजान ,द्वितीय स्थान - रोहित,तृतीय स्थान - हेमंत ,100 मीटर रेस- बालिका वर्ग ,प्रथम स्थान - यशिका यादव,द्वितीय स्थान - विनिशा ,तृतीय स्थान - सभी चौधरी 1500 मीटर रेस-बालिका वर्ग ,प्रथम स्थान - पूजा,द्वितीय स्थान - नंदिनी,तृतीय स्थान - काजल,शॉटपुट- बालिका वर्ग प्रथम स्थान - तबस्सु,द्वितीय स्थान - प्रीति,तृतीय स्थान अवंतिका ,लम्बीकूद- बालिका वर्ग,प्रथम स्थान,विनीशा,द्वितीय स्थान - एंजेल,तृतीय स्थान - संतोष,प्रतियोगिता का उद्घाटन और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण श्री संजीव कुमार, शारीरिक शिक्षक, एस.एम. इंटर कॉलेज, चंदौसी, संभल और विशिष्ट अतिथि ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपक्रीड़ा अधिकारी, सम्भल प्रमिला भारती ने कार्यक्रम ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें खेल भावना को जीवन में सम्मिलित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नकुल- खेलो इंडिया कोच, अजय कुमार, एकता भारती - शारिरिक शिक्षिका, एस. एम. डिग्री कालेज इत्यादि उपस्थित रहे ।

# अवेद्यनाथ जयंती को लेकर विश्व हिंदू महासंघ की बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। रविवार को राष्ट्र संत अवेद्यनाथ जयंती को विश्व हिंदू महासंघ धूमधाम से मनाएगा -महेश शर्मा जिला अध्यक्ष महासंघ के नरौली स्थित जिला अध्यक्ष महेश शर्मा आवास/ कैंप कार्यालय पर मेंन बॉडी एवं प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की एक बैठक जिला प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें ब्रह्मलीन संत अवेद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों जो 12 सितंबर को श्रद्धांजलि, 13 सितंबर को ओम नमः शिवाय का जाप 14 सितंबर को गौ सेवा ,15 सितंबर को असहायों की मदद ,16 सितंबर को ₹सामाजिक समरसता ही हिंदुत्व का प्राण है₹ विषय पर संगोष्ठी एवं धार्मिक स्थलों की सफाई, 17 सितंबर को संत सम्मान तथा 18 सितंबर को दीप जलाकर विदाई है। कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई एवं कार्यक्रम की जिम्मेदारी उपस्थित पदाधिकारीयो को सोंपी गई। बैठक को जिला अध्यक्ष महेश शर्मा के अतिरिक्त जिला प्रभारी नितिन कुमार शर्मा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शमेन्द्र शर्मा, गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा ,धमाचार्य प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश आनंद, संभल नगर अध्यक्ष गुलशन कुमार प्रजापति, जिला मंत्री धर्मपाल सिंह, जिला महामंत्री प्रेमराज सिंह, जिला मंत्री सुधीर शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी मोकम सिंह, जिला सहसंयोजक राकेश शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अमरीश शर्मा, नरौली नगर पंचायत अध्यक्ष सचिन शर्मा, नगर पंचायत महामंत्री मुकेश शर्मा, नरौली उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ,संरक्षक कामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया

# बबराला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश का हुआ सम्मान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



बबराला। नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी दिनेश कौशल के आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार का सम्मान आगमन हुआ। उनके आगमन पर नगर के वरिष्ठ कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में इंद्रेश कुमार को तिलक लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात उन्होंने कार्यकताओं से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए कहा भारत की शक्ति उसके संस्कार संस्कृति और संगठन में निहित है। हमें सेवा समर्पण और संगठन के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस अवसर पर दिनेश कौशल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा इंद्रेश कुमार का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी है। समाजहित में उनकी सीख हमें निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता दिव्यप्रकाश, विनोद चौहान, तुषार, विनय कुमार वार्ष्णेय, भगत सिंह, योगेश कुमार वार्ष्णेय, राजीव माहेश्वरी, सोनू वर्मा, अंकित वर्मा, शिव कौशल, राहुल वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**




चंदौसी। शनिवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 216वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 39 चिकित्सकों एवं 121 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2888 रोगियों (पुरुष रोगी-1119; महिला रोगी- 1124 एवं 645 बच्चों) का निःशुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 164 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 170 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 262, चर्म रोग के 411, दमा के 294, मधुमेह रोग के 80, नेत्र रोग से सम्बन्धित 33, उच्च रक्तचाप के 63 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 47 मरीजों की मलेरिया की तथा 20 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 254 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।

जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० तरुण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बहजोई के कपिल दीवाना बने हिंदू जागरण मंच युवा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /बहजोई। हिंदुत्व की राह पर सक्रिय भूमिका निभाने वाले बहजोई के चर्चित युवा कपिल दीवाना को हिंदू जागरण मंच युवा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें प्रस्तुति पत्र सौंपकर पदभार ग्रहण कराया। कार्यकताओं ने कपिल दीवाना को नई जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूती के साथ हिंदुत्व के पक्ष में आवाज बुलंद करेगा। इधर, कपिल दीवाना को प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी मिलने की खबर से उनके समर्थकों और परिचितों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचे और फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### राधा अष्टमी पर भक्तिमय उत्सव, बाल स्वरूप राधा रानी ने काटा केक

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बहजोई। नगर में श्री राधा अष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे नगर में राधा रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक नन्हीं बालिका रही, जिसे राधा रानी के बाल स्वरूप में सजाया गया। बाल स्वरूप राधा रानी के हाथों से जन्मोत्सव का केक कटवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत भक्तों ने भजन-कीर्तन और नृत्य प्रस्तुत



कर माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश शंकर राजू, प्रदीप लाडली जी रेडीमेड, अरुण पंजाबी सहित काठ बाजार के समस्त व्यापारी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी और नगर में धर्म और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और आस्था का वातावरण छाया रहा। भक्तों ने कहा कि राधा अष्टमी का यह पर्व नगर में सामाजिक सौहार्द और धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने का माध्यम बनता है।

# जिपं सदस्य विजय यादव ने बैठक में रखा पांच सूत्रीय प्रस्ताव

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल। जिला पंचायत की बैठक में शनिवार को सदस्य विजय कुमार यादव उर्फ विजय भईया ने जिला पंचायत सदस्यों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए पाँच सूत्रीय प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा।

विजय यादव ने कहा कि ग्राम पंचायतों के आबादी क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा कोई निर्माण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रीय भ्रमण में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि आबादी क्षेत्र में निर्माण कार्य कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला योजना की बैठकों में केवल जिला योजना के सदस्य राज्यसभा लोकसभा सांसद गढ़ विधायक गण एमएलसी गढ़ ही बुलाए जाते हैं, जबकि जिला पंचायत जिला की मजबूत इकाई में से एक महत्वपूर्ण जिला पंचायत सदस्य होते है निर्वाचित सदस्यों को आमंत्रित नहीं किया जाता। ऐसे में सभी सदस्यों को बैठक में शामिल किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाए, ताकि हर सदस्य अपने क्षेत्र की समस्याओं को जिला योजना के पटल पर रख सके। इसके अलावा, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य को पहले से ही विकास निधि उपलब्ध है, फिर भी वे जिला पंचायत से निर्माण कार्यों का दबाव बनाते हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि जिला पंचायत को मिलने वाली धनराशि से केवल जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्ताव पर ही कार्य कराए जाएँ। बैठक में विजय यादव ने यह भी कहा कि जिला पंचायत सदस्यों के पास अधिकारियों की टेलीफोन सूची उपलब्ध कराई जाए और अधिकारियों के मोबाइल में सभी सदस्यों के नंबर सेव हों, ताकि क्षेत्रीय समस्याएँ सीधे बताई जा सकें।

सबसे अहम प्रस्ताव रखते हुए विजय यादव ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों का क्षेत्र बहुत बड़ा होता है, लेकिन उन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता। इसलिए सभी जिला पंचायत सदस्यों को मासिक मानदेय दिया जाए।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सम्भल की त्रैमासिक बैठक हुई



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चन्दौसी । सम्भल ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, जिला की बहुप्रतीक्षित त्रैमासिक बैठक रविवार को दोपहर 1:00 बजे ओमीलाल फार्म हाउस में आयोजित की गई। यह बैठक, प्रदेशीय बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में की गई चर्चा , बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तथा संचालन जिला महामंत्री ने किया। बैठक में जिला स्थायी समिति गठन की समीक्षा, आगामी जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों, पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और पत्रकारों के दुर्घटना बीमा जैसे पत्रकार हितों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत विमर्श किए गए। साथ ही स्थानीय परिस्थितियों से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई । मनीष शर्मा , ओमप्रकाश शर्मा, ऋषि कुमार पाठक, सौरभ मिश्रा ,सुरजीत चौधरी, मानव अग्रवाल ,सुधीर शर्मा, अवधेश मिश्रा, महेंद्र मौर्य, राजकुमार विनोद शर्मा दिवाकर ,गौरव कुमार, अंशुल सिंह, रिंकू चौहान, राजेश कुमार , अनुराग चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# बैठक करने जा रहे हैं भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। रविवार को विकास कुमार तहसील अध्यक्ष चंदौसी के द्वारा थाना कुढ़फतेहगढ़ के अंतर्गत ग्राम धनुपुरा में एक मीटिंग का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि राजीव कुमार जिला संयोजक भीङ्क आङ्क सम्भल थे, किंतु जैसे ही सभा के मुख्य अतिथि राजीव कुमार अपनी टीम एडङ्क आदर्श कुमार पूर्व छात्र संघ जिला संयोजक, एडङ्क चंदन सैनी जिला विधिक सलाहकार ,प्रोग्राम के लिए नरौली कस्बा होते हुए निकले तभी प्रशासन के द्वारा उन्हें रोक दिया गया और प्रोग्राम स्थल जाने से रोक दिया गया राजीव कुमार ने बताया कि चंदौसी प्रशासन के द्वारा हमको हमारे लोगों से मिलने से रोका जा रहा है कहीं न कहीं प्रशासन तानाशाही दिखाते हुए हमारे लोगों को कमजोर किया जा रहा है ये तानाशाही ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलेगी और प्रशासन ये ध्यान रखे कि सरकारें आती जाती रहती है सरकार के इशारे पर तानाशाही करना बंद करे और राजीव कुमार ने बताया हमको हमारे ही समाज में मीटिंग करने से रोकना हमारे मौलिक अधिकारो का हनन करना है।

इस मौके पर नदीम मलिक ब्लॉक संयोजक बनियाखेड़ा,इकराम भाई तहसील उपाध्यक्ष,गुलशेर मलिक तहसील सचिव चंदौसी आदि लोग मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बांटी रोजाना उपयोग की चीजें

नेशनल एक्सप्रेस/चन्दौसी । मां की पुण्यतिथि पर की सेवाः कपिल बोले- माताओं व बुजुर्गों का आशीर्वाद है जरूरी, ओमी लाल फार्म हाउस के स्वामी कपिल गुप्ता ने माताजी की पुण्यतिथि पर परिवार के साथ वृद्धाश्रम रामबाग रोड पहुंच कर सभी वरिष्ठजनों को भोजन कराकर उपहार भेंट किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । कपिल- माताजी की स्मृति में इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई।

# अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल अमेरिकी कंपनियों का किया बहिष्कार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**




चंदौसी। शनिवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने अमेरिकी कंपनियों के बहिष्कार की अपील की, स्वदेशी इस्तेमाल करने का आह्वान किया और ट्रंप की तानाशाही के विरोध में व्यापारियों की पदयात्रा निकाली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मण्डल ने फब्बारे से स्टेशन तक पद यात्रा निकाली।पदयात्रा में स्वदेशी अपनायें विदेशी भगायें व एक देश एक चुनाव के नारे लगे संगठन नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नु ने कहा कि ट्रंप को मुंहतोड़ जवाब देने व उसकी तानाशाही को रोकने के लिए हमें अमेरिकी कंपनियों का बहिष्कार करना होगा। भारत के बने उत्पाद मांगने होंगे, बेचने होंगे और इस्तेमाल करने होंगे। हम 144 करोड़ भारतीय जब भी कोई चुनौती मिलती है। तब और शक्ति से आगे बढ़ते हैं। तीन सितंबर संगठन के 32वें स्थापना दिवस पर इन्हीं विषयों को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल और हिन्दू नेता राजकुमार ठाकरे ने एक मत में कहा कि देश मे एक देश एक चुनाव होने चाहिये जिससे आम व्यक्ति का समय और पैसा बर्बाद नही होगा। देश में चुनाव पर बहुत खर्चा होता है वो भी बचेगा। देश हित को देखते हुए तत्काल एक देश एक चुनाव का बिल लाना बहुत जरुरी है प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी ने लोगों से खाने-पीने से लेकर दिनचर्या की सभी वस्तुओं में स्वदेशी इस्तेमाल करने का आवाहन किया।पदयात्रा में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर राजू चड्ढा भाजपा नेता अभिनव शर्मा सुशील छोटु आकाश रितिक वार्ष्णेय कुशाग्र अग्रवाल लोकेश सोलंकी शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### भारत-अमरीका के बीच तनाव

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में टैरिफ यानी आयात शुल्क हमेशा से देशों की नीतियों का अहम हिस्सा रहा है। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी का टैरिफ लगा दिया। स्वाभाविक रूप से इस निर्णय का विरोध चीन, रूस, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने किया। निंदा के स्वर भी उठे और 'क्वाड' के सिद्धांतों तथा समझौतों की दुहाई दी गई। व्यापार युद्ध में आमतौर पर देश पलटवार करते हैं, जैसा कि चीन, कनाडा और यूरोपीय संघ ने किया। भारत भी ऐसा कर सकता था, किंतु मोदी सरकार ने इसके विपरीत रास्ता चुना। सरकार ने कपास पर लगने वाले शुल्क को 31 दिसंबर तक पूरी तरह समाप्त कर दिया। पहले कपास आयात पर 11 फीसदी शुल्क में छूट दी गई थी, जिसे सितंबर तक बढ़ाया गया था, लेकिन अब इसे पूरी तरह टैरिफ-मुक्त कर दिया गया है।सरकार के इस कदम पर सवाल उठ रहे हैं। आलोचक कह रहे हैं कि यह ऐसा ही है जैसे अमेरिका से एक गाल पर थप्पड़ खाने के बाद भारत ने दूसरा गाल भी आगे कर दिया हो। इस नीति के असर का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि अक्टूबर से शुरू होने वाले मार्केटिंग ईयर 2025-26 के पहले तीन महीनों में कपास का आयात दोगुना होकर 20 लाख गांठ से अधिक हो सकता है। एक गांठ में लगभग 170 किलोग्राम कपास होता है। इसका सीधा असर भारतीय किसानों पर पड़ेगा, जिन्हें अपनी उपज सस्ते दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।दलील दी जा रही है कि यह फैसला वस्त्र उद्योग के निर्यातकों की मदद करने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत करने के लिए लिया गया है। वस्त्र उद्योग पिछले कुछ वर्षों से गहरे संकट में है और लाखों नौकरियों पर तलवार लटक रही है। सरकार का मानना है कि सस्ती कपास मिलने से वस्त्र उद्योग को सहारा मिलेगा और निर्यात बढ़ेगा। किंतु सवाल यह उठता है कि इस राहत की कीमत कौन चुकाएगा? भारत में करीब 60 लाख किसान कपास की खेती करते हैं। यदि उन्हें अपनी फसल 1000-1200 रुपए प्रति क्विंटल कम दाम पर बेचनी पड़ी, तो उनकी आजीविका पर गंभीर खतरा मंडराएगा।कपास की अंतरराष्ट्रीय कीमतें घरेलू कीमतों से करीब 20 फीसदी कम हैं। आईसीई कॉटन वायदा 67-68 सेंट प्रति पाउंड यानी करीब 9 रुपए प्रति पाउंड के आसपास है। 356 किलोग्राम की कैंडी की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 46,000 रुपए बैठती है, जबकि भारत में यही कीमत 55,000 रुपए के आसपास है। ऐसे में सस्ती विदेशी कपास आयात करने वाले व्यापारी और उद्योगपति तो लाभान्वित होंगे, लेकिन भारतीय किसान को घाटा उठाना पड़ेगा।प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने भाषणों में हमेशा कहा है कि किसानों, पशुपालकों और डेयरीवालों के हितों की रक्षा के लिए वे दीवार बनकर खड़े रहेंगे। मगर आलोचक पूछ रहे हैं कि क्या यह दीवार इतनी जल्दी ढह गई है? क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति ने भारत को समझौतापरस्त होने के लिए बाध्य कर दिया है? यदि आज कपास के मामले में समझौता किया गया, तो क्या आने वाले समय में अमेरिका को भारत के कृषि, पशुपालन और डेयरी उद्योग में भी प्रवेश की अनुमति मिल जाएगी? यह सवाल किसानों और आम नागरिकों के मन में गहराई से बैठ गया है।यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि अमेरिका में कृषि पर आश्रित आबादी 2 फीसदी से भी कम है, जबकि भारत की लगभग 46 फीसदी जनसंख्या सीधे तौर पर खेती-किसानी से जुड़ी है। अमेरिकी किसान भारी-भरकम सरकारी सब्सिडी पाते हैं, जबकि भारतीय किसान अभी भी कर्ज, मौसम की मार और न्यूनतम समर्थन मूल्य की जटिलताओं से जूझ रहे हैं। यही कारण है कि भारत में किसान कर्जमाफी की मांग बार-बार उठाते हैं, लेकिन फिर भी उनकी स्थिति नहीं सुधर पाती। कपास उत्पादक किसानों की हालत यह है कि वे घरेलू मांग की पूर्ति करने में भी सक्षम नहीं हो पाते, ऊपर से उन्हें वैश्विक बाजार की असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।दरअसल असली सवाल सिर्फ एमएसपी या सब्सिडी का नहीं है। यह सवाल रणनीति का है।

# राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे




ललित गर्ग

राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे।

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछडे.भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है।

अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है।

उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्ट्रपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे।



यह एक संयोग की कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे झारखंड के साथ ही तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। मोदी-शाह का उन पर बड़ा भरोसा रहा है, क्योंकि उन्हें एक समय एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपालों की जिम्मेदारी थमाई गई थी। अभी उपराष्ट्रपति पद पर ऐसे ही भरोसेमंद, निष्ठाशील एवं जिम्मेदार व्यक्ति की ही तलाश थी। उपराष्ट्रपति भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी करते हैं। राधाकृष्णन का अध्ययनशील स्वभाव, शालीन व्यवहार और संतुलित दृष्टिकोण भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगा। उनका व्यक्तित्व भारत की परंपरा, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेगा।

भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति केवल राज्यसभा के सभापति ही नहीं होते, बल्कि सर्वदलीय संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षक भी होते हैं। राधाकृष्णन का सौम्य व्यक्तित्व, धैर्य और संवाद क्षमता उन्हें इस भूमिका में और अधिक सफल बनाएगी। विपक्षी दलों के लिए भी उनकी छवि स्वीकार्य है, जो संसद की कार्यवाही को संतुलित बनाए रखने में सहायक होगी। सी.पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चयन भारतीय लोकतंत्र की उस विशेषता को रेखांकित करता है, जिसमें सादगी और सेवा जैसे गुण सर्वोपरि माने जाते हैं। वे न केवल दक्षिण भारत और ओबीसी समाज का सम्मान हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आशा और संतुलन का चेहरा हैं। निश्चित रूप से वे उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए आने वाले वर्षों में एक आदर्श और प्रेरक नायक सिद्ध होंगे। जैसाकि पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमारे आदर्श नायक हैं। वैसे भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वर्तमान उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन के बीच कुछ उल्लेखनीय समानताएं दिखाई देती हैं। भले ही दोनों की पृष्ठभूमि अलग हो, एक महान दार्शनिक, शिक्षक और राजनयिक रहे, तो दूसरे राजनीति और सामाजिक जीवन से जुड़े हैं, फिर भी उनके व्यक्तित्व में कई साझा बिंदु हैं जैसे दोनों का नाम 'राधाकृष्णन' है, जो भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण से जुड़ी भक्ति, ज्ञान और नीति का प्रतीक है। दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में भारतीय परंपरा और मूल्यों को प्रतिष्ठित किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई और शिक्षा जगत को नई दिशा दी। सी.पी. राधाकृष्णन ने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में सेवा, ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए ख्याति अर्जित की। डॉ. राधाकृष्णन जीवन भर शिक्षक रहे और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। सी.पी. राधाकृष्णन का राजनीतिक जीवन भी शिक्षा, नैतिकता और संस्कारों की धरती पर खड़ा है। वे स्वच्छ छवि और सादगी के लिए जाने जाते हैं। दोनों का जीवन साधारण परंतु ऊँचे आदर्शों से जुड़ा रहा। किसी प्रकार का दुराचार या विवाद इन दोनों के जीवन में नहीं जुड़ा, जो आज के राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में बहुत दुर्लभ है। डॉ. राधाकृष्णन को दार्शनिक-राजनेता के रूप में विश्वभर में सम्मान मिला। सी.पी. राधाकृष्णन को जनता का भरोसा, सरल व्यवहार और समाज में उनकी स्वीकार्यता ने एक सम्मानित नेता बनाया। डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक दृष्टिकोण को स्थापित किया। सी.पी. राधाकृष्णन भी राजनीति में समन्वयकारी, सर्वसमावेशी और राष्ट्रहित की सोच को आगे बढ़ाते हैं। दोनों ही भारतीय मूल्यों, ईमानदारी और राष्ट्र-सेवा के प्रतीक माने जा सकते हैं।

राजनीति में सी.पी. राधाकृष्णन की पहचान एक स्वच्छ और सादगीपूर्ण नेता की है। वे कभी भी विवादास्पद राजनीति का हिस्सा नहीं बने, बल्कि अपने संगठन कौशल, जनता से जुड़ाव और सेवाभाव से अपनी अलग जगह बनाई। सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े रहने के कारण उनका व्यक्तित्व सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। यही कारण है कि वे उपराष्ट्रपति पद की गरिमा और जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम होंगे। भाजपा ने राधाकृष्णन को मैदान में उतारकर विपक्ष के लिए कठिनाई खड़ी कर दी है। उनकी सादगीपूर्ण और निर्दोष छवि के कारण विपक्ष उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने में हिचकेगा। साथ ही, वे किसी विवाद या कट्टरपंथी राजनीति से दूर रहे हैं, जिससे उनकी स्वीकार्यता सर्वदलीय स्तर पर अधिक है। वे न केवल चुनावी राजनीति में सक्रिय रहे, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से भी जुड़े रहे हैं। इससे भाजपा की यह छवि और प्रखर होगी कि वह स्वच्छ और ईमानदार नेतृत्व को प्राथमिकता देती है। राधाकृष्णन क्यों सफल उपराष्ट्रपति साबित होंगे, इस प्रश्न का उत्तर निम्न पंक्तियों में समाया है कि वे पक्षपात से दूर और सर्वदलीय संवाद को बढ़ावा देने वाले विरल व्यक्तित्व माने जाते हैं। भाजपा संगठन में लंबे अनुभव के कारण वे राजनीतिक नब्ज को भली-भांति समझते हैं। इससे जनता और सभी दलों में उनकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। दक्षिण भारत का केन्द्र में समुचित प्रतिनिधित्व होने से वे राष्ट्रीय राजनीति में समावेशिता का चेहरा बनेंगे।

## इतिहास में आज का दिन

मानव सभ्यता के लंबे इतिहास में कुछ तिथियाँ ऐसी होती हैं, जो अपने साथ गहरे प्रभाव और परिवर्तन की कहानियाँ समेटे रहती हैं। 1 सितम्बर उन तिथियों में से एक है, जिसने अलग-अलग कालखंडों में राजनीति, युद्ध, संस्कृति और समाज की दिशा तय करने में भूमिका निभाई है। इस दिन की घटनाएँ केवल किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि विश्व पटल पर व्यापक प्रभाव डालती रही हैं।1 सितम्बर 1939 को द्वितीय विश्व युद्ध का आरंभ हुआ। यह युद्ध बीसवीं शताब्दी की सबसे भीषण त्रासदी थी, जिसने पूरी दुनिया को हिंसा, विनाश और विभाजन की आग में झोंक दिया। जर्मनी ने एडॉल्फ हिटलर के नेतृत्व में पोलैंड पर हमला किया और देखते ही देखते ब्रिटेन व फ्रांस ने जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। इसके साथ ही यूरोप का राजनीतिक मानचित्र पूरी तरह से बदलने लगा। यह तिथि मानवता के इतिहास में उस दौर का प्रतीक बन गई, जब महत्त्वाकांक्षा, साम्राज्यवाद और जातीय घृणा ने करोड़ों लोगों की जान ले ली और दुनिया को असंख्य घाव दिए।हालाँकि, 1 सितम्बर केवल युद्ध की स्मृति से नहीं जुड़ा है। इस दिन कई अन्य महत्वपूर्ण घटनाएँ भी घटित हुईं, जिन्होंने विज्ञान, संस्कृति और समाज में गहरी छाप छोड़ी। सन् 1715 में उत्तरी यूरोप में एक बड़ी खगोलीय घटना देखने को मिली जब पूर्ण सूर्य ग्रहण हुआ। यह ग्रहण इसलिए महत्वपूर्ण माना गया क्योंकि वैज्ञानिकों ने इसे व्यवस्थित रूप से दर्ज किया और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रगति की राह खोली। इसी तरह 1859 में दुनिया ने इतिहास का सबसे शक्तिशाली सौर तूफान अनुभव किया, जिसे ₹कैरिकिंगटन इवेंट₹ के नाम से जाना जाता है। इस घटना ने पृथ्वी की टेलीग्राफ व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया और यह पहला अवसर था जब मानव सभ्यता ने सूर्य की गतिविधियों से सीधे अपने जीवन पर असर महसूस किया।राजनीति और नेतृत्व के क्षेत्र में भी यह तिथि उल्लेखनीय है। सन्-1923 में टोक्यो और योकोहामा में विनाशकारी भूकंप आया, जिसे ₹महान कांतो भूकंप₹ के नाम से जाना गया। लाखों लोग प्रभावित हुए और जापान की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति बुरी तरह हिल गई। इस भूकंप ने जापान को अपने शहरी ढाँचे, प्रशासनिक व्यवस्था और आपदा प्रबंधन प्रणाली पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया। यह घटना आधुनिक जापान की आकांक्षाओं और उसकी आपदा-प्रबंधन क्षमता के निर्माण में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ साबित हुई।संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में भी 1 सितम्बर का विशेष स्थान है। सन्-1969 को लीबिया में कर्नल मुअम्मर गद्दाफी ने सैन्य तख्तापलट कर सत्ता पर कब्ज़ा किया। इस घटना ने न केवल उत्तरी अफ्रीका बल्कि वैश्विक राजनीति में भी हलचल मचाई। गद्दाफी ने तेल संपदा का उपयोग पश्चिमी देशों के विरुद्ध अपनी नीतियों को मजबूत करने में किया और उनके शासन ने दशकों तक अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित किया।शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में देखा जाए तो रूस और कई अन्य देशों में 1 सितम्बर को ₹ज्ञान दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है। यह परंपरा सोवियत काल से चली आ रही है, जब नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत इसी दिन होती थी। इस अवसर पर बच्चों को विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा और ज्ञान का महत्व बताया जाता है। धीरे-धीरे यह परंपरा अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई और यह दिन बच्चों और अभिभावकों के लिए उत्सव जैसा बन गया।इतिहास की स्मृतियों में 1 सितम्बर ने अनेक व्यक्तित्वों के जन्म और निधन को भी दर्ज किया है। साहित्य, विज्ञान और कला से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण लोगों ने इसी दिन जन्म लिया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से मानवता को नई दिशा दी। वहीं कई ऐसी विभूतियाँ भी इस दिन दुनिया से विदा हुईं, जिनकी विरासत आज भी प्रेरणा देती है।यदि समग्र दृष्टि से देखें तो 1 सितम्बर का दिन मानवता को लगातार यह संदेश देता है कि इतिहास केवल युद्धों और आपदाओं का नहीं है, बल्कि यह नए आरंभों, वैज्ञानिक खोजों और सांस्कृतिक परंपराओं का भी दर्पण है।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

### स्मार्ट डिप्लोमेसी : चतुर्भुज से त्रिकोण तक!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया जापान और चीन यात्राएँ भारत की विदेश नीति की स्मार्ट डिप्लोमेसी को दर्शाती हैं। २९ अगस्त, २०२५ को टोक्यो में इंडिया-जापान इकोनॉमिक फोरम में प्रधानमंती मोदी ने जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा को ऐसा 'पावरहाउस' बताया, जो एशियाई सदी को आकार देगा। इसके बाद, ३१ अगस्त से १ सितंबर तक तियानजिन में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए उनकी चीन यात्रा पर यह पूछा जाना स्वाभाविक है कि, क्या इससे चतुर्भुज मंच क्वाड में भारत की भागीदारी शिथिल हो जाएगी? इस आशंका के मूल में रूस-भारत-चीन त्रिकोण का उभार भी साफ देखा जा सकता है। दरअसल, इस समूचे घटनाक्रम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ 'बम' और भारत की बढ़ती जीडीपी के संदर्भ में देखना-समझना रोचक है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने टोक्यो भाषण में भारत-जापान रिश्तों की रणनीतिक और आर्थिक मजबूती का ज़ोर देकर ज़िक्र किया। जापान ने भारत में 100 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य रखा, जो बुलेट ट्रेन, स्टार्टअप्स और रक्षा क्षेत्र में जाएगा। याद रहे कि भारत और जापान दोनों क्वाड (भारत, जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया) का हिस्सा हैं, जो हिंद-प्रशांत में चीन के प्रभाव को संतुलित करता है। भले ही आलोचकों को लगता है कि 'मेक इन इंडिया' सिर्फ नारा है और जापान से निवेश अपेक्षा से कम आया, इसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि कि २०२४-२५ में जापान से सीधा निवेश २० प्रतिशत बढ़ा है और अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट तेजी से चल रहा है। यानी, यह रिश्ता ठोस है, जो भारत को ग्लोबल साउथ का 'स्प्रिंगबोर्ड' बनाएगा।

यहाँ इस बड़े सच को भी स्वीकार करना ही होगा कि डोनाल्ड ट्रंप के अहंकारपूर्ण टैरिफ 'बम' के विस्फोट ने तस्वीर को काफी हद तक धुँधला कर दिया है। ट्रंप ने भारत पर इधर जो अति उच्च दंडात्मक लगाया है, उससे भारत का आईटी, फार्मा और ऑटो निर्यात प्रभावित होता दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इसे समझ चुके हैं कि भारत की अमेरिका पर निर्भरता ने हमें इस जोखिम में डाला। जापान और अन्य साझेदारों से विविधीकरण दरअसल भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के दबाव से बचाने की रणनीति का हिस्सा है। जापान के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और निवेश भारत की 'इंडिया फर्स्ट' नीति को मजबूत करते हैं। अब बात लें चीन यात्रा की। तो, जापान यात्रा के तुरंत बाद चीन यात्रा और एससीओ समिट में मोदी-जिनपिंग-पुतिन संवाद भारत की बहुपक्षीय विदेश नीति के अनुरूप है। सीमा विवाद सुलझाने और व्यापार बढ़ाने पर बात होनी ही चाहिए। चतुर्भुज मंच के बावजूद इस त्रिकोण का अस्तित्व में आना भारत की इस नीति को पुख्ता करता है कि हमारे लिए किसी भी गुट की तुलना में अपने देश का हित सर्वोपरि है। ट्रंप महोदय के टैरिफ बम का शुक्रिया कि उसने २०२० के गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलने में परोक्ष मदद की! दोनों देशों के बीच व्यापार और ऊर्जा सहयोग बढ़ रहा है। कुछ सयानों का ख़याल है कि इससे क्वाड के प्रति भारत का 'कमिटमेंट' कमजोर पड़ेगा तथा स्वयंभू चौधरी ट्रंप महोदय और भड़केंगे। लेकिन, जल्द ही उनकी समझ में आ जाएगा कि दरअसल यह भारत की स्मार्ट डिप्लोमेसी है। भारत एससीओ और क्वाड में संतुलन बनाए रखना चाहता है। यह 'म्यूचुअल रेस्पेक्ट' की नीति है, जो मल्टी-पोलर दुनिया में भारत को मजबूत बनाएगी। काश, ट्रंप महोदय भी आपसी सम्मान का यह मंत्र सीख पाएँ! उन्हें भारत की जीडीपी की हालिया ग्रोथ (7.8 प्रतिशत) से समझ में आना चाहिए कि भारत को मृत अर्थव्यवस्था कहना उनकी भारी भूल थी! क्योंकि भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री मोदी की जापान और चीन यात्राएँ भारत की स्मार्ट डिप्लोमेसी का प्रतीक हैं। ट्रंप के टैरिफ बम से पैदा हुई वैश्विक उथल-पुथल के बीच ये यात्राएँ संतुलन साधने का सोचा-समझा प्रयास हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इनसे क्वाड में भारत की भागीदारी शिथिल नहीं होगी, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूती मिलेगी!

# सेल्फ लर्निंग फ्यूचर ऑफ मैनेजमेंट एंड एजुकेशन है!

विजय गर्ग

स्व-शिक्षण, या स्व-निर्देशित शिक्षा, तेजी से प्रबंधन और शिक्षा का भविष्य बन रहा है। यह व्यक्तियों को अपनी स्वयं की सीखने की यात्रा का प्रभार लेने का अधिकार देता है, जो एक ऐसी दुनिया में महत्वपूर्ण है जो लगातार बदल रही है। यह बदलाव सूचना की पहुंच, निरंतर कौशल विकास की आवश्यकता और आधुनिक कार्यस्थल की बदलती मांगों सहित कारकों के अभिसरण के कारण हो रहा है। सेल्फ लर्निंग के लाभ शिक्षा में स्व-शिक्षण छात्रों को यह तय करने की स्वायत्तता देता है कि वे क्या, कब और कैसे सीखते हैं। इस व्यक्तिगत दृष्टिकोण के कई फायदे हैं:

निजीकृत गति और शैली: छात्र एक गति से आगे बढ़ सकते हैं जो उन्हें सूट करता है, कठिन विषयों पर अधिक समय बिताता है और उन लोगों पर कम करता है जिन्हें वे पहले से जानते हैं। यह व्यक्तिगत सीखने की शैलियों और वरीयताओं को पूरा करता है, जिससे प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती है।

गहरा जुड़ाव: जब कोई छात्र बाहरी दबाव के बजाय व्यक्तिगत जिज्ञासा से प्रेरित होता है, तो वे सामग्री के साथ अधिक व्यस्त हो जाते हैं। इससे बेहतर अवधारण और विषय की गहरी समझ होती है। आवश्यक कौशल का विकास: विषय ज्ञान से परे, आत्म-शिक्षण जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण कौशल का सम्मान करता है, जैसे महत्वपूर्ण सोच, समस्या-समाधान, समय प्रबंधन और आत्म-अनुशासन। प्रबंधन और कार्यस्थल में प्रबंधकों और पेशेवरों के लिए, स्व-सीखने की क्षमता अब एक लक्जरी नहीं है - यह एक आवश्यकता है। तकनीकी प्रगति की तीव्र गति और उद्योगों के विकास का मतलब है कि आपने कल जो सीखा वह कल प्रासंगिक नहीं हो सकता है। स्व-शिक्षण प्रतिस्पर्धी और प्रासंगिक बने रहने का एक तरीका प्रदान करता है। सतत अपस्किलिंग और रिस्किलिंग: जीवन भर चलने वाली एकल डिग्री का पारंपरिक मॉडल अप्रचलित है। सेल्फ लर्निंग कर्मचारियों को लगातार अपस्किल और रिस्किल करने, नए ज्ञान प्राप्त करने और आवश्यकतानुसार एआई और बड़े डेटा एनालिटिक्स जैसी नई तकनीकों के अनुकूल होने की अनुमति देता है।



अनुकूलन क्षमता में वृद्धि: स्व-निर्देशित सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले संगठनों में अधिक अनुकूलनीय और लचीला कर्मचारी होते हैं। ये व्यक्ति जटिल चुनौतियों को नेविगेट करने और परिवर्तन को गले लगाने के लिए बेहतर तरीके से सुसज्जित हैं, जिससे पूरा संगठन अधिक चुस्त हो जाता है।

कर्मचारी सशक्तिकरण और प्रेरणा: जब कंपनियां कर्मचारियों को अपने पेशेवर विकास पर नियंत्रण रखने के लिए सशक्त बनाती हैं, तो यह उनके आत्मविश्वास, प्रेरणा और जुड़ाव को बढ़ाता है। स्वामित्व की यह भावना अधिक सक्रिय और प्रतिबद्ध कार्यबल की ओर ले जाती है। प्रौद्योगिकी की भूमिका स्व-अधिगम का उदय तकनीकी नवाचार से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट ने सूचना तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे कहीं से भी लगभग कुछ भी सीखना संभव हो जाता है।

विशाल संसाधन: ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म, पाठ्यक्रम और शैक्षिक ऐप पारंपरिक शिक्षा की तुलना में कम लागत पर अक्सर ज्ञान का एक विशाल पुस्तकालय प्रदान करते हैं। कौरसेरा, एडएक्स और खान अकादमी जैसे प्लेटफॉर्म विश्व स्तर पर शीर्ष विश्वविद्यालयों और विशेषज्ञों से सामग्री तक पहुंच प्रदान करते हैं। एआई और एनालिटिक्स: एआई का उपयोग व्यक्तिगत सीखने के रास्ते बनाने, वास्तविक समय की प्रतिक्रिया प्रदान करने और किसी व्यक्ति की प्रगति और जरूरतों के आधार पर संसाधनों की सिफारिश करने के लिए किया जा रहा है। यह आत्म-शिक्षण अनुभव को अधिक निर्देशित और प्रभावी बनाता है।

आभासी और संवर्धित वास्तविकता: वीआर और एआर जैसी तकनीकों का उपयोग इमर्सिव, अनुभवात्मक सीखने के वातावरण बनाने के लिए किया जा रहा है, विशेष रूप से जटिल या हाथों पर कौशल के लिए, सर्जिकल प्रशिक्षण से लेकर प्रबंधन सिमुलेशन तक। चुनौतियां और मानव तत्व जबकि आत्म-शिक्षा शक्तिशाली है, यह इसकी चुनौतियों के बिना नहीं है। इसके लिए उच्च स्तर की आत्म-प्रेरणा और अनुशासन की आवश्यकता होती है। हर कोई स्वाभाविक रूप से एक स्व-स्टार्टर नहीं है, और एक संरचित पाठ्यक्रम या पारंपरिक समर्थन प्रणाली की कमी एक बाधा हो सकती है। यह वह जगह है जहां मानव तत्व महत्वपूर्ण रहता है।

भविष्य में, शिक्षकों और प्रबंधकों की भूमिका केवल सूचना देने वालों से लेकर सूत्रधार और आकाओं तक पहुंच जाएगी। वे अपनी आत्म-सीखने की यात्रा में व्यक्तियों का मार्गदर्शन करेंगे, उन्हें लक्ष्य निर्धारित करने, विश्वसनीय संसाधन खोजने, प्रेरित रहने और वास्तविक दुनिया की स्थितियों में अपने नए ज्ञान को लागू करने में मदद करेंगे। शिक्षा और प्रबंधन का भविष्य शिक्षकों या प्रबंधकों को खत्म करने के बारे में नहीं है, बल्कि अधिक स्वतंत्र और निरंतर सीखने वाले मॉडल का समर्थन करने के लिए अपनी भूमिकाओं को फिर से परिभाषित करने के बारे में है।

# सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह व प्रीतिभोज का आयोजन हुआ




**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**

कानपुर,अहिरवां स्थित सिद्धार्थ पैलेस गेस्ट हाउस में सेन्ट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ,उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री हर्ष गौतम के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। हर्ष गौतम परिवहन निगम कार सेक्शन,टेहरी कोठी लखनऊ से सहायक लेखाधिकारी पद पर कार्यरत रहे और 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हुए। उनके कार्यकाल में उन्होंने अपने कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के लिए सभी के बीच आदर्श स्थापित किया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने की,जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक एवं गोविंद नगर विधायक रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उप महामंत्री ने किया। समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, कर्मचारी और संगठन के सभी सदस्यों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने हर्ष गौतम के कार्य जीवन की सराहना की और उनके योगदान को हमेशा याद रखने की बात कही। सभी ने उनके स्वास्थ्य, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने उन्हें उत्कृष्ट निगम कार्मिक बताते हुए संगठन के हर पहलू में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हर्ष गौतम ने निगम और संगठन दोनों को अपने समर्पण से मजबूती प्रदान की। समारोह में सम्मान समारोह के बाद प्रीतिभोज का आयोजन किया गया,जिसमें उपस्थित सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने मिलकर हर्ष गौतम के कार्यकाल और उनके योगदान का स्मरण किया। सभी ने उन्हें भावभीन विदाई दी और उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया। समारोह का यह आयोजन कर्मचारियों के बीच भाईचारे,सहयोग और संगठन के प्रति निष्ठा का संदेश भी बनकर उभरा। हर्ष गौतम ने अपने संपूर्ण कार्य जीवन में जिस तरह से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह किया, उसे देखकर संगठन के अन्य सदस्य प्रेरित हुए और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने की प्रतिज्ञा करी। इस अवसर पर राघवेन्द्र सिंह,आर.के. वर्मा,हरनारायण प्रसाद गुप्ता,बृजमोहन शर्मा, उमेश राव,राजेश केवट,यशपाल सिंह चौहान,बेचेलाल,लोकेश राज सिंह,नागेन्द्र सिंह,अनुग्रह गुप्ता,राजकुमार,कुलदीप सिंह, संदीप शर्मा,अखिलेश सिंह,पदम उपाध्याय,उदयभान,प्रदीप कुमार,प्रवेश कुमार शर्मा,सुमित नारायण अवस्थी,धर्मपाल सिंह,सामरिया,संजय कुमार,योगेश सिंह,शशि कुलश्रेष्ठ,यतेन्द्र सिंह,राजीव पांडे,मनोज,शिवा,दिनेश सिंह,नाहर सिंह सहित सैकड़ो लोग

# ऑपरेशन महाकाल 2.0 के तहत एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल श्रवण कुमार सिंह द्वारा सेन्ट्रल जोन कार्यालय में ऑपरेशन महाकाल 2.0₹ के तहत एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान द्वारा ऑपरेशन महाकाल 2.0 की प्रगति की समीक्षा की गई एवं अपराध नियंत्रण,अपराधियों पर प्रभावी निगरानी तथा जनसुरक्षा की दिशा में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त आगामी पर्व गणेश चतुर्दशी एवं बारावफात के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान,भीड़ नियंत्रण,यातायात प्रबंधन, एवं शांति समिति की बैठकें आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल तथा सेन्ट्रल जोन के समस्त सहायक पुलिस आयुक्त एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### भूमि विवाद में कब्जे के खिलाफ पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कड़ी कार्यवाही की मांग की



शुक्लागंज उन्नाव, ख़बर उन्नाव से है जहां जिले के एहतमाली हड्डा गांव में भूमि संख्या 366 (रकबा 138.16 कोटमी) को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस भूमि के मालिक अमन दीक्षित ने आरोप लगाया है कि उनके पिता स्वर्गीय दिलीप दीक्षित के नाम पर दर्ज इस भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। अमन दीक्षित के अनुसार, दिनांक 28/08/2025 को दबंगों ने गेट तोड़कर भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिसकी सूचना आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज की गई थी। इसके बावजूद दबंगों द्वारा लगातार निर्माण कार्य जारी है। अमन दीक्षित ने बताया कि इस भूमि पर पूर्व में चन्द्रमपाल व गिरजाशंकर मिश्रा द्वारा कब्जा किया जा चुका है और अब राम मोहन शुक्ला उर्फ बब्बू शुक्ला व स्थानीय दबंगों द्वारा भी कब्जा किया जा रहा है। अमन दीक्षित ने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### अशुद्धि का अंत और लोभ -कषाय का अभाव ही उत्तम शौच धर्म है

कानपुर,स्वर्ण जैन मन्दिर श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर जनरलगंज मे आज प्रातःकाल श्री जी जलाभिषेक-नित्यनियम पूजा-पाठ-शान्तिधारा के साथ-साथ तीर्थकर पुष्पदन्त भगवान का मोक्ष कल्याण बडी धूमधाम एवं उत्साह से साथ मनाया गया महायज्ञ नायक भामाशाह गुरूभक्त प्रदीप जैन जी के सुपौत्र आस्ट्रेलियाई से आऐ धार्मिक जैन ने प्रथम शान्तिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया,अपने जन्मदिन के शुभ अवसर अभिषेक जैन सुपुत्र राजेश जैन ने ध्दितीय तृतीया अंकुर जैन सुपुत्र सुभाष जैन ने की। उसके उपरान्त श्रेयासं जैन के भजनो के माध्यम से सभी पुरूषो एवं महिलाऐ ने भाव नृत्य के माध्यम से लाडू अर्पण किया गया। सन्दीप जैन ने बताया कि दस लक्षण का जैन समाज मे किऔना महत्व है कि कोई भी छोटे से छोटा बच्चा ही क्यो न हो 10 दिन स्कूल जाने से पूर्व मन्दिर अवश्य दर्शन करेगे , बाजार की कोई भी खान-पान की चीज नही खाते है । यह संस्कार हर माता-पिता अपने बच्चो को प्रथम दिन से देते है । तपाचाये अन्तमेना 108 प्रसन्न सागर जी माध्यम उत्तम शौच का महत्व बताऐ जो आंतरिक निर्मलता का भाव ही उत्तम शौच धर्म है।विशाल जैन ने बताया कल सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम महावीर देशाना मंडल के ध्दारा कुण्डलपुर की गाथा से बडे बाबा का छोटे बाबा का मिलन नृत्य नाटिका के माध्यम से मान्या जैन , वोरवी जैन ने लव-कुश की भूमिका मे कुण्डलपुर गाथा गीऔ के रूप मे सुनाई जिसमे अंहम जैन, संभव जैन ,धैय जैन,संजोलीजैन ,भूमि जैन ने भाव नृत्य के माध्यम प्राचीन मनिदर से नवीन मन्दिर का निर्माण शिरोमणी आचार्य 108 विधासागर सागर जी महाराज की प्रेरणा से ऐतिहासिक चमत्कारिक निर्माण हुआ । मण्डल की महिलाऐ संजौली जैन ,नेहा जैन , मिनाक्षी जैन,रूचि जैन , सिल्की जैन , शिवानी जैन , मिल्कि जैन , सेफाली जैन आदि उपस्थित थी।

**सनसनीखेज वारदात :**

# स्विफ्ट डिजायर कार में आए बदमाशों ने दंपती को जबरन कार में बैठाया



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दंपती की के साथ सनसनीखेज वारदात हुई। वआईए थाना क्षेत्र के बखरिया गांव निवासी पद्दन यादव अपनी पत्नी मखौला देवी के साथ अकबरपुर से दवा लेकर घर लौट रहे थे। तभी लोहआरी और सिकंदरा के बीच स्विफ्ट डिजायर कार में आए बदमाशों ने दंपती को जबरन कार में बैठा लिया। पत्नी को लेकर भागने की कोशिश ग्रामीणों को देख बदमाश घबरा गए। उन्होंने पद्दन यादव को कार से बाहर फेंक दिया और उसकी पत्नी को लेकर भागने लगे। हालांकि ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को घेर लिया हंगामा बढ़ता देख बदमाश कार मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस दौरान ग्रामीणों ने महिला को सुरक्षित निकाल लिया। गुस्साए ग्रामीणों का फूटा गुस्सा घटना से नाराज ग्रामीणों ने बदमाशों की छोड़ी गई स्विफ्ट डिजायर कार में जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने कार के शीशे फोड़ दिए और वाहन को नुकसान पहुंचाया। सूचना पाकर डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुस्साए ग्रामीणों को शांत कराया और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव, जमकर हुई धक्का-मुक्की नारेबाजी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद सियासत गरमा गई है। इसी मुद्दे को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया । हंगामा के बीच जमकर नारेबाजी हुई और दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई।

बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय मां के खिलाफ टिप्पणी करने के लगे आरोप के बाद से देश भर में भाजपाई आंदोलित हो गए हैं। इसी क्रम में नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय से नगर अध्यक्ष अनिल दीक्षित की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ता राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मेस्टन रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे।

हालांकि बवाल की आशंका के चलते पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सब्ज़ियाँ तक फेंकीं। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बन गया। हालात को बिगड़ता देख मौके पर पुलिस पहुँची और समझा-बुझाकर बीजेपी कार्यकर्ताओं को वहां से वापस भेजा।

उधर कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यकताओं के द्वारा किये गए इस प्रदर्शन के विरोध में सड़क पर बैठकर भजन गाकर अपना गुस्सा व्यक्त किया। साथ ही कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री ने कहा कि देश की जनता का ध्यान भटकाने और हिन्दू मुस्लिम करवाने का साजिशन काम किया गया है।

# श्रृद्धा नरेंद्र पाण्डेय को जनपद कानपुर देहात की जिम्मेदारी सौंपी



कानपुर देहात,जनपद कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्रा का स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर 2017 बैच की आई पी एस श्रीमती श्रृद्धा नरेंद्र पाण्डेय को जनपद कानपुर देहात की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई पुलिस अधीक्षक श्रृद्धा नरेंद्र पाण्डेय को पहली बार किसी जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्रा का कार्यकाल यद्यपि छोटा रहा किन्तु उन्होंने अपराध नियंत्रण करने के काफी सफल प्रयास किए जो कहीं तक सार्थक भी दिखाई दिए। उनके अल्प कार्यकाल में कई घटनाओं के खुलासे 24 घंटे के भीतर हुए। नई पुलिस अधीक्षक की कार्यकुशलता उनकी कार्यशैली पर निर्भर होगी।

# गत विजेता प्रयागराज के विनायक क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

प्रयागराज। प्रयागराज के विनायक अग्रवाल, रामपुर के असनब खान, शिकोहाबाद के प्रतीक चौधरी, लखनऊ के आयुष मित्तल और अलीगढ़ के अदीब मुस्तफा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर राजा राम कुमार भार्गव स्मृति 6 रेड उत्तर प्रदेश राज्य स्नूकर चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

हेस्टिंग रोड स्थित बैज बॉल स्नूकर अकादमी में रविवार को प्रयागराज के गत विजेता विनायक अग्रवाल और लखनऊ के युवा खिलाड़ी तनिष्क बजाज के बीच मैच में तनिष्क ने पहले फ्रेम में तनिष्क ने पहले फ्रेम में कुछ बेहतरीन शॉट लगाए, लेकिन फ्रेम 45-32 से हार गये। तनिष्क ने अगले दो फ्रेम 45-8, 47-19 से जीते। विनायक ने चौथे से सातवें फ्रेम में 36-24, 34-21, 38-5, 34-17 का अंक बनाते हुए मुकाबले को 5-2 से जीत लिया।

रामपुर के असनाब खान ने अलीगढ़ के मोहम्मद अरबाज को 5-4 से पराजित किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई कांटे की टक्कर में असनब ने पहला फ्रेम 45-0 से जीता। इसके बाद अरबाज ने दूसरा से 40-19 से जीतकर मैच में बराबरी कर ली। असनब ने तीसरा और चौथा सेट 49-25 एवं 36-31 से जीतकर 3-1 की बढ़त ले ली। अरबाज ने अगले तीन फ्रेम 58-18 और 38-6 एवं 41-1 से जीतकर मुकाबले में 4-1 की बढ़त ले ली थी। आठवां और नौंवा फ्रेम असनब ने 34-10 एवं 43-0 से अपने नाम करते हुए मुकाबले को 5-1 से जीत लिया।

शिकोहाबाद के प्रतीक चौधरी ने कानपुर के जैब नदीम को 5-2 से हराया। प्रतीक ने पहला और दूसरा फ्रेम 41-29, 27-17 से जीता। तीसरा फ्रेम नदीम ने 44-35 से अपने नाम किया। प्रतीक ने चौथा फ्रेम 42-32 से जीता। पांचवें फ्रेम में एक बार फिर नदीम ने 47-14 से जीत दर्ज कर मैच को 3-2 पर ला दिया।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

वृष - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

कर्क - किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

सिंह - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

कन्या - संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

तुला - महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

वृश्चिक - स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

धनु - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

मकर - व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्घि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

कुम्भ - जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मीन - मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

# वार्षिक सम्मेलन में कोर्टरूम जैसे विशेष सत्रों का भव्य आयोजन हुआ




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,रॉयल क्लिफ होटल में कानपुर ऑप्थैल्मिक सोसाइटी का वार्षिक सम्मेलन कॉवनपोर ऑप्थैल्मिक कोलोक्वियम को सफलता पूर्वक आयोजित किया गया इस समारोह का आयोजन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. मनीष महेन्द्र और सचिव डॉ. मोहित खट्टरि के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेत्र विशेषज्ञों ने सम्मेलन की शोभा बढ़ाई मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी. रामामूर्ति उपस्थित रहे। जबकि डॉ. गौरव लूथरा और डॉ. सुहास हल्दिपुरकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर सुशोभित हुए साथ ही यूपीएसओएस के अध्यक्ष डॉ. मलय चतुर्वेदी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह को गौरवान्वित किया वैज्ञानिक सत्र दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में ऑप्थैल्मिक कोलोक्वियम प्रीमियर लीग, गुरुमंत्रा तथा कोर्टरूम जैसे विशेष सत्रों का आयोजन हुआ, जिनके माध्यम से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों ने जटिल नेत्र रोगों पर सारगर्भित,रोचक और ज्ञानवर्धक चर्चाएँ की, कोर्ट रूम सत्र में नवीन तकनीकों एवं दवाओं पर बहस हुई और सबसे बेहतर इलाज की दिशा पर विचार-विमर्श हुआ,गुरुमंत्रा सत्र में आँखों के डायग्नोसिस और जटिल मामलों की पहचान पर विशेष चर्चा की गई ऑप्थैल्मिक

प्रीमियर लीग में कठिन नेत्र रोगों को शिक्षाप्रद व रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया गया इसके अतिरिक्त एक अंतरराष्ट्रीय सिम्पोजियम का भी आयोजन हुआ जिसमे कनाडा के सुप्रसिद्ध डॉक्टर्स डॉ इके अहमद और डॉ राजीव मुनि ने भाग लिया इसके सहित कई उन्नत शल्य-तकनीकों पर विशेषज्ञों ने प्रकाश डाला इस दौरान आगामी कार्यकारिणी की घोषणा नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संगीता शुक्ला ने की नई कार्यकारिणी में सचिव डॉ. आकांक्षा सिन्हा,उपाध्यक्ष डॉ. उमा अग्रवाल,डॉ. गौरव दुबे, कोषाध्यक्ष डॉ. अपर्णा महेन्द्र, वैज्ञानिक सचिव डॉ. मोहित खट्टरि,संयुक्त सचिव डॉ. रुचिका अग्रवाल,संयुक्त वैज्ञानिक सचिव डॉ. सुकांत पांडे,सांस्कृतिक सचिव डॉ. पारुल सिंह,संयुक्त सांस्कृतिक सचिव डॉ. दीपाली वेलानी,संपादक डॉ. सौरभ मिस्त्री,संयुक्त संपादक डॉ. गौरव अग्रवाल,खेल सचिव डॉ. लोकेश अरोड़ा,संयुक्त खेल सचिव डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी कार्यकारी सदस्य डॉ. विद्हु जैन,डॉ. गौरव आनंद मिश्रा,डॉ. काशिफ मेहताब,डॉ. नम्रता पटेल,डॉ. दीपेन्द्र,डॉ. खुशबू,डॉ. नमिता वैज्ञानिक,सदस्य डॉ. अतुल धवन,डॉ. अनवरुल इस्लाम,डॉ. ईना,डॉ. एकता,डॉ. अभिजात, डॉ. आकाश सहित रोहित टंडन मौजूद रहे।

# एडीजी आलोक सिंह के नेतृत्व कुशलता से कानपुर जोन में सभी तरह के अपराधियों के हौसले पस्त



**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर,यहां आठ जिलों कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फतेहगढ़ ,जालौन ,ललितपुर और झांसी के अधिकार क्षेत्र वाली कानपुर जोन अपराधियों के खिलाफ कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर दृष्टिकोण से अव्वल चल रही है। मामला चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी का हो या फिर जन समस्याओं के निस्तारण से संबंधित आईजीआरएस का। अवगत कराते चलें कि आजकल एडीजी के रूप में कानपुर जोन की कमान योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अव्वल राष्ट्रपति तक के गोल्ड और प्लेटिनम समेत सभी तरह के मेडलों और पुरस्कारों के रुप में अनेक दुर्लभ उपलब्धियों के प्रसंसनीय धारक नोएडा के पहले सफल और सर्वोत्तम पुलिस कमिश्नर भी रहे भारत के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक वरिष्ठ आई पी एस आलोक सिंह के हाथ में है। सराहनीय और अनुकरणीय कार्यशैली वाले व्यवहार कुशलता के भी धनी, शिवत्व स्वभाव के भी माने जाने वाले सुप्रसिद्ध वरिष्ठ आईपीएस एडीजी आलोक सिंह का अबतक का जुझारू इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा हर छोटी से छोटी घटना को भी बहुत गम्भीरता से लेकर पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अग्रणी रही है। उनके पास जो भी जाता है। वह निराश नहीं लौटता। जहां तक कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सफलता का सवाल है। कानपुर जोन के भगवान और भाग्य यानी कम भरोसे रहने वाले जुझारू एडीजी आलोक सिंह की नेतृत्व कुशलता योगी सरकार की मंशा के अनुरूप जनहित में हर दृष्टिकोण से सफल ही साबित हुई है ,क्योंकि ईश्वर में आस्था रखने वाले लोगों को विश्वास है कि संसार संचालक ईश्वर समय आने पर अच्छे बुरे कर्मों का फल अवश्य ही देता है। और वह इसके लिए जिन्हें अपना माध्यम बनाता है। आलोक सिंह जैसा वह जनहित में अपना कर्तव्य भी संपूर्ण ही निभाता है। कुल मिलाकर जनहित में विशुद्ध ईमानदारी का नाम आलोक है। दबाव में नहीं झुकने वाली निडरता का नाम भी आलोक है। पीड़ितों की हर संभव सहायता करने की मंशा का नाम आलोक है। अपराधियों के उनके कर्मों का फल देने की कर्तव्य निष्ठा का नाम आलोक है। वही आलोक जो प्रकाश का भी पर्याय है और वही प्रकाश जिसके दायरे में आने वाला कोई अपराधी बच नहीं पाता है। और ऐसा इसलिए भी क्योंकि जब जन्म धरती पर। मृत्यु धरती पर। और सारे अच्छे - बुरे कर्म धरती पर ,तो फिर इंसान उनका फल भी आसमान में नहीं धरती पर ही पाता हैं ,जिसके लिए ही परमेश्वर योगी ,मोदी ही नहीं आई पी एस आलोक सिंह भी बन जाता है।

# जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के द्वारा जीएसटी सेमिनार का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस तहसील रिपोर्टर



मुरादाबाद। रविवार को जोनल टैक्स बार एसोसिएशन पंजीकृत मुरादाबाद के द्वारा एक जीएसटी सेमिनार का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रितेश कुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कुमार सिंह एडिशनल कमिश्नर ग्रेड -1, हर्ष शर्मा संस्थापक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत लखनऊ तथा कार्यक्रम में सेमिनार में अतिथि के रूप में दी बार एसोसियेशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता जी ग्रेड टू एस आई बी आर ए सेठ जी, ग्रेड टू अपील ओ पी वर्मा जी, ग्रेड टू अपील दिनेश कुमार वर्मा तथा मुख्य वक्ता वीर सिंह रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर अपील ने जीएसटी पर सेक्शन - 61,73,74,129 पर अधिवक्ताओं का ज्ञानवर्धन किया एवं अधिवक्ताओं के द्वारा पूछे गए सवालों का अथवा समस्याओं को कैसे हल किया कार्यक्रम के संयोजक सैयद आरिफ अली रहे संचालन दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया , सेमिनार की अध्यक्षता राकेश कुमार शर्मा द्वारा की गई तथा उनका साथ महासचिव दीपक अग्रवाल द्वारा दिया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और गणेश वंदना से की गई इस अवसर पर विधायक एवं एडिशनल कमिश्नर ग्रेड -1 के द्वारा अधिवक्ताओं को संबोधित भी किया गया गणेश वंदना करने आए बच्चों व टीचर को अतिथि महोदय के द्वारा मोमेंटो एवं गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर संजीव भटनागर, संजीव माहेश्वरी, सैयद अशरफ अली, राजदीप गोयल , दीपक अग्रवाल, अनुज गुप्ता, विचित्र शर्मा, शाहवेज मलिक, शाहिद हुसैन, अमित वर्मा, हर्षित रस्तोगी, राजीव कुमार, नौशाद अहमद, आशीष अग्रवाल, आदित्य शर्मा, सचिन अग्रवाल, विपिन कुमार, जुबैर अली,आशीष कपूर अनिमेष मित्तल गाजियाबाद आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया, धूमधाम से के साथ किया गया गणपति विसर्जन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। शरीफनगर स्थित प्राचीन शिव मन्दिर व बाल शिव मन्दिर मे चल रहे श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के गणपति विसर्जन कार्यक्रमों में पंडित हरिओम शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजन व मन्त्रोचारण के बाद भक्तो को महाआरती करायी, भक्तो ने गणपति बप्पा की प्रतिमा को बहुत धूम-धाम से गुलाल होली के साथ झांकी के रूप मे भ्रमण कराया। बाल शिव मन्दिर पर विसर्जन यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा जिलामन्त्री भानू प्रताप सिहं रहे गणपति विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओ द्वारा पुष्प वर्षा कर गणेश प्रतिमा को रंग गुलाल की होली के साथ भ्रमण कराकर सुरजननगर होते हुए गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के उदघोष के साथ रंग बिरंगी होली खेलते हुए नाचते झूमते हुए बेरखेड़ा स्योहारा घाट स्थित रामगंगा में विधि विधान व पूजन के साथ गणपति जी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। विसर्जन यात्रा में सभी भक्त गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले वर्ष तू जल्दी आ.. का उदघोष कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, मोखी पधान, मनोज कुमार, स्वतंत्र एडवोकेट, कृष्णपाल सिहं, नीरज गहलौत, राधेश्याम, सुमित राणा, ठाकुर विपिन, विकास कुमार, भीम सिहं, नितेश चौहान, ब्रजराज सिहं, आशू चौहान, वेदप्रकाश सिहं, विपुल कुमार, अनुज चौहान, विशाल कुमार, सजल चौहान, हनी राणा, दीक्षित चौहान, सौरभ, दीशू आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री मन की बात

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



बिलारी। कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में बूथ संख्या 378 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात का 125 वें संस्करण को रेडियो पर सुना। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर,मङल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, मंडल कोषाध्यक्ष डॉक्टर मुकीम पाशा, सिंह,राजपाल सिंह,सुनेपाल सिंह, प्रथ्वीपाल सिंह, पुंडीर, रूद्र पुंडीर, राहुल कुमार, महा सिंह,किरनपाल पुंडीर,अरुन ठाकुर ,राजकुमार सिंह ,सतीश सिंह, मनोज कुमार पुंडीर ,राजू सिंह, प्रमोद कुमार पुंडीर ,आकाश ठाकुर, लव ठाकुर,वलजीत पुंडीर, नीतू सिंह, चमन सिंह,रवि कुमार, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, संजय सिंह, सुभाष सिंह, सुनील कुमार,प्रिंस कुमार ,अंकित कुमार, गौरव कुमार,कमल सिंह, रानू सिंह, जीतू कुमार, रंजीत सिंह, अशोक कुमार, मोहित पाल,कमरेआलम, याशीन कुरैशी, जुवैर पाशा, नरेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, बलविंदर सिंह, डाक्टर असम मालिक आदि उपस्थित रहे। उधर कुंदरकी नगर में भी भाजपा मण्डल कार्यलय पर मंडल अध्यक्ष सजय कश्यप,मडंल महामंत्री संजय दिवाकर, मङंल उपाध्यक्ष देव सिंह सैनी।

# प्लास्टिक हटाएं पर्यावरण बचाएं का दिया संदेश

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद की AIILSG की IEC टीम द्वारा स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से जिलानी पब्लिक स्कूल और महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों व शिक्षकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने विद्यालय को सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री स्कूल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। हम सब मिलकर प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प लेते है। स्थानीय नागरिकों के साथ स्वच्छता संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर IEC टीम ने नागरिकों को जागरूक किया डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली की कार्यप्रणाली और उसमें नागरिकों की सहभागिता का महत्व गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण क्यों आवश्यक है,और इसे रोज़मर्रा की आदतों में कैसे शामिल किया जाए। होम कंपोस्टिंग के लाभ जैसे खाद निर्माण, कचरे में कमी और पर्यावरण संरक्षण तथा इसे अपनाने के सरल तरीक़े सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इसका पूर्ण बहिष्कार करने की अपील यह पहल नागरिक भागीदारी को मजबूत बनाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास रहा।

## आवारा कुत्ते ने बच्चें पर हमला कर किया घायल

ठाकुरद्वारा। आवारा कुत्ते ने एक मासूम पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। इस दौरान उसे बचाने आए युवक को भी कुत्ते ने जख्मी कर दिया। घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार हेतु लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाकर और दवाइयां देकर उनका उपचार किया। नगर व देहात क्षेत्र में आवारा खूंखार कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

रविवार को नगर के मोहल्ला बहेड़ा वाला वार्ड नंबर 18 निवासी शकील अहमद का 6 वर्षीय पुत्र आहद घर के पास खेल रहा था तभी आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। मासूम की चीख-पुकार पर मोहल्ले के युवक रिहान ने किसी तरह कुत्ते से बच्चे को छुड़ाया।

## खबरें फटाफट

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

ठाकुरद्वारा। ठाकुरद्वारा सुरजन नगर मार्ग पर सामने से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल डाला। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर के गौरा फॉर्म जगतपुर पट्टी निवासी अमित कुमार पुत्र मुन्नू सिंह रविवार की दोपहर करीब 1:00 बजे अपने रिश्तेदार के घर मानावाला से मेहमान दारी करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। वह जैसे ही मानावाला के मंदिर के निकट सुरजन नगर मार्ग पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल डाला। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते हुए अमित कुमार के घर में कोहराम मच गया। अमित की पत्नी वर्षा, बेटी अक्षरा,चाहत और पुत्र अक्षर और अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बेटा ना होने पर पति ने दिया तीन तलाक, एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

भोजपुर। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका निकाह चालीस वर्ष पहले कलुवा पुत्र नजीर ग्राम मंसूरपुर थाना भोजपुर के साथ हुआ था। निकाह के बाद प्रार्थिनी प्रेमपूर्वक रहती रही उसके बाद पुत्रियां कमरा नर्गिस, नजराना, शहाना व गौसीया को जन्म दिया। उसके बाद प्रार्थिनी को कोई और संतान लड़का नही हुई। इसलिए मेरे शौहर कलुवा ने मुझे लानत देना व जिस्मानी व रूहानी तकलीफें देना शुरू कर दिया। प्रार्थिनी अपना नसीब समझ कर रहती रही मेरे शौहर मुझे रोजाना मारपीट करने लगे कई बार पंचायतों के माध्यम से प्रार्थिनी को ससुराल में रहने दिया गया। मेरे शौहर ने दूसरा निकाह कर लिया है। इसलिए भी मारते पीटते रहते हैं। कलुवा पुत्र नजीर, सौतन नाजमा व परिवार के अनस पुत्र अब्दुल रहीम, मौ0 हसन पुत्र इब्राहिम ने एक राय होकर चारों ने लातों घूसों से मेरे साथ मारपीट की और धमकी देकर व धक्का मारकर अपने घर से निकाल दिया और कहा कि अगर इधर आई तो तुझे जान से मार देंगे और घर से भगा दिया ।

## कोतवाली परिसर में पुलिस पेंशनर की गोष्ठी आयोजित



ठाकुरद्वारा। कोतवाली परिसर में पुलिस पेंशनर की गोष्टी रविवार को आयोजित की गई। जिसमें उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गई तथा उनके परिचय लिए गए। कोतवाली क्षेत्र में 35 पुलिस पेंशनर निवास करते हैं। प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल ने गोष्ठी में सभी से कहा कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं उनकी समस्या का तत्परता से निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही संबंधित हल्का उप निरीक्षकों और बीट आरक्षियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर पुलिस पेंशनर से वार्ता कर उनकी समस्या को सुने और समस्या का तत्परता से निस्तारण कराया जाए।

# शादी में अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

भोजपुर। रविवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव पीपलसाना निवासी विधवा सानम पत्नी नसीमुलहक ने बताया है कि 19 अक्टूबर को बेटी का रिश्ता थाना एवं गांव मैनाठेर निवासी जमशेद के बेटे अली के साथ किया था। मंगनी में पांच लाख 65 हजार रुपए खर्च किए थे। 23 अगस्त को बेटी का ससुर जमशेद,सास बब्बो खालू इमरान, दो खाला खुशनसीब व गौसिया घर पर आई और विवाह में बीस लाख रुपए नकदी देने की मांग करने लगीं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जेठ तहसीनुलहक ने मौके पर आकर उन्हें समझाया पर उन्होंने एक नही सुनी। आरोपियों ने कहा कि हमारे बेटे के साथ विवाह नहीं किया तो तेरी बेटी के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर देंगे। उसकी दूसरी जगह भी शादी नही होगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। वादी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रांतर्गत ने दिनांक 24 अगस्त को उसकी पुत्री द्वारा कस्बा सैफनी में एक क्लीनिक पर काम करने को कहकर घर से ले जाने व वापस न आने आदि के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर गुमशुदगी दर्ज की गयी। थाना पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये लड़की की तलाश की जा रही थी तथा उक्त क्लीनिक स्टाफ व परिजनों से भी पूछताछ की गयी, गुमशुदगी की जांच में लडकी के प्रेम-प्रसंग होने के तथ्य प्रकाश में आये। 30 अगस्त शनिवार को वादी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रांतर्गत द्वारा बताया कि मेरी पुत्री के गुम होने के संबंध में मैंने गौसे आलम पुत्र राहत जान निवासी ग्राम चकफाजलपुर थाना कुन्दरकी मुरादाबाद से पूछा तो उसके द्वारा बताया गया कि मैने अपने दोस्त के साथ मिलकर आपकी लड़की की हत्या कर उसका शव ईख के खेत मे छुपा दिया है, इस संबंध में वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर गौसे आलम आदि 02 नामजद के पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार उक्त घटना के शीघ्र सफल अनावरण व घटना में संलिप्त आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में थाना बिलारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे नामित अभिउक्त गण की लगातार तलाश की जा रही थी। जिसके फलस्वरूप मुखबिर की सूचना पर दिनांक शनिवार की रात्रि को गठित टीम द्वारा आरोपी गौसे आलम पुत्र राहत जान निबसी ग्रा० चकफाजलपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गौसे आलम की निशांदेही पर मृतका का शव थाना कुन्दरकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रूपपुर में एक व्यक्ति के ईख के खेत से बरामद किया गया।

# पांच लाख का लोन लेने के लिए गंवाए 15.47 लाख, केस दर्ज




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। महानगर मुरादाबाद थाना कटघर क्षेत्र निवासी निर्यात फर्म संचालक ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि अज्ञात साइबर अपराधी ने 5 लाख का लोन देने के नाम पर उसे 15.47 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस अधीक्षक यातायात/अपराध और साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी सुभाष चन्द्र गंगवार ने बताया कि मामले में रविवार को मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कटघर क्षेत्र के मकबरा निवासी मसरूर हुसैन घर के पास ही न्यू एमएच हैंडीक्राफ्ट के नाम से निर्यात फर्म है। थाना पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि बीते मई माह में उन्हें कारोबार में ₹5,00,000 की जरूरत थी। इसी दौरान फेसबुक पर उन्होंने अलखोर इंटरनेशनल इस्लामिक

## मामले में रविवार को मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी

बैंक औरंगाबाद महाराष्ट्र का एक विज्ञापन देख गूगल पर सर्च किया, तो उसका पता व फोन नंबर भी निकल आया। उन्होंने फोन नंबर पर सम्पर्क किया तो फोन अटेंड करने वाले व्यक्ति ने बताया कि ₹5,00,000 तक का लोन बिना किसी ब्याज दर के उसे मिल जाएगा। इस रकम को 5 वर्षों में 8333 रुपए मासिक किस्त पर अदा करने होंगे। फोन पर बात करने वाले आरोपित ने उन्हें झांसे में लेकर उनसे कई बार में 15.47 लाख रुपए ले लिए। तीन माह तक जब उनका लोन पास नहीं हुआ तो उन्होंने पुनः उसे नंबर और पते पर सम्पर्क मिला तो वह फर्जी निकला।

# मुरादाबाद महानगर में 631 बूथों पर 6731 लोगों ने सुनीं पीएम के मन की बात

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद महानगर के मंत्री व मन की बात कार्यक्रम के महानगर संयोजक सर्वेश पटेल ने बताया कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125वें संस्करण का महानगर में नगर व देहात विधानसभा के 631 बूथों पर 6731 लोगों ने सुना।

भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि आज कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो और भी ऐसा बहुत कुछ, जीवन की हर जरूरत में सब कुछ स्वदेशी हो। गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है। इस भाव को लेकर हमें आगे चलना है। एक ही मंत्र वोकल फॉर लोकल, एक ही रास्ता आत्मनिर्भर भारत, एक ही लक्ष्य विकसित भारत।

क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त व गोपाल अंजान, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित्त जायसवाल व महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, नत्थूराम कश्यप, दिनेश शीर्षवाल, पार्षद दल के उप नेता सुरेंद्र बिश्नोई, नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष शैलेंद्र सैनी आदि भाजपाइयों ने विभिन्न मंडलों में मन की बात कार्यक्रम सुना।

# छात्रा को बहला-फुसलाकर कर ले जाने पर केस

भोजपुर। निवासी ग्राम श्यामपुर हादीपुर ने भोजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को तहरीर देकर बताया कि मेरी पुत्री मीना काल्पनिक नाम नाबालिग उम्र करीब 17 वर्ष पढ़ने के लिए पीपलसाना स्टेशन भोजपुर ट्रेन से मुरादाबाद गयी थी।

पुत्री हिन्दु कॉलेज मुरादाबाद में कक्षा बीएससी की शिक्षा ग्रहण कर रही है। समय 8.00 बजे घर से पढ़ने के लिए गयी थी। किन्तु घर नहीं लौटी। प्रार्थी ने तलाश किया तथा जानकारी व पूछताछ की तो पता चला अनुज कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लदावली थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद व उसका बहनोई रविकुमार पुत्र पानसिंह निवासी ग्राम शयामपुर हादीपुर थाना भोजपुर पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गये है। मेरी पुत्री नाबालिग है, प्रार्थी ने उक्त अनुज कुमार व रविकुमार को काफी समझाया और कहा कि पुत्री को मेरे हवाले कर दो किन्तु वे सुनवा नहीं हो रहे है तथा जबरदस्ती शादी करा रहे है। प्रार्थी ने अवैध रूप से व जबरदस्ती शादी करने से रोकने का प्रयास किया तो उक्त दोनो व्यक्ति मारपीट पर उतारु हो गये तथा गन्दी गन्दी गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी देने लगे और मुझको भगा दिया। जबरन अपहरण कर पुत्री को अपने साथ रखे हुये है। मुलजिमान उक्त के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिससे प्रार्थी के परिवार व पुत्री की सुरक्षा हो सके। भोजपुर पुलिस ने उक्त दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# साइबर हेल्प टीम ने ठगी की गई राशि कराई वापस



मुरादाबाद। थाना मुंडापांडे अंतर्गत साइबर क्राइम से निपटने के लिए गठित साइबर हेल्प डेस्क टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी से की गई ₹ 7000 की राशि को वापस दिलाया गया। पीड़ित व्यक्ति ने साइबर हेल्प डेस्क में शिकायत दर्ज कराई थी। कि उसके साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन माध्यम से ₹ 7000 की धोखाधड़ी की है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए हेल्प डेस्क की टीम ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई शुरू की और संबंधित बैंक तथा साइबर सुरक्षा एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया। टीम की तत्परता और तकनीकी दक्षता के चलते ठगी की गई पूरी राशि आवेदक के खाते में सफलतापूर्वक रिफंड कराई गई। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस विभाग की इस तत्परता की सराहना की है। थाना प्रभारी मुंडापांडे ने बताया कि जनता को साइबर फ्रॉड से जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क में संपर्क करने की अपील की गई है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash- II New Delhi-110048
15/240 Civil Lines Kanpur - 208001

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के कारण दो लोगों की मौत, पांच अन्य घायल



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में रविवार को एक घर में संचालित की जा रही पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के कारण कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया, ''विस्फोट उस घर में हुआ जहां पटाखा फैक्टरी संचालित की जा रही थी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोग घायल हुए हैं।'' मृतकों की पहचान आलम (50) और उसकी पत्नी मुन्नी (48) के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह घटना दोपहर करीब 12 बजे गुडंबा के बेहटा इलाके में हुई। विस्फोट के बाद भवन की छत का एक हिस्सा ढह गया, जिससे पांच अन्य लोग मलबे में दब गए। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

एसीपी ने कहा, ''दमकल विभाग, एम्बुलेंस और स्थानीय पुलिस सहित बचाव दल घटनास्थल पर बचाव कार्य कर रहे हैं।'' राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम भी राहत कार्य में मदद के लिए मौके पर पहुंच गई है। एक सवाल के जवाब में लखनऊ पूर्व के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शशांक सिंह ने पत्रकारों से कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि फैक्टरी अवैध थी या वैध। उन्होंने कहा, ''हम इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि अंदर किस तरह की ज्वलनशील और विस्फोटक सामग्री या पदार्थ रखे गए थे।'' वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं तथा यह सुनिश्चित करने को कहा है कि घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# घरेलू कलह से तंग आकर कौड़िया में नहर में कूदा युवक, मचा हड़कंप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा। जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र के आर्यनगर नहर पर रविवार को एक दर्दनाक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। अड़बड़वा गांव निवासी पिंटू प्रजापति नामक युवक ने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद नहर में छलांग लगा दी, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

स्थानीय लोगों ने युवक को नहर में कूदते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना रविवार दोपहर के समय की बताई जा रही है। पिंटू प्रजापति, जो स्थानीय निवासी हैं, घरेलू कलह से तंग आकर यह कदम उठा लिया। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि पिंटू ने गुस्से में नहर की ओर दौड़ लगाई और बिना सोचे-समझे पानी में कूद पड़े।

नहर का पानी तेज बहाव वाला होने से युवक का कुछ पता नहीं चल सका। आसपास के ग्रामीणों ने शोर मचाया, लेकिन कोई उसे रोक नहीं पाया। सूचना मिलते ही कौड़िया थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साथ ही, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को भी बुलाया गया। दोनों टीमें युवक की तलाश में जुटी हुई हैं। गोताखोरों की मदद से नहर के आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं लगा था। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और घटनास्थल का मुआयना किया। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन घरेलू विवाद की वजह से कोई आपराधिक साजिश तो नहीं, इसकी भी पड़ताल की जा रही है।

इस घटना से अड़बड़वा और आर्यनगर इलाके में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि नहर के किनारे अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इस बार घरेलू झगड़े ने सबको स्तब्ध कर दिया। पिंटू के जो सदमे में हैं। स्थानीय प्रशासन ने परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि तलाश अभियान जारी रहेगा।

# चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई 'जुमले' का सच चिंताजनक : अखिलेश



लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय बाजार में चीन निर्मित सामान की घुसपैठ पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा कि चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई 'जुमले' का सच चिंताजनक है।

यादव ने यहां एक बयान में कहा, ''चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता जिस तरह बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारख़ानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोज़गारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।'' उन्होंने कहा कि तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के ''भाजपाई जुमलों'' का सच चिंताजनक है।

यादव ने कहा, ''पहले चीन अपना माल भारत के बाज़ारों में भर देगा। इससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नज़रअंदाज़ करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा, फिर मनमाने दाम पर हर चीज़ सप्लाई करेगा। उसके बाद महंगाई-बेरोज़गारी बढ़ाएगा। जब महंगाई-बेरोज़गारी ज़्यादा होगी तो सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश भी कई गुना बढ़ जाएगा।''

सपा प्रमुख ने कहा कि दूसरों के सहारे पर चल रही बिना बहुमत की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार और भी कमज़ोर होकर लड़खड़ा जाएगी तथा ख़ुद ही लड़खड़ाती भाजपा की सरकार चीन के अतिक्रमण को तब कैसे चुनौती दे पायेगी? उन्होंने कहा, ''हमारी भूमि पर जब चीन अपना क़ब्ज़ा और बढ़ता जाएगा तो फिर भाजपा दोहराएगी कि न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है।''

# फर्जी गेमिंग ऐप में खनन माफिया का खेल रिश्तेदार के नाम पर 2.34 करोड़ का लेनदेन

**कन्नौज पुलिस ने भाई को किया गिरफ्तार**



**गोंडा।** कन्नौज पुलिस ने गत दिवस फर्जी गेमिंग ऐप से जुड़ी धोखाधड़ी का भांडाफोड किया है।इस मामले में गोंडा जिले के खनन माफिया हाफिज अली और उसके भाई कायम अली का नाम सामने आया है।मामले की जांच में पता चला है कि हाफिज अली ने अपने रिश्तेदार अतीकुर्रहमान के नाम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की गोंडा शाखा में कार्पोरेट खाता खुलवाया और इस खाते से 2 करोड़ 34 लाख रुपये का लेनदेन किया गया।खाते में अतीकुर्रहमान की जगह हाफिज अली का मोबाइल नंबर दर्ज था।पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि अतीकुर्रहमान के खाते से हाफिज अली के भाई कायम अली के खातों में भी पैसों का लेनदेन हुआ है।बताते चलें कि कन्नौज पुलिस ने देर रात कायम अली को गोंडा से गिरफ्तार कर लिया है तो हाफिज अली अभी फरार चल रहा है।कन्नौज पुलिस व साइबर पुलिस हाफिज अली के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।पिछले तीन दिनों से लगातार छापेमारी के बावजूद खनन माफिया हाफिज अली पुलिस की पकड़ से दूर है।

गौरतलब है कि फर्जी गेमिंग ऐप के माध्यम से धोखाधड़ी के मामले में नाम सामने आने के बाद जैसे ही कन्नौज पुलिस की सक्रियता बढ़ी और गोंडा पहुंची वैसे ही खनन माफिया हाफिज अली फरार हो गया।कन्नौज पुलिस द्वारा की जा रही लगातार छापेमारी के कारण उसके घर पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो कन्नौज पुलिस ने भी अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है।पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।अतीकुर्रहमान के खाते से हुए और लेनदेन की भी जांच कन्नौज थाने की पुलिस द्वारा की जा रही है जिसमें जल्द ही कई और बड़े खुलासे होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।यहाँ यह जानना आवश्यक है कि वर्ष 2012 में तत्कालीन सपा सरकार में रसूख के बल पर बालू का ठेका हथिया कर हाफिज अली ने राजनीति में कदम रखा था और बड़े पैमाने पर हाफिज अली ने अपने गांव चकरसूल तथा आसपास के इलाकों में अवैध खनन किया था।जिसको लेकर गोंडा से भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने वर्ष 2018 में एनजीटी में शिकायत दर्ज कराया था।जांच में अवैध खनन की पुष्टि होने पर खनन माफिया हाफिज अली सहित 37 लोगों पर 212 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था जिस पर वर्तमान समय में खनन माफिया हाफिज अली को उच्चतम न्यायालय से स्टे मिला हुआ है और वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से हाफिज अली के सारे खनन के काम न के बराबर चल रहे हैं।वहीं कन्नौज नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कन्नौज में बड़े पैमाने पर फर्जी गेमिंग ऐप यहाँ पर ठगी की गई थी और हम लोगों ने इसका खुलासा किया है जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।मामले की विस्तृत जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि मुख्य सरगना साफ्टवेयर इंजीनियर आयुष शुक्ला भी गोंडा जिला मुख्यालय के गायत्री पुरम का रहने वाला है।प्रभारी निरीक्षक ने आगे बताया कि मामले की और विस्तृत जांच किया गया तो हाफिज अली और उसके भाई कायम अली का नाम सामने आया है जिसमें कायम अली को गिरफ्तार कर कन्नौज लाया गया है और पूछताछ कर अग्रिम रणनीति बनाई जा रही है। हाफिज अली अभी भी फरार है जिसके संबंध में कन्नौज पुलिस और साइबर सेल पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## मध्य प्रदेश के युवक ने वृन्दावन के महंत पर लगाया कुकर्म का आरोप

मथुरा (उप्र), (भाषा) मध्य प्रदेश के एक युवक ने वृन्दावन के एक आश्रम के महंत पर उसके साथ कुकर्म करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर साथियों से भी कुकर्म कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मध्य प्रदेश निवासी एक युवक ने अपनी शिकायत में कहा है कि यह घटना 22 नवंबर 2022 की है। उन दिनों वह वृन्दावन के एक आश्रम के महंत के पास रह रहा था। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार एक दिन महंत ने उसे प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उसके साथ कुकर्म किया और इसका वीडियो भी बनाया। फिर वीडियो के जरिए उसे डरा- धमकाकर अपने साथियों से भी कुकर्म कराया। उन्होंने कहा कि युवक ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि विरोध करने में उसके साथ मारपीट की गई। वह किसी तरह आश्रम से निकलकर अपने घर पहुंचा, तो संत के लोगों ने उसे तलाशना शुरू कर दिया और उसे व उसके परिजन को भी जान से मारने धमकी दी गई।

# अनामिका शुक्ला केस में बीएसए को नहीं मिली राहत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**एफ आई आर रद्द करने की मांग पर सुनवाई आज**





गोंडा। जिले के बहुचर्चित अनामिका शुक्ला प्रकरण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित आठ लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई प्राथमिकी में उस समय नया मोड़ आ गया जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी व पटल लिपिक सुधीर सिंह ने प्राथमिकी रद्द किये जाने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया है।

दोनों याचिकाओं पर बीते दिवस सुनवाई नहीं हो सकी और आब इस प्रकरण पर आज एक सितम्बर को न्यायालय कक्ष संख्या 9 में न्यायमूर्ति राजेश सिंह सुनवाई करेंगे।जिससे अभी तक फिलहाल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी व पटल लिपिक सुधीर कुमार सिंह को राहत नहीं मिली है।

याचिकाकर्ताओं ने अपर प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश, पुलिस अधीक्षक गोंडा,नगर कोतवाल व याची प्रदीप कुमार पांडेय को पार्टी बनाया है।

इस बीच नगर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण उपरोक्त में वादी प्रदीप कुमार पाण्डेय को बयान के लिए बुलाया है परन्तु वादी की मां का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अभी तक अपना बयान दर्ज कराने के लिए नगर कोतवाली नहीं पहुंच सके हैं वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी मुकदमा उपरोक्त से संबंधित कोई भी अभिलेख खबर लिखे जाने तक नगर कोतवाली पुलिस को उपलब्ध नहीं कराया है।

वहीं प्रकरण उपरोक्त में नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी की मानें तो मामले की विवेचना उप निरीक्षक शुभम दूबे द्वारा किया जा रहा है साक्ष्य के आधार पर जल्द ही अग्रिम कार्रवाई संपादित की जाएगी।

# श्रावस्ती में सौतेली मां की पिटाई से आठ वर्षीय बच्चे की मौत



**श्रावस्ती** (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले के नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने आठ वर्षीय सौतेले पुत्र की कथित तौर पर बेलन और चिमटे से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, बच्चे की पहचान दीपक के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार को फत्तूपुर गांव की है जहां दीपक अपने पिता राजकुमार दूबे के घर पर अपनी दादी कौशल्या, सौतेली मां अर्चना दूबे और तीन वर्षीय बहन के साथ रहता था। राजकुमार दिल्ली में मजदूरी करता है।

दीपक की दादी कौशल्या ने कहा, ''शनिवार सुबह वह (दीपक) पूरी तरह स्वस्थ था। मेरी बहू ने मुझे दवा लाने बाजार भेजा था। जब मैं वापस लौटीं, तो देखा कि दीपक का शव कमरे में चादर से ढका हुआ पड़ा है और उसके शरीर पर चोट के कई निशान थे।'' थाना प्रभारी शंभूनाथ सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि बच्चे ने शौच के दौरान अपने कपड़े गंदे कर लिये थे इसी बात से नाराज होकर सौतेली मां ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

ग्राम प्रधान राजकुमार यादव ने बताया कि शुरुआत में महिला ने अनभिज्ञता जताई, लेकिन बाद में ग्रामीणों के सामने उसने स्वीकार किया कि गुस्से में उसने बच्चे को चिमटे से मारा था जिससे बच्चा बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बताया कि आरोपी महिला अर्चना दूबे को गिरफ्तार कर लिया गया है और वारदात में इस्तेमाल चिमटा और बेलन भी बरामद कर लिए गए हैं।

# मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव की विशेष जिम्मेदारी अपने भतीजे आकाश आनन्द और सांसद गौतम को सौंपी



**लखनऊ**, (भाषा) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की विशेष जिम्मेदारी रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और अपने भतीजे आकाश आनन्द, केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम तथा पार्टी की बिहार इकाई को सौंपी।


बसपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक “एक्स” हैंडल पर यह भी जानकारी दी कि उनकी पार्टी पड़ोसी राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव अपने बल पर, अकेले लड़ेगी। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि बिहार विधानसभा के लिये अगले कुछ महीनों में चुनाव होने हैं जिसके लिए उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पिछले दो दिनों की बैठक में गहन चर्चा व समीक्षा की गयी।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने बल पर चुनाव लड़ने के फैसले के मद्देनज़र बैठक में आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को भी अन्तिम रूप दिया गया।

उनके मुताबिक, बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को उल्लेखित कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों को अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाली पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई। मायावती ने पोस्ट में कहा कि ये सभी कार्यक्रम उनके निर्देशन में होंगे और इसकी विशेष जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम तथा पार्टी की बिहार इकाई को सौंपी गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा(करनैलगंज)। कोतवाली क्षेत्र के मीनापुर गांव में शनिवार शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विवाहिता राकिया उम्र करीब 35 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।प

्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक कलह के कारण उसने यह कदम उठाया। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीते कुछ वर्ष पूर्व महिला राकिया उम्र करीब 35 वर्ष का विवाह मीनापुर निवासी शाहिद के साथ हुआ था। मायके पक्ष का कहना है कि विवाहिता को ससुराल में मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

घटना ने गांव में सनसनी फैला दी है, और लोग इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसफार्मर जला,लखनऊ से आई टीम द्वारा मरम्मत कार्य प्रारम्भ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- एक पखवाड़े से अधिक समय से उपभोक्ता परेशान

गोंडा।जिले के इटियाथोक विकास खंड के मेहनौन पावर हाउस का 10 केवीए ट्रांसफार्मर जलने से लगभग 7 हजार उपभोक्ता बिजली संकट झेल रहे हैं।बताते चलें कि गत 7 अगस्त को ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण बाधित विद्युत आपूर्ति 20 अगस्त को बहाल हुई थी परन्तु तीन दिन बाद ही उक्त ट्रांसफार्मर दुबारा जल गया।

रविवार को विशेषज्ञों की टीम लखनऊ से मेहनौन पावर हाउस पहुंच कर जिम्मेदारों की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर दिया।

विभागीय कर्मी राम कुमार मिश्रा के अनुसार धानेपुर पावर हाउस से आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति की जा रही है जिसके कारण उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले 20 दिनों से मेहनौन पावर हाउस से विद्युत आपूर्ति बंद है।धानेपुर पावर हाउस से मिल रही कम वोल्टेज की बिजली से पंखे,मोटर व पंपिंग सेट नहीं चल रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बार बार ट्रांसफार्मर जलने से तकनीकी खामी या ओवरलोड की समस्या स्पष्ट है।विभागीय अधिकारियों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है।

# हलधरमऊ क्षेत्र में अवैध स्कूलों पर कार्रवाई सवालों के घेरे में




- डीएम का आदेश कागजों तक सीमित, मिलीभगत से धंधा जारी

**गोण्डा।** जिले के शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ में अवैध स्कूलों पर रोक का जिलाधिकारी का आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। खंड शिक्षा अधिकारी का दावा है कि शिक्षा विभाग द्वारा चिन्हित सभी अमान्य स्कूल बंद करा दिए गए हैं, लेकिन हकीकत यह है कि कई अवैध स्कूल अब भी संचालित हो रहे हैं और खुलेआम बच्चों का भविष्य दांव पर लगा रहे हैं।

गौरतलब है कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के बाद तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा ने 26 अप्रैल को तहसीलदार, बीईओ और थानाध्यक्षों की टीम गठित कर जिले में अवैध स्कूलों को बंद कराने का आदेश दिया था। बावजूद इसके, अब तक हलधरमऊ क्षेत्र में शटर की दुकानों और बेसमेंट में कई स्कूल खुलेआम चल रहे हैं।

वहीं, कई स्कूल प्राथमिक स्तर की मान्यता लेकर कक्षा आठ तक पढ़ाई करवा रहे हैं। भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के जिलाध्यक्ष नारायणधर द्विवेदी का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध स्कूलों का संचालन लगातार जारी है। जब आदेश होने के बावजूद स्कूल चल रहे हैं तो साफ है कि शिक्षा विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारी संरक्षण दे रहे हैं।

वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से भी सवाल उठाते हुए कहा गया है कि अवैध तरीके से संचालित स्कूलों पर रोक न लगने से सरकारी स्कूलों में नामांकन घटा है और कई विद्यालय विलय की जद में आकर बंद हो रहे हैं। अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो शायद एक भी सरकारी विद्यालय विलय के दायरे में न आता।

खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि अमान्य स्कूलों को बंद कराया गया था, लेकिन कुछ संचालक अब अलग समय पर संचालन कर रहे हैं। साथ ही, कुछ ने पुनः मान्यता के लिए आवेदन भी दिया है। ऐसे में अब बड़ा सवाल यह है कि जब जिलाधिकारी का आदेश ही कागजों से बाहर नहीं निकल पाया, तो क्या शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और मिलीभगत इतनी गहरी जड़ें जमा चुकी हैं कि हर कार्रवाई को नाकाम कर देती हैं?

## उप्र में एक सितंबर से 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान

लखनऊ, (भाषा) दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में पहली सितंबर से 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा।

आगामी 30 सितंबर तक चलने वाले अभियान में परिवहन, पुलिस, राजस्व अथवा जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि हर नागरिक को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है तथा 'ईंधन तभी, जब हेलमेट सिर पर हो।'

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि ''नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान एक से 30 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में चलेगा और सभी जिलों में जिलाधिकारी के नेतृत्व, डीआरएससी के समन्वय और पुलिस-प्रशासन-परिवहन अधिकारियों के प्रवर्तन के साथ चलेगा।

# होटल में दिव्यांग नाबालिग से कराया जा रहा बाल श्रम, प्रशासन मौन -जिम्मेदार कौन?



**गोंडा**(करनैलगंज)।तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत पहाड़ापुर बाजार स्थित एक होटल में एक दिव्यांग नाबालिग बच्चे से काम करवाए जाने का मामला सामने आया है। हाथ-पैर से लाचार यह बच्चा होटल में मजदूरी करता नजर आ रहा है, जो न केवल बाल श्रम कानूनों का घोर उल्लंघन है, बल्कि दिव्यांग कल्याण नियमों की भी खुलेआम अवहेलना दर्शाता है। क्या यह मजबूरी है, लापरवाही है या सिस्टम की नाकामी? जिम्मेदार क्यों मौन साधे हुए हैं? समाज और प्रशासन से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कब तक मूकदर्शक बने रहेंगे? सूत्रों के अनुसार, यह नाबालिग बच्चा, जो चलने-फिरने में असमर्थ है, होटल में बर्तन साफ करने और अन्य छोटे-मोटे कामों में लगाया जा रहा है। यह बालक नाबालिग बताया जा रहा है, जो बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सख्ती से प्रतिबंधित है। इसके अलावा, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार ऐसी अवस्था वाले व्यक्ति को उचित शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास की सुविधा मिलनी चाहिए, न कि मजदूरी करनी चाहिए। कानूनी रूप से ऐसे अपराध पर होटल संचालक को 1 वर्ष तक की कैद और 20,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। यह मामला इसलिए और गंभीर है क्योंकि गोंडा जिला पहले से ही बाल श्रम के प्रति जागरूकता अभियानों का केंद्र रहा है। पुरानी रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रम विभाग और यूनीसेफ ने 2016 से ही होटलों, ढाबों और कारखानों में बाल श्रम रोकने के लिए नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। चाइल्डलाइन 1098 पर शिकायत दर्ज करने की अपील की जाती रही है, लेकिन क्या ये प्रयास कागजों तक सीमित हैं? हाल ही में जिले के इसी पहाड़ापुर स्थित एक होटल से नाबालिग को मुक्त कराने की कार्रवाई हुई है, लेकिन उसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जिससे प्रशासन व जिम्मेदार विभाग की उदासीनता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में देखना यह है कि क्या स्थानीय पुलिस या श्रम प्रवर्तन अधिकारी इसकी जांच कर त्वरित कार्यवाही करते हैं? या यह फिर से एक दबा दिया जाने वाला मामला बन जाएगा? बच्चे के परिवार की मजबूरी शायद गरीबी या सामाजिक दबाव समझ में आती है, लेकिन होटल संचालक की लालच और सिस्टम की लापरवाही इसे अपराध बना देती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर समाज कब जागेगा? क्या हम ऐसे मूकदर्शक बने रहेंगे या चाइल्डलाइन पर कॉल करके या सोशल मीडिया पर आवाज उठाकर इस अन्याय को रोकेंगे? यह बच्चा सिर्फ एक उदाहरण है, गोंडा जिले के ग्रामीण इलाकों में ऐसी घटनाएं आम हो सकती हैं। तत्काल कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# मंत्री जयवीर सिंह ने सुनी जन समस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद । पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास पर जनपद के सुदूर क्षेत्र से आए जन समाज की समस्याओं को न केवल सुना बल्कि उनमें से कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान किया, इन समस्याओं में ज्यादातर वह समस्याएं थी जो व्यक्ति के रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी हुई है, उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि, कोई भी अधिकारी जन समस्याओं की अनदेखी न करें, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें, ग्राम नगला चूड़ा मौजा चंद्रवार की रहने वाली राम स्नेही ने मंत्री जी से निवेदन किया कि उनके खेत गाटा संख्या 1504 एवं रकवा 3.457 हेक्टेयर पर भू माफिया द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, इस पर मंत्री जी ने उप जिलाधिकारी सदर को जांच करने के आदेश दिए, इसके अलावा एक प्रार्थी हरिओम शिवहरे ने मंत्री जी से प्रार्थना की की उसकी बेटी पूनम गुप्ता उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय आगरा जनपद की रामबाग शाखा में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत है, उसका स्थानांतरण गाजियाबाद में करने की प्रार्थना की, जिसे मंत्री जी ने उन्हें आश्वासन दिया कि हर संभव मदद की जाएगी, इसी तरह एक नीरज देवी जो नसीरपुर की रहने वाली थी उसने मंत्री जी से प्रार्थना की उसके पति द्वारा छोड़ी गई एलआईसी की धनराशि एल आई सी एजेंट, बैंक मैनेजर, एल आई सी ऑफिस के कर्मचारियों के साजिश के तहत मिल नहीं पा रही है, मंत्री जी ने प्रार्थनी महिला को आश्वासन दिया कि उसकी हर संभव सहायता की जाएगी, इस तरह मंत्री जी के समक्ष राजस्व, कानून व्यवस्था, साफ-सफाई से अनेक मामले आए, जिसके निस्तारण हेतु मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने का आदेश दिए, इस दौरान उप जिलाधिकारी सिरसागंज, एएलसी, क्षेत्राधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।

# ट्रक ने टैंकर में मारी टक्कर, एक की मौत

- दो हाइड्रा से निकाला गए कंडक्टर की मौत, चालक गंभीर घायल, बारिश में फंसा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद।आगरा-फिरोजाबाद मार्ग पर शनिवार देर रात शंकर ढाबा टूण्डला के सामने भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक ने टैंकर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टैंकर (नंबर पीबी10 एफवाई 5602) में ट्रक (नंबर आरजे02 जीसी 6497) घुस गया, जिससे ट्रक कंडक्टर केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक जय चंद्र बाबू पुलिस सहित मौके पर पहुंचे।



तौफीक खान का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार, हादसा रात करीब 3 बजे हुआ। ट्रक को सलमान निवासी ग्राम माचा थाना किशनगढ़ राजस्थान चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंडक्टर को बाहर निकालने के लिए पुलिस को दो हाइड्रा की मदद लेनी पड़ी। बारिश के कारण हाइड्रा की व्यवस्था करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक को सर्विस रोड से डायवर्ट किया। गंभीर रूप से घायल सलमान पुत्र इसहाक (उम्र करीब 30 वर्ष), को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं ट्रक कंडक्टर तौफीक खान पुत्र जुम्मा खान, निवासी औदरा थाना किशनगढ़, राजस्थान को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस कार्यालय पर भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष महानगर डॉ सतीश दिवाकर के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष मुन्नी देवी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय मोड़ा चौराहा पर सैकड़ो महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया ।

विरोध प्रदर्शन के समय महानगर जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि भारतीय राजनीति के स्तर को गिराने वाला कृत्य है प्रधानमंत्री देश के गरीबों, महिलाओं, किसानों और नौजवानों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं । महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष मुन्नी देवी ने कहा कि राहुल गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मां के बारे में जिस तरीके से अपशब्द कहे गए हैं यह कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दशार्ता है कांग्रेस अब मुद्दों की राजनीति करने में विफल हो चुकी है । विरोध प्रदर्शन के अवसर पर डॉ मधुरिमा गुप्ता राम लड़ेंती लकी के के गांधी अनुपम शर्मा दुर्गेश यादव आकृति सहयोगी सरिका गुप्ता गुड्डी देवी सावित्री देवी मनोरमा राधेश्याम यादव शैलेंद्र गुप्ता शालू दीपक गुप्ता कालू आकाश गुप्ता योगेंद्र बाबा देश दीपक गुप्ता राजा सतवीर गुर्जर आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे ।

# रजावली क्षेत्र में चोरी: शादी के लिए रखा जेवर और नकदी पार

- छत के रास्ते घर में घुसे चोर, 50 हजार रुपये और सोने-चांदी के गहने ले गए, वारदातों से दहशत में ग्रामीण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। थाना रजावली के ग्राम नगला ईश्वरी में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार प्रदीप पुत्र जंगली सिंह, जो मूल रूप से नगला रंजीत अवागढ़ का निवासी है और पिछले 4-5 वर्षों से नगला ईश्वरी में रह रहा है, के घर में देर रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच चोरी की वारदात हुई।



वारदात के समय घर में प्रदीप की बूढ़ी मां समेत कुल पाँच लोग मौजूद थे। बताया गया कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे और कमरे में रखे बक्से से गहने व नकदी पार कर ले गए। चोरी गए सामान में 3 तोड़िया चांदी की, 3 अंगूठी सोने की, 1 कन्दोनी, 1 तिलक और लगभग 50 हजार रुपये नकद शामिल हैं। नकदी हाल ही में भैंस बेचकर जुटाई गई थी। यह सारा सामान बड़े बेटे दिनेश की आगामी नवम्बर माह में होने वाली शादी के लिए तैयार किया गया था।

वारदात के बाद चोरी गया बक्सा घर से लगभग 200 मीटर दूर खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने रात में ही पुलिस को सूचना दी, जिस पर मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से रजावली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इन वारदातों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। कई लोग रातों में जागकर पहरा दे रहे हैं, जबकि चोरों की अफवाहों ने दहशत और बढ़ा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध देसी शराब सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शुक्रवार शाम आठ बजे रेलवे एनसीआर मैदान से एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि जितेंद्र कुमार निवासी नगला बरी विजयनगर टंकी के पास थाना रामगढ़ फिरोजाबाद है। पकड़े गए आरोपी के पास तलाशी के दौरान 20 पऊए देसी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त पकड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार शाम सवा छह बजे जरौली जाने वाले रास्ते के कट से सड़क किनारे एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धीरज निवासी उसायनी थाना टूंडला है। आरोपी के पास से तलाशी के दौरान एक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गांव पिपरौली का युवक लापता, अनहोनी की आशंका

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। थाना रजावली क्षेत्र के पिपरौली निवासी लोकेश उर्फ.लोचन (मानसिक रूप से अस्वस्थ) 20 अगस्त से लापता है। वह घर से नगलाबीच जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। छोटे भाई मुकेश ने थाने में सूचना देकर पुलिस और आमजन से तलाश में मदद की अपील की है। परिवार को अनहोनी की आशंका है।

### बीमारी के चलते महिला की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । जसराना। थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर कुतकपुर में एक महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। महिला की मौत के बाद मायका पक्ष ने हत्या करने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी करने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जसराना क्षेत्र के गांव अकबरपुर कुतकपुर निवासी निर्मल सिंह की दो वर्ष पूर्व 21 वर्षीय वैजयंती देवी के साथ शादी हुई थी। महिला तपेदिक बीमारी से पीडित थी। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया महिला का उपचार मायके पक्ष के लोग सैफई में करा रहे थे। शनिवार को महिला को मायके पक्ष के लोग अकबरपुर कुतकपुर में छोड गए। परिजन उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे रैफर कर दिया। उपचार के लिए ले जाते समय महिला की मौत हो गई थी। मायके पक्ष से जुडे एक व्यक्ति द्वारा हत्या की सूचना देने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ध्यानचंद जयंती पर दाऊ दयाल स्पोर्ट्स मैदान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के दाऊ दयाल स्पोर्ट्स मैदान में जिला स्तरीय अंडर-14 बालक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित की गई। आयोजन की शुरूआत 29 अगस्त से हुई थी, जो 31 अगस्त तक चली। आज प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम नमामि गंगे, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक सतेंद्र सिंह, एबीएसए उपेंद्र सिंह नारखी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और स्वास्थ्य का आधार है।

### स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने गणेश पंडाल ने किया संगीतमय सुंदरकांड

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। रविवार को आजाद रोड स्थित गणेश पंडाल में स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया।



सर्वप्रथम स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंगबाण, श्रीराम स्तुति के गायन से हुई। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने सुंदरकांड की चौपाइयों का अर्थसहित व्याख्यान किया। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने पाठ के बीच- बीच में सुंदर - सुंदर भजनों की छठा बिखरी। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने घर में पधारो गजाननजी, मेरे घर में पधारो, राजेश शंखधार ने सब देवों ने फूल बरसाए, महाराज गजानन आए और विशाल शर्मा ने हे दुखभंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार आदि भजनों की प्रस्तुति दी। पाठ के समापन पर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जेएन मिश्रा, रतन बाबू, अतुल सक्सेना, रमेश ग्रेवाल, नवीन यादव, प्रवीण यादव, शोभित लखानी, सौरभ चावला, ओमप्रकाश चावला, संजीव काका, अनिल कुमार अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पालीवाल महाविद्यालय के नए प्राचार्य बने प्रो. विशाल पाठक



नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर।

शिकोहाबाद । पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में आयोग से चयनित प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने अपने मूल पद पर वापिसी कर यहां से प्राचार्य पद को छोड़ दिया है । वो एसडी कॉलेज गाजियाबाद में प्रोफेसर पद पर वापस हो गए । इधर पालीवाल कॉलेज में प्राचार्य का पद रिक्त हो जाने के बाद कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विशाल पाठक को पाया प्राचार्य कॉलेज की प्रबंध समिति की मौजूदगी में बनाया गया है । इस अवसर पर निवर्तमान प्राचार्य प्रोफे. प्रवीण कुमार ने कहा कि नए प्राचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय निरंतर प्रगति करता रहे तथा विश्वविद्यालय में अग्रणी महाविद्यालय में अपना नाम बनाए रखे , यही उनकी कामना है । वहीं नवागत प्राचार्य डॉ विशाल पाठक ने कहा कि वो महाविद्यालय को ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्य करने का भरसक प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी संरक्षक के के पालीवाल, प्रबंधक राहुल पालीवाल, सचिव ओमप्रकाश पालीवाल, सह सचिव कमलकांत पालीवाल, पाली इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव मुद्गल, महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक नवीन पालीवाल, डॉ टी एच नकवी, राजीव अग्रवाल, डॉ प्रेम प्रभाकर, डॉ अजय कुमार, डॉ सुशील कुमार मिश्रा, एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ आरबी पाण्डेय, प्रवेंद्र कुमार मुद्गल आदि मौजूद रहे ।

# फतेहाबाद रोड पर अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

- थाना रसूलपुर पुलिस ने वसीम उर्फ वसीम चपटा को पकड़ा, 1 किलो 354 ग्राम गांजा बरामद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रसूलपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को फतेहाबाद रोड स्थित जीवन रेखा हॉस्पिटल के सामने खाली पड़ी दुकान के पास से पुलिस ने एक युवक को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वसीम अली उर्फ वसीम चपटा पुत्र निसार अली निवासी तेली वाली गली, मोहल्ला शीशग्रान, थाना रसूलपुर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 1 किलो 354 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद, अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 388/25 धारा 8/20 ठउढर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रेस क्लब के अध्यक्ष, पदाधिकारियों व सदस्यों का हुआ जोरदार स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद । जनपद में प्रेस क्लब के सदस्यों का रविवार को फिरोजाबाद क्लब में जोरदार सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आर हिंदुस्तान जे.के. न्यूज के जिला संवाददाता राजेंद्र चित्तौड़िया द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सम्मान समारोह के दौरान सभी सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और प्रेस क्लब की एकजुटता एवं मजबूती पर बल दिया। सभी ने मिलकर फिरोजाबाद प्रेस क्लब को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान आयोजकों द्वारा पहले प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का स्वाफा बांधकर व माला पहनाकर स्वागत किया उसके बाद पूरी कमेटी तथा अन्य इस सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया और समाज हित में सकारात्मक पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे ।

# थाना नारखी क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध मौत, फंदे से लटका मिला शव

- शादी को मात्र चार महीने हुए थे पूरे, मायके वालों को दी गई सूचना, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पति और ससुर को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र के गांव लतीपुर कोटला में शनिवार रात सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां 21 वर्षीय गीता पत्नी शिवम का शव कमरे में फंदे से लटका मिला।

जानकारी के अनुसार, गीता ने रात को कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने देखा और चीख पड़े। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। मृतका का मायका खेरिया खुर्द में है। गीता की शादी को अभी सिर्फ चार महीने हुए थे। ससुरालीजन भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश गिरी ने बताया कि मायके वालों को सूचना दी गई है। सूचना पर आए मायका पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पाँच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में पति शिवम उर्फ देश दीपक पुत्र राजेश पाल सिंह और ससुर राजेश पाल सिंह पुत्र स्व0श्री गवेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम लतीपुर कोटला थाना नारखी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।



मृतक गीता का फाइल फोटो

# टूंडला में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना, किसानों के चेहरे खिले

## बारिश से गर्मी से मिली राहत, लेकिन कई जगह जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



टूंडला। टूंडला नगर में शनिवार रात्रि से शुरू हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। लंबे समय से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश से किसानों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि खेतों में पानी भरने से खरीफ की फसल को फायदा होगा। हालांकि, लगातार हुई तेज बारिश से नगर की कई गलियों और मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ा। नगर पालिका प्रशासन द्वारा जलनिकासी के प्रयास जारी हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिन तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम सुहावना होने से लोगों ने घरों की बालकनियों और गलियों में बैठकर ठंडी हवाओं का आनंद लिया।

# फिटनेस हेतु योगा थीम के साथ त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।

सिरसागंज । राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,सिरसागंज में क्रीडा विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के त्रिदिवसीय आयोजन का समापन योग करा कर किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्राओं को योग का जीवन में महत्त्व समझाया।



डॉ अभिषेक प्रकाश ने योग गुरु के रूप में महाविद्यालय की छात्राओं को योग कराते हुए विभिन्न योगासनों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने फिटनेस हेतु योगा थीम के अंतर्गत योग और खेल का महत्त्व समझाते हुए छात्राओं को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के विषय में बताया। कार्यक्रम का आयोजन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राधेश्याम सिंह, डॉ सुरेश चंद, डॉ आशुतोष कुमार राय, डॉ सोनल भार्गव, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. कृष्ण मोहन पाठक, अतुल भदोरिया, राम शंकर सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बारिश में भी सांसद अक्षय यादव पहुंचे पीड़ित परिवार से मिलने

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



- मासूम की हत्या पर जताया दुख, हर संभव मदद का भरोसा; प्रशासन से आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

फिरोजाबाद। थाना क्षेत्र रजावली के गढ़ी पांडे गाँव में मासूम की हत्या प्रकरण को लेकर रविवार को फिरोजाबाद सांसद अक्षय यादव मृतका के परिजनों से मिलने पहुँचे। तेज बारिश के बावजूद गाँव पहुँचकर सांसद ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामसेवक, सतेंद्र बघेल, महाराज सिंह धनगर, अविनाश दिवाकर, मोहम्मद फहीम (नगर अध्यक्ष, टूंडला), डॉ. रामवीर सिंह, कमलेश यादव, इंदुमती यादव और डॉ. रूमा यादव भी मौजूद रहे। सांसद अक्षय यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की जाए और परिवार की सुरक्षा के साथ आर्थिक सहयोग भी सुनिश्चित किया जाए।

# ब्रिक्स देशों के खिलाफ ‘भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों’ का विरोध करते हैं रूस, चीन : पुतिन

**तियानजिन, (भाषा)** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस एवं चीन ने ब्रिक्स सदस्य देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले ‘‘भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों’’ के खिलाफ एक साझा रुख अपनाया है।

शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां पहुंचे पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ‘शिन्हुआ’ से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि रूस और चीन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ब्रिक्स की क्षमता को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं।



रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि मॉस्को और बीजिंग ब्रिक्स सदस्यों और समग्र विश्व के ‘‘सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के विरुद्ध एक साझा रुख’’ अपनाते हैं।

पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं। ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आयोजित शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन से मुलाकात करेंगे। पुतिन ने कहा कि रूस और चीन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सुधार का समर्थन करते हैं। शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ वार्ता करने के अलावा, पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले परेड में भी शामिल होंगे।

पुतिन ने आशा व्यक्त की कि एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन 10-सदस्यीय संगठन को नयी शक्तिशाली गति देगा और समकालीन चुनौतियों एवं खतरों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा तथा साझा यूरेशियाई क्षेत्र में एकजुटता को मजबूत करेगा।



## ओली ने उठाया भारत-चीन लिपुलेख व्यापार मार्ग का मुद्दा

**तियानजिन/काठमांडू, (भाषा)** नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने शनिवार को तियानजिन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने के लिए भारत और चीन के बीच हुए समझौते पर आपत्ति जताई। नेपाल के सचिवालय ने यह जानकारी दी।

# ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ अभियान की निंदा की

**कैनबरा, (भाषा)** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में चलाए जा रहे अभियानों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार का कहना है कि इस 'नस्लवाद और जाति पर आधारित अति-दक्षिणपंथी सक्रियता' के लिए देश में कोई स्थान नहीं है। एक समूह की वेबसाइट के अनुसार, आव्रजन के खिलाफ मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया नामक रैलियां सिडनी, मेलबर्न, ब्रिस्बेन, कैनबरा, एडिलेड, पर्थ, होबार्ट आदि स्थानों पर आयोजित की गईं।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा था कि प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की सरकार सप्ताहांत के लिए नियोजित इन रैलियों के खिलाफ है।



सरकार ने एक बयान में कहा, ‘‘सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, हमारे समुदाय में सुरक्षित और स्वागतयोग्य महसूस करने का अधिकार है।’’ गृह मंत्री टोनी बर्क ने कहा, ‘‘हमारे देश में उन लोगों के लिए कोई जगह नहीं है जो हमारी सामाजिक एकता को बांटना और कमज़ोर करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया इसे सहन नहीं करेगा।’’ ऑस्ट्रेलिया के बहुसांस्कृतिक मामलों की मंत्री ऐनी एली ने कहा, ‘‘ बहुसंस्कृतिवाद हमारी राष्ट्रीय पहचान का एक अभिन्न और मूल्यवान हिस्सा है।’’

हम सभी आस्ट्रेलियाई लोगों के साथ खड़े हैं, चाहे वे कहीं भी पैदा हुए हों, उन लोगों के खिलाफ खड़े हैं जो हमें बांटना चाहते हैं और प्रवासी समुदायों को डराना चाहते हैं।

# मैक्रों के फैसले से इजराइल एवं अमेरिका नाराज



**पेरिस, (एपी)** फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है।

इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, “फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।” मैक्रों ने कहा, “फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता।”इजराइल ने शुक्रवार को गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में अब तक 63,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और माल्टा ने कहा है कि वे 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के दौरान फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के अपने संकल्प को औपचारिक रूप देंगे। न्यूजीलैंड, फिनलैंड और पुर्तगाल सहित कुछ अन्य देश भी इसी तरह के कदम पर विचार कर रहे हैं।

## इंडोनेशिया के क्षेत्रीय संसद भवन में भीड़ ने आग लगाई

**जकार्ता, (एपी)** इंडोनेशिया की एक प्रांतीय राजधानी में गुस्साई भीड़ ने स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य झुलस गए। दक्षिण सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सर में शुक्रवार देर रात आग लगा दी गई। टेलीविजन पर खबरों में दिखाया गया कि प्रांतीय परिषद की इमारत रात भर जलती रही। स्थानीय आपदा अधिकारी फदली ताहर ने बताया कि बचावकर्मियों ने शनिवार सुबह तक तीन शव बरामद किए, जबकि इमारत से कूदने के बाद पांच लोगों को जलने या हड्डियां टूटने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पश्चिमी जावा के बांडुंग शहर में प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को एक क्षेत्रीय संसद को भी आग के हवाले कर दिया, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सुरबाया में प्रदर्शनकारियों ने बाड़बंदी तोड़ने और वाहनों में आग लगाने के बाद क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय पर धावा बोल दिया। इंडोनेशिया की राजधानी में शनिवार को काफी हद तक शांति लौट आई, क्योंकि अधिकारियों ने जली हुई कारों और प्रदर्शनकारियों के गुस्से की चपेट में आए।

### पिछले एक साल के दौरान, अत्याचारों की भयावहता वास्तव में भयावह है।

# बांग्लादेश को धर्मनिरपेक्ष आदर्शों, धार्मिक भेदभाव में से एक को चुनना होगा: बांग्लादेशी सांसद

नयी दिल्ली, (भाषा) बांग्लादेशी सांसद पंकज नाथ ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश ‘‘अब चौराहे पर खड़ा है’’ और देश को यह तय करना होगा कि क्या वह अपने धर्मनिरपेक्ष आदर्शों पर लौटना चाहता है या उस रास्ते पर चलना जारी रखना चाहता है, जिससे ‘‘धर्म के आधार पर भेदभाव और सांस्कृतिक विलुप्ति’’ का खतरा है।

बांग्लादेश में ‘‘हिंदू संकट’’ पर ‘ह्यूमन राइट्स डिफेंस इंटरनेशनल’ (एचआरडीआई) की ओर से आयोजित एक ‘वेब कॉन्फ्रेंस’ में नाथ ने अपने देश की स्थिति को चिंताजनक बताया। नाथ ने कहा, ‘‘पिछले एक साल के दौरान, अत्याचारों की भयावहता वास्तव में भयावह है।’’ उन्होंने दावा किया कि अगस्त 2024 से हत्या, बलात्कार, भूमि हड़पने तथा हिंदू घरों, व्यवसायों और मंदिरों पर हमलों की



3,000 से अधिक घटनाएं हुई हैं।

नाथ ने कहा कि बांग्लादेश अब एक चौराहे पर खड़ा है। उन्होंने कहा, ‘‘वह धर्मनिरपेक्ष दुनिया के उन आदर्शों की ओर लौटना चुन सकता है, जिन पर उसकी स्थापना हुई थी, या वह उस रास्ते पर चल सकता है, जिसने पहले ही अन्य देशों को धर्म के आधार पर भेदभाव और सांस्कृतिक विलुप्ति की ओर धकेल दिया है।’’ नाथ ने बीएनपी-जमात कार्यकर्ताओं और कट्टरपंथी समूहों पर ‘‘सरकारी संरक्षण की आड़ में’’ हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाया, जबकि कानून प्रवर्तन एजेंसियां ‘‘चुप’’ रहीं।उन्होंने कहा कि दशकों से चले आ रहे भेदभाव ने हिंदू समुदाय को राजनीतिक रूप से अदृश्य बना दिया है।

नाथ ने कहा, ‘‘एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी के बावजूद, संसद और सरकारी निकायों में हिंदू प्रतिनिधियों का अनुपात कम रहा है।’’ उन्होंने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ दंगे भड़काने के लिए मनगढ़ंत ऑनलाइन सामग्री का इस्तेमाल बढ़ रहा है।

नाथ ने विशेष अल्पसंख्यक सुरक्षा अधिनियम, अल्पसंख्यक आयोग और हिंदुओं के लिए आरक्षित संसदीय सीटों सहित तत्काल संस्थागत सुधारों का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ‘‘सभी सरकारी क्षेत्रों में भर्ती और सशक्तीकरण सुनिश्चित करके, हम अल्पसंख्यकों को वास्तव में सशक्त बना सकते हैं।’’ आज सवाल यह नहीं है कि क्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक खतरे में हैं। वे स्पष्ट रूप से खतरे में हैं। मुद्दा यह नहीं है कि क्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का सफाया होगा, बल्कि यह है कि कितनी तेजी से होगा।’’ अन्य वक्ताओं ने भी समान चिंताएं व्यक्त कीं। एचआरडीआई के महासचिव राजेश गोगना ने स्थिति को ‘‘मानवाधिकार आपातकाल’’ बताते हुए कहा कि हिंसा की हर लहर के बाद पलायन हुआ है। उन्होंने कहा, ‘‘जब हिंदू मंदिरों को जलाया गया और तोड़फोड़ की गई, तो पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे थे। यह प्रशासनिक चुप्पी मिलीभगत है।’’ ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव प्रोबीर सरकार ने देश के शैक्षणिक संस्थानों में ‘‘संस्थागत भेदभाव’’ को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा, ‘‘2009 से पहले, हमारे विश्वविद्यालय में लगभग 50 अल्पसंख्यक शिक्षक थे। लेकिन अगस्त 2024 के बाद, हमने सैकड़ों शिक्षकों को दबाव में इस्तीफा देने के लिए मजबूर होते देखा है।’’ सरकार ने आगाह किया कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों में अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व में गिरावट है।

## खेल एक्सप्रेस

### संक्षिप्त खबरें



## भांबरी और वीनस की शानदार जीत, बोपन्ना और काधे बाहर

**न्यूयॉर्क, (भाषा)** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने यहां मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की अमेरिकी जोड़ी को करारी शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए। भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। उन्होंने अपनी विरोधी टीम को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया और मैच में सिर्फ तीन गेम गंवाए। भांबरी और वीनस ने पहले सेट में एक भी गेम नहीं गंवाया और दूसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखा। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस जल्दी ही तोड़ दी और आसानी से मैच अपने नाम किया। भारत के स्टार खिलाड़ी बोपन्ना और मोनाको के उनके जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो शनिवार की रात को खेले गए मैच में रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी से मात्र एक घंटे पांच मिनट में 4-6, 3-6 से हार गए। कैश और ट्रेसी ने शानदार प्रदर्शन किया और ब्रेक प्वाइंट को प्रभावी ढंग से भुनाया। इस बीच अमेरिकी ओपन में पदार्पण कर रहे काधे और उनके जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो का मुकाबला मैट पैविक और मार्सेलो अरेवालो की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से था। काधे और हिडाल्गो ने पहला सेट जीतकर दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को थोड़ा परेशान किया, लेकिन आखिर में 7-5, 6-7(4), 4-6 से हार गए।

## पाकिस्तान की यूएई पर जीत में चमके अयूब और नवाज

**शारजाह, (एपी)** सैम अयूब और हसन नवाज के तूफानी अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल हैं। कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज़ (21 रन देकर दो विकेट) ने भी किफायती गेंदबाजी की, जबकि सलमान मिर्जा और अयूब ने एक-एक विकेट लिया। दोनों टीमें नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में कम से कम एक बार फिर से आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की तीसरी टीम अफगानिस्तान है।

### भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक

# विश्व चैंपियनशिप: सात्विक-चिराग ने कांस्य पदक के साथ अभियान का समापन किया

**पेरिस, (भाषा)** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया।

भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो



बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था।

सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। हार के बाद चिराग ने कहा, ‘‘हम लय हासिल नहीं कर पाए। हमने (तीसरे गेम में) आसान अंक गंवा दिए। हमें थोड़ा और समझदारी दिखानी चाहिए थी। लेकिन, इसका श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने तीसरे गेम की शुरुआत से ही अच्छी सर्विस की। हम फाइनल में नहीं पहुंच पाए लेकिन कुल मिलाकर यह टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहा।’’

सात्विक ने कहा, ‘‘वे पिछले मैचों की तुलना में अधिक आत्मविश्वास के साथ खेले। वे हमारी तुलना में अधिक सहज होकर खेल रहे थे। पहले गेम में भले ही हम आगे थे फिर भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे थे। मुझे लगता है कि हमने पिछले मैचों में यही किया था।’’

सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली।

सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के ज़बरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की और निर्णायक गेम में प्रवेश किया।



## पेरिस ओलंपिक में पदक जीत जाती, तो संन्यास ले लेती: लवलीना

**नयी दिल्ली, (भाषा)** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। रिंग से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपनी अकादमी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्घाटन जून में गुवाहाटी में हुआ। लवलीना ने पीटीआई से कहा, ‘‘जब मैंने अपनी अकादमी शुरू करने के बारे में सोचा तो मैंने पेरिस तक खेलने की योजना बनाई थी और उसके बाद मैं संन्यास ले सकती थी लेकिन पेरिस में नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था। अगर मैं वहां पदक जीत लेती तो खेल को अलविदा कह सकती थी।’’ फ्रांस की राजधानी में 27 वर्षीय लवलीना लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन महिला मिडिलवेट (75 किग्रा) वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की चैंपियन ली कियान से हार गई।लवलीना से जब पूछा गया कि क्या 2028 में होने वाले ओलंपिक खेल उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है, उन्होंने कहा, ‘‘हां ऐसा संभव है।

## सिनर ने चार सेट में जीत के बाद कहा, मैं कोई मशीन नहीं हूं

**न्यूयॉर्क, (एपी)** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। ‘‘मैं कोई मशीन नहीं हूं और आप सब यह जानते हैं। मुझे भी कभी-कभी संघर्ष करना पड़ता है। मुझ पर भी दबाव होना स्वाभाविक है। आपको मैच के अनुसार सामंजस्य बिठाना पड़ता है।’’ इटली के इस खिलाड़ी ने इस तरह से हार्डकोर्ट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना कज़ाकिस्तान के 23वें नंबर के एलेक्ज़ेंडर बुब्लिक से होगा।

### इन दोनों पूर्व चैंपियन के बीच इससे पहले अमेरिकी ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था

# कोको गॉफ़ और नाओमी ओसाका चौथे दौर में होंगी आमने-सामने

**न्यूयॉर्क, (एपी)** कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने शनिवार को जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका आमना सामना होगा। इन दोनों पूर्व चैंपियन के बीच इससे पहले अमेरिकी ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था। ओसाका तब मौजूदा चैंपियन थी और उन्होंने 15 साल की गॉफ़ को सीधे सेटों में हरा दिया था। गॉफ़ इस हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाई थी और ओसाका ने उन्हें सांत्वना दी थी।

ओसाका ने शनिवार को कहा, ‘‘मैं उसे एक छोटी बहन की तरह मानती हूं, इसलिए यहां उसके साथ दोबारा खेलना अच्छा है।’’ ओसाका 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद



पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंची हैं। उन्होंने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले गॉफ़ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई। गॉफ़ ने कहा, ‘‘नाओमी और मैं बहुत ज़्यादा करीब तो नहीं हैं, लेकिन हम एक-दूसरे के साथ दोस्ताना ज़रूर हैं। मैं दूर से ही कोर्ट के अंदर और बाहर उनके हर काम में उनका साथ देती हूं। उम्मीद है कि इस बार मैं उनके खिलाफ परिणाम अपने पक्ष में करने में सफल रहूंगी।’’

इस बीच 45 वर्षीय वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने उलरिके ईकेरी और एरी होज़ुमी को 7-6 (1), 6-1 से हराकर महिला युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। वीनस 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के युगल में खेल रही हैं। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पिछले साल के क्वार्टर फ़ाइनल के बाद पहली बार न्यूयॉर्क में कोई सेट गंवाया, लेकिन फिर खुद को संभालते हुए 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव पर 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से जीत हासिल की।

कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्ज़ेंडर ज़ेवरेव को हराया। दसवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी ने इटली के अपने हम वतन खिलाड़ी फ़्लावियो कोबोली के दाहिने हाथ में दर्द के कारण मैच से हट जाने के कारण अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला वर्ग में इगा स्वियातेक भी अंतिम 16 में पहुंच गई हैं। उन्होंने पहले सेट में 5-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। करोलिना मुचोवा ने भी चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है।

नई दिल्ली, सोमवार 1 सितंबर 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




दयाशंकर सिंह ने सिद्धपीठ हथियाराम मठ परिसर, जखनियां, जनपद गाजीपुर में महामंडलेश्वर महंत पवाहारी श्री भवानी नन्दन यती जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर उपस्थित होकर कुशल भेंट एवं जन्मदिन की हार्दिक बधाई दिया। साथ ही साथ बुढ़िया माई का पूजन अर्चन कर सबके कल्याण की कामना की।






## सागर टीएमटी के सौजन्य से नवम 'अग्र अलंकरण समारोह' का भव्य आयोजन किया गया

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सानिध्य में हुआ संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रायपुर, छत्तीसगढ़** । सागर टीएमटी के सौजन्य से आयोजित नवम अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। यह प्रतिष्ठित समारोह हर वर्ष समाज के प्रख्यात व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करने हेतु आयोजित किया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में *डॉ. रमन सिंह (विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन)* ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि, देश के आर्थिक विकास में, अर्थव्यवस्था में विश्व में चौथे स्थान पर , यदि भारत का स्थान है तो उसमें अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान है ।

समाज ने अपनी प्रतिभाओं का सम्मान कर इस कदम को और आगे बढ़ाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप मित्तल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, अग्रवाल समाज सदैव से सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करते आया है, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, सेवा के जितने भी प्रकल्प हैं वे सभी सर्वहारा वर्ग की सुविधाओं के लिए हैं, सेवा की अलख जगाने वाला हमारा समाज है।उनके साथ मंच पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, श्री गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष),श्री संपत अग्रवाल (विधायक, बसना विधानसभा क्षेत्र),श्री सियाराम अग्रवाल (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, प्रांतीय अध्यक्ष, डॉ. अशोक अग्रवाल, साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कई गणमान्य अतिथि भी इस समारोह में उपस्थित रहे,

श्री महेन्द्र सक्सरिया (संरक्षक) श्री अशोक मोदी (राज्य चेयरमैन) श्री नेतराम अग्रवाल (संरक्षक) श्री राजेन्द्र अग्रवाल , प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्षदीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

यह समारोह लगातार 9वें वर्ष सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अग्र अलंकरण का विशेष उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के 18 गोत्रों की गौरवशाली परंपरा को स्मरण कर समाज के 18 श्रेष्ठ विभूतियों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित करना है।इस वर्ष भी कुल 27 विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके सामाजिक, शैक्षणिक, व्यावसायिक, साहित्यिक, खेल, प्रशासनिक (IAS, IPS, CA, CS आदि) एवं परोपकारी कार्यों के लिए अलंकृत किया गया।प्रत्येक पुरस्कार किसी न किसी समाजसेवी परिवार द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में प्रायोजित किया गया।





## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सियाराम अग्रवाल एवं विधायक बसना श्री संपत अग्रवाल की विशिष्ट उपस्थिति में दिए गए पुरस्कार

पुरस्कार स्वरूप सभी सम्मानित विभूतियों को *अग्रसेन माला, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न एवं 11,000 की सम्मान राशि* भेंट की गई।

**उल्लेखनीय पुरस्कार**

समारोह में दिए गए प्रमुख अलंकरण निम्न रहे:अग्र दीप सम्मान अग्र गौरव सम्मान, अग्र शिरोमणि सम्मान, अग्र दानी सम्मान, अग्र मित्र सम्मान**अग्र भूषण सम्मान अग्र श्री सम्मान अग्र धनवंतरी सम्मानअनेक अन्य अलंकरण, जिनमें पराक्रम, समाजसेवा, व्यापार, शिक्षा, खेलकूद एवं विशेष उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया।

**अतिथियों के विचार**

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह* ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि, ''महाराजा अग्रसेन जी की परंपरा हमें समाज में समानता, सहयोग और सेवा की प्रेरणा देती है। आज यहां सम्मानित विभूतियां केवल अग्रवाल समाज ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और भारतवर्ष का गौरव हैं।''

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल* ने कहा कि,''अग्र अलंकरण समारोह समाज की जड़ों को मजबूत करने वाला एक प्रयास है। यह कार्यक्रम युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने वाला है।''

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप मित्तल* ने कहा:''अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन को गर्व है कि छत्तीसगढ़ की धरा पर इतना भव्य आयोजन लगातार नौ वर्षों से सफलतापूर्वक हो रहा है। यह पूरे देश के लिए एक आदर्श है।''

डॉ. अशोक अग्रवाल (राज्य अध्यक्ष, छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन)* ने कहा:''यह अलंकरण केवल एक सम्मान नहीं बल्कि समाज की सामूहिक चेतना और संस्कृति की पहचान है।''

रायपुर जिला अग्रवाल संगठन एवं रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन के आतिथ्य में यह पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ अग्र अलंकरण की संयोजिका डॉक्टर अनीता मोहनलाल अग्रवाल, सहसंयोजक पंकज अग्रवाल डॉक्टर निर्मल अग्रवाल ने पूरे आयोजन की रूपरेखा रखी, प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने मंच संचालन किया।

रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष हरिकेश पालीवाल सचिव गोविंद अग्रवाल, महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, संरक्षिका अनीता अग्रवाल, सचिन सारिका खेतान कोषाध्यक्ष संतोष दिनोदिया शाहिद उनकी पूरी टीम ने प्रदेश के दूरस्थ स्थानों सेआए हुए सभी संगठन के पदाधिकारी का अग्रवाल समाज के अध्यक्षों का शानदार स्वागत किया।

सभी ने इस आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। सभी ने कहा कि अग्र अलंकरण समारोह ने अग्रवाल समाज की गौरवशाली परंपराओं को पुनः जीवंत किया। समारोह का समापन करते हुए आभार प्रदर्शन श्री सुनील अग्रवाल बॉबी ने समाज की एकता एवं प्रगति के संकल्प के साथ किया।

# उत्तर प्रदेश में विमुक्त और घुमंतू जातियों के लिए गठित होगा विशेष बोर्ड: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रदेश सरकार घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। साथ ही इन जातियों के लोगों को कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम किया जाएगा।

योगी ने विमुक्त जाति दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियां देश की वह वीर जातियां हैं जिन्होंने विदेशी हमलों के समय योद्धा के रूप में संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि इन जातियों ने कभी मुगलों के खिलाफ तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ लड़ाई लड़ी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने इनके पराक्रम से भयभीत होकर वर्ष 1871 में अपराधी जनजाति अधिनियम लागू किया और इन जातियों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया। स्वतंत्रता के बाद भी 1952 तक यह कलंक इन पर लगा रहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को इन जातियों को इससे मुक्ति मिली।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'विमुक्त जाति दिवस' उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब इन समुदायों को आजादी के मायने समझ आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार पूरी ईमानदारी से विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में शिक्षा और आवास की दिशा में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नौ जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं। यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया, मताधिकार का अधिकार दिया, उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं संचालित की गईं।

## ल्ली सरकार दिवाली से पहले व्यापारियों को 1,600 करोड़ रुपये के लंबित जीएसटी रिफंड वितरित केरगी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 2019 से लंबित लगभग 1,600 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड व्यापारियों को दिवाली से पहले जारी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री गुप्ता ने रविवार को सिविल लाइंस स्थित अपने कैंप कार्यालय में जीएसटी विभाग की एक विशेष बैठक बुलाई, जिसमें जीएसटी आयुक्त नंदिनी पालीवाल, वित्त सचिव शूरवीर सिंह और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछली (आम आदमी पार्टी सरकार) सरकार इस लंबित राशि के निपटान के लिए कोई ठोस उपाय करने में विफल रही। गुप्ता ने निर्देश दिया कि दिवाली से पहले व्यापारियों को पूरी रिफंड राशि वितरित की जाए। उन्होंने कहा कि रिफंड प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए दिल्ली जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है।

# हिंडालको के सामाजिक कार्य सराहनीय: डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रेणुकूट**। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने हिंडालको के सामाजिक कार्यों को सराहनीय बताया। हिंडालको के महाप्रबंधक यशवंत कुमार और प्रमोद कुमार ने राज्य सूचना आयुक्त का स्वागत किया।

उन्होंने अवगत कराया कि हिंडालको द्वारा पांच प्रकार से सेवा प्रकल्प चलाए जा रहा हैं। इस वर्ष हिंडालकोरेणुकूट को नगर एवं आसपास के इलाकों में जल संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने को लेकर रोटरी सीएसआर अवार्ड से सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को पुणे महाराष्ट्र में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कमांडेंट एनडीए पुणे वाइस एडमिरल गुरचरन सिंह ने दिया था।

राज्य सूचना आयुक्त ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हिण्डाल्को जल सरंक्षण के कार्य पिछले कई दशक से कर रहा है। इसके अंतर्गत जिन क्षेत्रों में गर्मियों के दौरान जल की कमी हो जाती थी, वहां जल संरक्षण के प्रभावी कार्य किए गया।



सोनभद्र जनपद के दुद्धी,म्योरपुर एवं बभनी ब्लॉक के गांवों में जल संरक्षण के लिए कार्य किया गया है। चेक निर्माण,बॉवली निर्माण, तालाब गहरीकरण,तालाब में रिटेनिंग वॉल आदि का निर्माण कराया गया। प्रतिवर्ष हिण्डाल्को समुदायिक विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों में जल संरक्षण की परियोजनाओं को प्रमुख स्थान है।

जल प्रबंधन के इन कार्यों से क्षेत्र में न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि किसानों को खेती के लिए वर्ष भर पानी की भी उपलब्धता हो गई है।

## कालकाजी मंदिर हत्याकांड: शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीम गठित

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने कालकाजी मंदिर में 35 वर्षीय सेवादार की हत्या के मामले में शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई टीम गठित की हैं।

सेवादार योगेंद्र सिंह की शुक्रवार रात प्रसाद वितरण को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है, जिनमें मुख्य आरोपी अतुल पांडे भी शामिल है, जिसे स्थानीय लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया था। चार अन्य लोगों, मोहन उर्फ भूरा, उसके चचेरे भाई कुलदीप बिधूड़ी, नितिन पांडे और उसके पिता अनिल कुमार को शनिवार को गिरफ़्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने कहा, ''हमले में कथित रूप से शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।'' उन्होंने कहा कि शेष संदिग्धों को पकड़ने के लिए कई समर्पित टीम बनाई गई हैं, जो सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण और लोगों से पूछताछ कर रही हैं।

# मान ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर 60 हजार करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया

**चंडीगढ़**, (भाषा) पंजाब में दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ से राज्य की दुर्दशा को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा और उनसे राज्य के लिए 60,000 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि यह राशि केंद्र के पास अटकी हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में मान ने कहा कि पंजाब इस समय दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ आपदा से जूझ रहा है, जिससे लगभग 1,000 गांव और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ कम से कम 50,000 रुपये का मुआवजा देना चाहते हैं। मान ने कहा कि वर्तमान में लगभग तीन लाख एकड़ कृषि भूमि, मुख्य रूप से धान के खेत, बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं, जिससे कटाई से कुछ सप्ताह पहले ही फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, पशुधन की व्यापक क्षति हुई है, जिसका ग्रामीण परिवारों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, जिनकी आजीविका डेयरी और पशुपालन पर निर्भर है।'' विस्तृत जानकारी देते हुए मान ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन और मूल्य वर्धित कर (वैट) व्यवस्था से परिवर्तन के कारण राजस्व का अनुमानित स्थायी नुकसान 49,727 करोड़ रुपये है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए ''केंद्र सरकार द्वारा कोई मुआवजा नहीं दिया गया है''।



पत्र में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में आरडीएफ (ग्रामीण विकास निधि) और एमडीएफ (मंडी विकास निधि) में कटौती के कारण घाटा बढ़कर 8,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मान ने यह भी बताया कि केंद्र ने हाल में पंजाब में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की 828 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को रद्द कर दिया है। उन्होंने लिखा, ''इससे लंबे समय में राज्य की ग्रामीण कनेक्टिविटी पर बुरा असर पड़ सकता है।'' उन्होंने कहा, ''पंजाब भीषण बाढ़ के कारण कठिन समय का सामना कर रहा है।

## सीआईएसएफ आज से अपने कर्मियों के लिए समर्पित कल्याण पोर्टल शुरू करेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) अपने कर्मियों को तीव्र, पारदर्शी और आसानी से सुलभ कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक सितंबर से एक पोर्टल शुरू करेगा।

बल के सदस्य पोर्टल के माध्यम से सीधे ऋण, छात्रवृत्ति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के लिए आवेदन कर सकेंगे। सीआईएसएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एक सितंबर से सीआईएसएफ एक विशेष पोर्टल शुरू करेगा, जिसके माध्यम से अपने कर्मियों को तेज, पारदर्शी और आसानी से सुलभ कल्याण सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह पोर्टल मौजूदा मैनुअल प्रणाली की जगह लेगा, जिसके तहत अब तक वित्तीय कल्याण से जुड़ी मांगों का निपटारा किया जाता था।

# योगी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में भाजपा विधायक के भाई पर छह मुकदमे दर्ज

**गोरखपुर** (उप्र), (भाषा) गोरखपुर के पिपराइच से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक महेंद्र पाल सिंह के भाई के विरूद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में कुल छह मुकदमे दर्ज किये गये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भाजपा विधायक महेंद्र पाल सिंह के भाई भोलेंद्र पाल सिंह ने गत बृहस्पतिवार की रात मुख्यमंत्री, उनके ओएसडी और भाजपा विधायक विपिन सिंह के खिलाफ फेसबुक पर कथित तौर पर अपमानजनक पोस्ट किया।

अधिकारियों ने बताया कि इन मामलों को लेकर भोलेंद्र के खिलाफ तीन दिनों के भीतर चार थानों में छह मुकदमे दर्ज किये गये हैं। बृहस्पतिवार को देर रात की गई यह पोस्ट वायरल हो गई जिसे बाद में उनके परिवार ने डिलीट कर दिया।



महेंद्र पाल सिंह ने रविवार को इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि उनके भाई एक अरसे से उनसे अलग रहते हैं। उन्होंने कहा, ''हम पिछले 20-25 सालों से अलग रह रहे हैं। फिर भी, उनका मुझसे खून का रिश्ता है। मैं उनके बयान के लिए मुख्यमंत्री और उनके ओएसडी से माफी मांगता हूं। इसके पीछे एक साजिश भी हो सकती है, क्योंकि कुछ लोग, जो जनता के लिए मेरे काम का विरोध करते हैं, मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।''

महेंद्र सिंह ने कहा कि भोलेंद्र पाल सिंह को शराब के नशे में उकसाया गया होगा। उन्होंने उन्हें उकसाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पिछले तीन दिनों में मेरे भाई के खिलाफ पांच मामले दर्ज किए गए हैं। मैंने इस मुद्दे पर अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया है। मैंने यह भी कहा है कि जो व्यक्ति कानून तोड़ता है, उसे कानून की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।''

भाजपा विधायक ने कहा कि उनके भाई परिवार में किसी की नहीं सुनते थे और इसी वजह से 25 साल पहले उन्होंने अपने भाई से नाता तोड़ लिया था। महेंद्र पाल सिंह ने कहा, ''मेरे भाई ने पहले भी फेसबुक पर मेरा अपमान किया था।'' पुलिस अधिकारियों के अनुसार भोलेंद्र पाल सिंह के खिलाफ साइबर अपराध थाने, पिपराइच थाने, रामगढ़ ताल थाने और खोराबार थाने में मामले दर्ज किए गए हैं।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।